रूप है॥ जेते कछु दुःख हैं॥ तिनकी खाण अहंकार है॥ जब
लग अहंकार होता है॥ तब लग आधि पीडा पडी उपजती
है॥ उतपति होती है॥ तिनका अभाव कदाचित नहीं होता॥
हे मुनीश्वर जो कछु मय अहंकार सहित भोजन कीया है
अरु जो पुन्य कीया है॥ जो कछु लीया है॥ इत्यादिक क्रिया
जो कछु करी है॥ सो सभ व्यर्थ है॥ इसकर परमार्थ सिद्ध क
छु नहीं होता॥ जैसे अग्नि की राष विषे आहूती पाई व्यर्थ
होती है॥ तैसे अहंकार साथ क्रिया करी व्यर्थ होती है॥ जेते
कछु दुःख हैं॥ तिनका बीज अहंकार है॥ जब अहंकार
नास होवे॥ तब कल्याण होवे॥ तां ते सोई उपाव मुझको क
हो॥ जिसकर अहंकार निवर्त होवे॥ हे मुनीश्वर जो वस्तु सत्
होती है॥ तिसके त्यागणे विषे यत्न नहीं होता है॥ अरु जो वस्तु
ही न होवे॥ जतनकर के नासे॥ तिसके त्यागणे ते परम संपदा
प्राप्त होती है॥ अंतर रूपी चंद्रमा है॥ तिसके आछादने हारा
अहंकार राहु है॥ जैसे दैत्यरूप राहु चंद्रमा को ग्रास लेता

कुंडलर

है ॥ तब उसको सीतलता अरु प्रकास आछादया जाता है ॥ तैं
से जब अहंकार उपजता है ॥ तब सांति समता आछादी जाती है ॥
जब अहंकार रूपी मेघ आनि गर्जता है अरु वर्षा करता है ॥ त
ब तृष्णा रूप जो कटुक मंजरी है ॥ सो वरधती जाती है ॥ जब अ
हंकार का नास होवे ॥ तब तृष्णा का भी नास हो जाता है ॥ जैसे जब
लग मेघ है ॥ तब लग बिजली है ॥ जब विवेक रूपी पवन क
र अहंकार रूपी मेघ का नास होवे ॥ तब तृष्णा रूपी बिजली का
भी अभाव हो जाता है ॥ जैसे जब लग तेल अरु बाती है ॥ तब लग
दीपक का प्रकास है ॥ जब तेल बाती का नास होता है ॥ तब प्रका
स का भी अभाव हो जाता है ॥ हे मुनीश्वर परम दुखों का कारण
अहंकार है ॥ जब अहंकार का नास होवे ॥ तब दुख भी मिट जा
ते हैं ॥ हे मुनीश्वर एह जो मैं राम हों सो नहीं ॥ इछा भी कछु नहीं
का हे तें जो मय नहीं ॥ तो इछा किसकी होवे ॥ जो इछा है तो इह है
जो अहंकार तें रहित पद की प्राप्त होवे ॥ जहां अहंकार का उथा
न न होवे ॥ जैसे जैनेंद्र कूया है तैसे मय होवों ॥ एहा मुजको इछा
है ॥ हे मुनीश्वर जैसे कमल को गडा नास करता है ॥ तैसे अहं
कार आतम ज्ञान को नास करता है ॥ जैसे धीवर जाल कर
मछों को बंधमान करता है ॥ तिस कर उह दीन हो जातीयां हैं
तैसे अहंकार रूपी धीवर ने तृष्णा रूपी जाल साथ जीवकूं
को बंधमान कर्या है ॥ तिस कर महा दीन हो गए हैं ॥ जैसे पंछी
चोग को सुख रूप जान कर चुगणें आवते हैं ॥ तब जाल साथ
बांधे जाते हैं ॥ तांते हे मुनीश्वर मुजको सोई उपाव कहो जि
स कर के अहंकार का नास होवे ॥ जब अहंकार का नास हो
वे ॥ तब मय परम सुखी होवोंगा ॥ हे मुनीश्वर आत्म रूपी सूर्य
है ॥ तिसके आगे आवर्ण करणे हारा बदल रूपी अहंका
र है ॥ जब ज्ञान रूपी सरत काल आवै ॥ तब अहंकार रूपी ब
दल का नास होवे ॥ अरु तृष्णा रूपी कुहीड़ का भी अभाव
हो जावै ॥ हे मुनीश्वर इह मय निश्चे कर देख्या है ॥ जो जहां
अहंकार है ॥ तहां सभ आपदा आन प्राप्त होती हैं ॥ जैसे स
मुद्र विषे सभ नदीयां जाइ प्रवेस करतीयां हैं ॥ तैसे अहंका
र कर सभ आपदा आन प्रवेस करती हैं ॥ तांते सोई उपाव

कहो जिसकर अहंकार का नास होवे॥ इति श्री वैराग्य प्रक
रणे अहंकार दुरासा वर्ननं नाम सर्गः॥ ९॥ रामोवाच॥
हे मुनीश्वर यह जो मेरा चित्त है॥ सो काम क्रोध लोभ मोह तृ
ष्णा आदिक दुःखों कर जर्जरीभाव होगया है॥ अरु महापु
रुषों के जो गुण हैं॥ वैराग्य विचार धीरज संतोष आदिक
तिन की ओर नहीं जाता॥ सर्वदा विषयों की ओर धावता रह
ता है॥ जैसे मोर पंख पवन के लागे तें ठहिरता नहीं॥ तैसे चित्त
सदा फटकता फिरता है॥ अरु लाभ कछु नहीं प्राप्त होता॥
जैसे स्वान द्वारे द्वारे फटकता फिरता है॥ तैसे इह चित्त पदा
र्थों की ओर फटकता है॥ जो कछु प्राप्त होता है तो उस विषे
संतोष नहीं करता॥ अंतर तृष्णा पड़ी जलावती है॥ जैसे
पिटार विषे जल पाया ठहिरता नहीं॥ तैसे पदार्थों ते तृप्त
कदाचित नहीं होता॥ सदा तृष्णा करता है॥ हे मुनीश्वर यह
चित्त रूपी महामोह का समुद्र है॥ तिस विषे तृष्णा रूपी तरं
ग पड़े उठते हैं॥ कदाचित स्थिर होने नहीं देते॥ जैसे नदी
के वेग कर तट के वृक्ष गिरते बहते जाते हैं॥ तैसे चित्त रूप
नदी विषे मैं बहता जाता हों॥ मेरा जो अचल स्वभाव था
सो चलायमान हूया है॥ अरु इस चित्त कर कै महा दीन हू
या हों॥ जैसे जाल विषे पड़ा पंखी दीन होता है॥ तैसे वासना
रूपी जाल विषे मैं पड़ा हूया दीन हूया हों॥ जैसे मृग डु
तें न्यारा मृग खेदवान होता है॥ तैसे मैं आतम पद तें न्यारा
चित्त कर खेदवान हूया हों॥ हे मुनीश्वर यह चित्त सदा खे
दवान रहता है॥ इस्थित कदाचित नहीं रहता॥ जैसे षीर स
मुद्र मंदराचल कर कै खेदवान हूया था॥ तैसे यह चित्त संक
ल्प विकल्प कर खेदवान करता है॥ हे मुनीश्वर इस चित्त मे
रे तांई दूर तें दूर डार्या है॥ जैसे तीक्षण पवन के चलने
कर सूका तृण दूर तें दूर जा पड़ता है॥ तैसे चित्त रूपी पव
न मुझको आतम आनंद ते दूर डार्या है॥ जैसे सूके तृण
को अग्नि जलावती है॥ तैसे मुझको चित्त जलाया है॥ जै
से अग्नि तें धूआं निकसता है॥ तैसे चित्त रूपी अग्नि तें

तृष्णारूपी धूंह निकसता है ॥ तिसकर मैं यपरम दुषकों
पावता हों ॥ इह मेरा चित्त हंस नहीं होता ॥ राजहंस जो है
सो दूध जल मिले हूये कों भिन्न भिन्न करता है ॥ तिसकी
न्याई मैं यअनात्मा साथ आत्मा न करकै मिल्या हूया हों ॥
तिसकों भिन्न भिन्न नहीं कर सकता ॥ जद्यपि आत्मपद
पावणे का यतन करता हों ॥ तो भी प्राप्त नहीं करणे देता
जैसे नदी का प्रवाह समुद्र कों चल्या जाता है ॥ तिसकों ब
न अवर और वहाय ले जाता है ॥ समुद्र की ओर जावणे
नहीं देता ॥ तैसे चित्त मुजकों आत्मपद की ओर तें रोक
ता है ॥ तातें इह परम शत्रु है ॥ इसतें सोई उपाव करो ॥ जि
स कर शत्रु नाश होवे ॥ इह अपणी इन्द्रियों तृष्णा साथ मिल
कर भोजन कर्त्ती है ॥ जैसे मृतक सरीर कों स्वान स्वानी
भोजन कर्ते हैं ॥ तैसे आत्मज्ञान तें रहित मैं यमृतक स
मान हों ॥ तिसकर मुज कों भोजन कर्ते है ॥ हे मुनीश्वर
बडे समुद्र कों पान करणा भी सुगम है ॥ अरु अग्नि कों
भक्षण करणा भी सुगम है ॥ अरु चित्त का जीतणा महा
कठन है ॥ सदा चलरूप है ॥ जैसे समुद्र अपने द्रवता
स्वभाव कों त्यागता कदाचित नहीं ॥ तैसे चित्त पदार्थों की
ओर धावता रहता है ॥ ठहिरता कदाचित नहीं ॥ जैसे सू
र्य के उदै होणे कर दिन उदै होता है ॥ अरु अस्ति होणे
कर रात्र होती है ॥ तैसे चित्त के उदै होणे कर त्रिलोकी
उदै होती है ॥ अरु चित्त के नष्ट होणे कर लीन हो जाती
है ॥ हे मुनीश्वर एक समुद्र है ॥ तिस विषे गंभीर जल है
तिस विषे बडे सर्प रहते हैं ॥ जब तिस विषे प्रवेस क
ता है ॥ तब उह सर्प इसकों देखते हैं ॥ तिसकर इसकों वि
ष चड जाती है ॥ तिसकर दुःख पावता है ॥ चित्तरूपी स
मुद्र है ॥ अरु वासनारूपी जल है ॥ तिस विषे भोगरूपी
सर्प है ॥ जब इह उनके निकट जाता है ॥ तब भोगरूपी
सर्प इसकों देखते हैं ॥ तब विष इसकों चड जाती है ॥ हे मु

७

17 नीश्वर जिस भोगों को इह सुषरूप जान कर दौडता है॥
सो भोग दुःखरूप हैं॥ जैसे तृणों कर षाई आछादन होती
है॥ तिसको देषकर मूरष मृग षावणे को दौडता है॥ त
ब षाई विषे गिर पडता है॥ और दुःख पावता है॥ तैसे चि
त रूपी मृग भोगों कों देष कर भोगणे लागता है॥ तब तृ
ष्णा रूपी षाई विषे गिर पडता है॥ और जन्म तें जन्मांतर
के दुःख को पावता है॥ हे मुनीश्वर इह चित्त कबहूं बडा
गंभीर हो बैठता है॥ और जब भोगों कों देषता है॥ तब उन
की ओर हिलके की न्याई गिरता है॥ जैसे इल आकास विषे
उडती फिरती है॥ जब पृथ्वी पर मांस देषती है॥ तब उहां ते
गिर पडती है॥ मांस को ले जाती है॥ तैसे चित्त तब लग उदा
र है॥ जब लग भोगों को नहीं देषता॥ जब देषता है तब ति
स विषे बंधमान होता है॥ आत्मपद की ओर जाता नहीं॥
इस चित्त के जाल विषे मैं य फसीया हूं॥ या हों पंषी की न्याई॥
कैसा जाल है॥ वासना रूपी सूत्र है॥ अरु संसार की सत्तता
रूपी गांठी हैं॥ तिस विषे भोग रूपी चोग है॥ तिसको देषक
र फसीया हों॥ घटीयंत्र की न्याई अधः ऊर्ध को पडा कट
कता हों॥ हे मुनीश्वर सोई उपाय कहो॥ जिस प्रकार चित्त
को जीतूं॥ बडा आश्चर्य है॥ अब मुझ को किसी भोग की इ
छा नहीं॥ और जगत की लक्ष्मी भी मुझ को विरस जैसे भा
सती है॥ जैसे चंद्रमा बादरों की इछा नहीं करता॥ जब मेघ
आवता है॥ तब चंद्रमा को आछाद लेता है॥ तातें मय भी ज
गत की लक्ष्मी की इछा नहीं करता॥ इसका जो परम शत्रु
२ है सो चित्त है॥ हे मुनीश्वर महापुरुष जो जय का यत्न करते
हैं॥ सो जय इसी चित्त का जीतणा है॥ जिसके जीते परम
पद को प्राप्त हुवता है॥ तातें मुझ को उही उपाय कहो॥ जि
स कर मन को जीतों॥ सब दुःख इसी के आश्रय रहिते हैं
जैसे पर्वत ऊपर बन होता है॥ सो पर्वत के आश्रय होता
है॥ तैसे सब दुःख मन के आश्रय होते हैं॥ इति श्री वै
राग्य प्रकरणे चित्त दुराशा नाम सर्गः॥ ११॥ रामो वाच

हेआत्मनएमयचेतनस्वभावकारूपविषेजोतृस्नारूपीरात्रिआ
ईहै॥तिसविषेकामक्रोधलोभमोहआदिकउलूविच
रतेहै॥जबज्ञानरूपीसूर्यउदेहोवै॥तबतृस्नारूपी
रात्रिनष्टहोजावै॥हेमुनीश्वरचित्तरूपीपर्वतहै॥
तिसकेऊपरतृस्नारूपीनदीकाप्रवाहचलताहै
औरनानाप्रकारकेतरंगधारतेहै॥जैसेमेघकोदेख
रमोरप्रसन्नहोताहै॥तैसेतृस्नारूपीमोरणीप्रसन्न
होतीहै॥तातेपरमदुखकामूलतृस्नाहीहै॥जबमय
किसीइकसंतोषादिकगुणकोआश्रयकरताहूं॥त
बतिसकोतृस्नानासकरदेतीहै॥जैसेसुंदरनेडी
कोचूहातोडडारताहै॥तैसेसुभगुणकोतृस्नानास
करतीहै॥हेमुनीश्वरसमतेउत्कृष्टपदविषेवि
राजनेकायतनकरताहूं॥तोभीतृस्नाविराजनेन
हीदेती॥जैसेजालविषेफसीयापंखीआकासविषे
उडनेकायतनकरताहै॥तोभीउडनहीसकता॥तै
सेमयआत्मपदविषेप्राप्तहोनहीसकता॥स्त्रीपुत्र
औरकुटंबआदिकाइनकोगविलाईहै॥तिनहूविषे
जोफसीआहूइ॥सोनिकसनहीसकता॥तिसआस
रूपीफासीसाथबाध्याहूआकबहूऊर्ध्वकोजाता
है॥कबहूअधःकोजाताहै॥घटीयंत्रकीन्याई॥हेमु
नीश्वरएहतृस्नाइंद्रधनुषवतहै॥जैसेइंद्रधनुष
मलनमेघविषेहोताहै॥औरबहुतचिल्लनेरहितहो
तोहै॥नानाप्रकारकेरंगसहितभासताहै॥परमध्य
तेसून्यहै॥तैसेतृस्नामलनअंतहकरणविषेउप
जतीहै॥बडीहै॥परगुणरूपीचिल्लनेरहितहै॥देख
नेमात्रसुंदरहै॥परउसविषेअर्थकछुसिधनही
होता॥हेमुनीश्वरतृस्नारूपीमेघहै॥तिसतेदुखरू

पीबे दालिकसत्तो है ॥ अरु तृस्नां रूपी हस्म सर्पणी है ॥ ति
सका स्पर्श कोमल दृष्ट आवता है ॥ पर विष करपूरणी है
तिसके दंसले कर मृत्यु होवीता है ॥ अरु तृस्ना रूपी एक
बदल है ॥ आत्म रूपी सूर्य कौं आगें आवर्णी करता है ॥ ज
बज्ञान रूपी पवन आवे ॥ तब तृस्ना रूपी बदल का नास
होवे ॥ अरु आत्म पद का साक्षात कार होवे ॥ अरु गुण रू
पी कमलों का नास कर्ता तृस्ना रूपी गड़ा है ॥ अरु तृस्ना
रूपी महा भयानक काली रात्र है ॥ जिसकर बडे धीर्यवा
न हीं भयभीत होते हैं ॥ अरु सचे हृते कों भी अंध कर डारती है
जब इहां आवती है ॥ तब वे रोग अरु अम्यास रूपी नेत्रों
को अंध करती है ॥ अर्थ इह जो सत असत पदार्थों को बि
चारणे न ही देती ॥ हे मुनीश्वर तृस्ना रूपी डाकिनी है ॥ संतो
ष आदिक जो गुण हैं ॥ तिसा कलेजे को काट लेती है ॥ अरु
तृस्ना रूपी कंदरा है ॥ तिसके आश्रय मोह रूपी हस्ती उन
मत्त आन गाजते हैं ॥ अरु तृस्ना रूपी समुद्र है ॥ तिस विषे आ
पदा रूपी नदीयां आन प्रवेस करतीयां हैं ॥ तो ते सोई उपा
व मुजेकों कहो ॥ जिसकर तृस्ना रूपी दुःख तें छूटों ॥ हे मुनी
श्वर दुःख अग्नि के जलणे कर नहीं होता ॥ अरु खड्ग के
प्रहार कर भी ऐसा दुख नहीं होता ॥ जैसा दुःख त्रिस्ना कर
के होता है ॥ त्रिस्ना के प्रहार सा अघाइल हूया बडे दुखां कों
पावता है ॥ तृस्नां रूपी दीपक बडा जलता है ॥ अरु जन्मां
की परंपरा रूपी तिसतें कालुष उतपति होती है ॥ जैसे ज
ल विषे मछी होती है ॥ जो कछु जल विषे पाईए के करीव
टा आदिक ॥ तिसको मांस जान कर ग्रहण करती है ॥ परउ
सका अर्थ कछु सिध नहीं होता ॥ तैसे तृस्ना भी जो कछु देख
ती है ॥ तिसकी ओर दौडती है ॥ परतृप्ता किसी कर नहीं होती ॥
तृस्ना रूपी वंचणी है ॥ जो सदा उदती रहती है ॥ इस्थिर कदा
चित नहीं होती ॥ अरु तृस्नां रूपी बांतर है ॥ कबहूं किसी वृक्ष
पर जाता है ॥ कबहूं किसी पर जाता है ॥ इस्थिर कबहूं नहीं

होता॥ तांतें तृस्ना नाना प्रकार के पदार्थों कों दोडती है॥ तृस्न
किसी कर नहीं होती॥ जैसे घृत की आहूती कर अग्नि तृप्त
नहीं होती॥ हे मुनीश्वर तृस्नारूपी नदी है॥ तिस विषे वास
नारूपी जल है॥ तिस विषे अनेक तरंग उठते हैं॥ कदाचि
त मिटते नहीं॥ अरु तृस्नांनें जगतरूपी आबाडा लगाया
है॥ जिसको सिर ऊंचा कर देषता है॥ अरु मूर्ष पडे गसने
होते हैं॥ अरु तृस्नारूपी वृध इस्त्री है॥ जो पुरुष तिसका
त्याग करता है॥ तो भी उह पाछें लागी फिरती है॥ कबहूं इ
सका त्याग नहीं करती॥ अरु तृस्नारूपी जेवडी है॥ तिस
के साथ जीवरूपी पसू बांधे हैं॥ अरु पडे दुःख पावते हैं
अरु तृस्नारूपी दुष्टली है॥ जब कोउ उत्कृष्ट गुण ग्यान प्रा
प्त होता है॥ तिसको नास करती है॥ तिस गुण के वियोग क
र मयदीन हो जाता हों॥ जैसे प्रवाह मेघ को देष कर प्रस
न्न होता है॥ अरु बूंद को ग्रहण करता है॥ अरु पवन मे
घ को दूर कर देता है॥ तब उह दीन हो जाता है॥ तैसे जब तृ
स्ना गुणों कों नास करती है॥ तब मय दीन हो जाता हों॥ हे मु
नीश्वर तृस्ना मुज कों दूर ते दूर फारया है॥ जैसे पवन सूके
तृणों कों उडावता है॥ तैसे तृस्ना मुज कों आत्मपद ते दूर
डारा है॥ हे मुनीश्वर इह तृस्ना वैराग्य कर के निवृत्त होती
है॥ जैसे अंधकार का नास प्रकास कर होता है॥ अवर कि
सी उपाव कर नास नहीं होता॥ तैसे तृस्ना का नास वैराग्य
विना नहीं होता॥ हे मुनीश्वर इस तृस्ना मुज कों दीन कीया
है॥ जैसे सूके तृण को पवन षेदमान करता है॥ तैसे तृस्ना
मुज कों दीन कीया है॥ तांते सोई उपाव कहो जिस कर तृ
स्ना नास होवे॥ अरु आत्मपद की प्राप्त होवे॥ इति श्री
वैराग्यप्रकरणे तृस्नामहिमावर्ननं नाम सर्गः॥१
॥२॥ श्रीरामोवाच॥ हे मुनीश्वर इह जो अमंगलरू
प शरीर जगत विषे उतपत भया है॥ सो बडा अनाथरूप
है॥ अरु सदा विकारवान है॥ अरु मांस मज्जा कर पूरण है
सदा अपवित्ररूप है॥ तांतें जैसे विकारवान सरीर की मु

रूपीनदनी है
तिस

ब

19

जकोइछा नहीं॥ इहसरीर कैसा है॥ न अग्रतु है॥ न लतु है॥ अर्थ
इह न जड है॥ न चैतन्य है॥ जैसे अग्निके संगतें लोहा अग्नि
वत हो जाता है॥ तें जलावता है॥ अरु आपतें जलावता नहीं॥
तैसे इह देह न जड है॥ न चैतन्य है॥ जड इसतें नहीं॥ जो इसतें
कार्य नाहोता है॥ अरु चैतन इसतें नहीं॥ जो इसको आपतें
ज्ञान नहीं॥ तांतें मध्यभाव है॥ काहेतें जो चैतन्य आत्मा इस
विषे व्याप्या है॥ जो है विषे अग्निकी न्याई॥ अरु आपतें अप
वित्र रूप विकारवान है॥ ऐसे सरीरकी मुजको इछा नहीं॥
हे मुनीश्वर॥ जैसे अमंगलरूप सरीर विषे जो अहंपडी फु
रती है॥ सो दुःखोंका कारण है॥ इस संसार विषे इस्थित हो
कर॥ नाना प्रकारके शब्द पडी करती है॥ जैसे कोवा विषे बि
लाड बैग शब्द करता है॥ तं धर्मी कबहूं नहीं होता॥ तैसे अ
हंकार रूपी बिला देह विषे अहं अहं पडा करता है॥ मो
न कदाचित नहीं होता॥ हे मुनीश्वर शब्द उही सुंदर है॥ जो
जयके निमित्त होवे॥ अन्यथा शब्द व्यर्थ है॥ जैसे जयके नि
मित्त ढोलका शब्द सुंदर होता है॥ अन्यथा सुंदर नहीं होता॥
सो अहंकारतें रहित जो शब्द है॥ सो शुभ नीक होता है॥ हे
मुनीश्वर सरीर रूप नौका भोगों रूपी बरेती विषे पडी है॥
तिसको पार होवणा कठन है॥ जब वैराग रूपी जलवंट
अरु अभ्यास रूपी चपेका बल होवे॥ तब संसारके पारके
किनारेको प्राप्त होवे॥ बहुडि सरीररूपी बेडा है॥ अरु संसा
र रूपा समुद्र विषे पडा है॥ तिस संसार विषे तृष्णा रूपी जल
हो देते॥ जब सरीररूपी बेडे साथ वैराग रूपी सीखा लागे
अरु अभ्यास रूपी चपेका बल लागे॥ तब सरीर रूपी बेडा
पारको प्राप्त होवे॥ हे मुनीश्वर जिन पुरुषोंने ऐसे बेडेको
पाय कर आपको संसार समुद्रतें पार कीया है॥ ते ई सुषी
लेण है॥ अरु जिनोंने आपको पार नहीं कीया॥ ते परम आ
पदाको पावेंगे॥ हे मुनीश्वर सरीर रूपी वृक्ष है॥ अरु भुजा
रूपी इसकी साषा हैं॥ अरु अंगुरी इसके पत्र हैं॥ अरु जं
घा इसके थंभ हैं॥ अरु मांस इसकी त्वचा है॥ अरु बासनां

इसकी घड है॥ अरु सुष दुःख रूपी इसके फल हैं॥ अरु तृस्नां
रूपी घुण है॥ सरीर रूपी ब्रछ को अंतर तें षाता रहता है॥ ज
ब स्वेत फल इसको पडते हैं॥ तब विनास काल क समा आ
वता है॥ अब इउ सरीर रूपी ब्रछ कैसा है॥ जो भुजा रूपी इसके
डासे हैं॥ हस्त पाद इसके पत्र हैं॥ अरु गिटे रूपी गुछे हैं॥ अ
रु दंत रूपी फल हैं॥ अरु जंघा रूपी स्थंभ हैं॥ अरु कर्म रूपी
जल कर बधता जाता है॥ जैसे छिद्र तें जल निकसता रहता
है॥ तैसे सरीर के स्वासों तें जल निकसता रहता है॥ सरीर रू
पी ब्रछ विषे विष कर पूरण सर्पिणी तृस्ना रहती है॥ जो का
मनां कर के नस्ट हूये हैं॥ तिन्हों इस ब्रछ का आश्रय लेते
हैं॥ तब तृस्ना रूपी सर्पिणी तिसको डंसती है॥ तिसकर उह
पुरुष मृत्यु होता है॥ हे मुनीश्वर ऐसा जो अमंगल रूप सरी
र ब्रछ है॥ तिसकी इछा मुजको नहीं॥ इह परम दुःख का कार
ण है॥ जब लग इह पुरुष अपने परवार विषे बांध्या है॥ त हूया
ब लग मुक्त नही होता॥ सो परवार कवन है॥ देह इंद्रीयां मन
बुधि इसका परवार है॥ इन विषे जो अहंभाव है॥ जब इस
का त्याग करे॥ तब मुक्त होवे॥ अन्यथा मुक्त नही होता॥ हे मुनी
श्वर जो श्रेष्ट पुरुष हैं॥ ते पवित्र स्थान विषे रहते हैं॥ अपवि
त्र स्थान विषे नही रहते॥ सो अपवित्र स्थान देह है॥ तिस वि
षे रहने वाले भी अपवित्र हैं॥ अस्थि रूपी इस गृह विषे इटां
हैं॥ रुधिर पुरीषा इसको लिकड लागा है॥ अरु मांस की क
हगिल करी है॥ अहंकार रूपी इस विषे सुपच रहता है॥ अ
रु त्रिस्ना रूपी सुपचणी इसकी इस्त्री है॥ काम क्रोध लोभ मो
ह इसका परवार है॥ अंडी जिंनी करि पूर्ण ने ग्या हूया हैं॥ हे
मुनीश्वर ऐसा जो अपवित्र स्थान है॥ सो इस अमंगल रूपी स
रीर को मैं अंगीकार नही करता॥ इह रहे अथवा जावे॥ मेरा
इसके साथ अब प्रयोजन कछु नहीं॥ हे मुनीश्वर एक बडा
गृह है॥ तिस विषे बदे पसू रहते हैं॥ रुधिर कों उठावते हैं॥
जब उस गृह विषे को उठ जाता है॥ तब उसको अंगो साथ मार
ते हैं॥ सो सरीर रूपी बडा गृह है॥ तिस विषे इंद्रीयां रूपी पसू

है॥ जब इस विषे गृहं नाव करता है॥ तब इंद्रीयां रूपी पशु इ
सके विषय रूपी अंगो साथ मारते हैं॥ तृष्णा रूपी धूड साथ
इसकों मलिन करते हैं॥ हे मुनीश्वर ऐसे सरीर कों मय अंगी
कार नही करता॥ जिस गृह विषे सदा कलपनां पडी होती है॥
तिस विषे संपदा प्रवेस नही करती॥ ऐसा जो सरीर रूपी गृह
है॥ तिस विषे त्रिष्णा रूपी चंडी इस्त्री तहां रहती है॥ इं इंद्री रूपी
दासीयां कर सदा देवती रहती है॥ सो सदा कल्पनां करती रह
ती है॥ तिस कर सम दम रूपी संपदा प्रवेस नही करती॥ हे मुनी
श्वर तिस गृह विषे एक ज्ञय्या है॥ जब उस पर विश्राम करता
है॥ तब कछु सुष को पावता है॥ पर तिस का जो परवार है सो
विश्राम करणे नही देता॥ सो सज्जा कवन है॥ सुषुप्त रूपी ज्ञय्या
है॥ जब उस विषे विश्राम करता है॥ तब कांम क्रोधादिक रू द
न करते हैं॥ तब चंडी त्रिष्णा का परवार वासनां कर इस कों ज
गावता है॥ विसराम नही करणे देता॥ हे मुनीश्वर ऐसा दुखों
का मूल सरीर रूपी गृह है॥ तिस की इछा मय नें त्यागी है॥ एह
गृह पर मनुषों के देषणे हारा है॥ हे मुनीश्वर इह सरीर छिणभं
गुर है॥ जैसे जल की बूंद पत्र पर होती है॥ सो छिण मात्र है॥ तै
से सरीर छिण भंगुर है॥ ऐसे शरीर विषे आस्था करणी मू
र्षता है॥ ऐसे सरीर पर उपकार करणा भी दुःख के निमित्त
है॥ सुष कछु नही॥ जो धनाढ्य सरीर हैं॥ सो वडे भोग भोगते
हैं॥ जो निरधन हैं सो थोडे भोग भोगते हैं॥ पर जरा अवस्था
अरु मृत्यु दोनों कों तुल्य होती है॥ इन विषे विसेषता कछु न
हीं॥ शरीर साथ उपकार करणा दुःख का कारण है॥ त्रिष्णा
रूपी सर्पिणी जो गृह विषे राषेगा॥ अरु दूध उसकों पिलावे
गा॥ तो भी अंत सर्पिणी तिस कों मारेगी॥ तैसे जिस पुरुष नें स
रीर रूपी सर्प साथ सषाई करी है॥ तिस कों मारेगा॥ हे मुनीश्व
र इह सरीर तो नाशवंत है॥ इस कों जो भोग भुगावते हैं॥ ते मू
र्ष हैं॥ जैसे पवन का वेग आवता जाता है॥ तैसे इह सरीर ना
शवंत है॥ इस साथ प्रीत करणी दुःखों का कारण है॥ सब जी
व इस की आस्था विषे बांधे हुए हैं॥ कोउ विरला है जिस नें

इसकीआस्थात्यागीहै॥जैसेकोऊविरलामृगहोताहै॥जो
मारूथलविषेजलकीआस्थात्यागताहै॥अवरसबपडे
भ्रमतेहैं॥हेमुनीश्वरजैसेसरीरकोजेपुष्टकरतेहैं॥सोदु
खोंकेनमित्तहै॥जोइसशरीरसाथसबाईकरताहै॥सो
दुःखपावताहै॥हेमुनीश्वरजिनपुरुषोंसरीररूपीलक
डीकोज्ञानअग्निकरजलायाहै॥तिनकातोपरमअर्थसि
धहूयाहै॥अरुजिनऊंनेनहीजलाया॥तिनोंकोपरमदु
खोंकेनमित्तहै॥हेमुनीश्वरनमैंशरीरहों॥नमेरासरीरहै
नइसकामैंहों॥नइहमेराहै॥मुजकोंइसकीइछाकामनां
कोऊनहीं॥मैंअविनासीपुरुषहों॥अबतुमदेहोउपावक
हो॥जोजिसकरमैंपरमानंदकोंप्राप्तहोवों॥हेमुनीश्वर
जिनोंपुरुषोंनेसरीरकाअभिमानत्यागाहै॥सोपरमआनं
दीहूयेहैं॥अरुजिसकोंदेहविषेअभिमानहै॥सोपरमदुः
खीहै॥अरुजिसकोंइससरीरकाअभिमाननहीं॥सोपुरुषों
विषेउत्तमहै॥अरुनमस्कारकरणेयोग्यहै॥तिसकोमेरा
नमस्कारहै॥हेमुनीश्वरप्रथमजोमुजकोअज्ञानकासंयो
गथा॥सोअहंकाररूपीपिशाचकरथा॥तिसकरअनंतस
रीरोंविषेआस्थाउपजीहै॥जैसेप्रथमेंबीजतेअंकुरहोता
है॥अरुअंकुरतेंपाछेंवृक्षहोताहै॥तैसेअहंकारतेंसरीर
कोआस्थाहोतीहै॥हेमुनीश्वरइसअहंकाररूपीपिशा
चनेंसबजीवोंकोंदीनकीयाहै॥सोकैसाअहंकारवेताल
है॥जोअविचारितेसिधहै॥अरविचारकीएतेंअभावहोजा
ताहै॥जैसेप्रकाशअंधकारकोनासकरताहै॥तैसेविचार
कीएतेंअहंकारकाअभावहोजाताहै॥हेमुनीश्वरजिसस
रीरविषेइसनेंआस्थाकरीहै॥सोसरीरऐसाहै॥जैसेजल
कोप्रवाहहोताहै॥सोसदाचलरूपहै॥जैसेबिजलीकाच
मत्कारस्थिरनहोरहता॥तैसेसरीरकीआस्थाकरणीवृ
थाहै॥हेमुनीश्वरजैसेशरीरकीआस्थाकरकेजोअहंप्र
तीतकरतेहैं॥तेमहामूर्खहैं॥जैसेस्वप्नपुरमिथ्याहै॥तैसेय
हसरीरआदिकजगतमिथ्याहै॥जोइसकोंसत्यजानक

रहूसें नमित्त यतन करते है॥ सो आपले दुःखके नमित क
रते हैं॥ जैसे पतंग जो दीपक की इछा करता है॥ सो अपने दुः
खके नमित करता है॥ तैसे अग्यानी देह विषे अभिमान क
रते हैं॥ सो भोगों के नमित करते हैं॥ सो अपने नास के नमि
त करते हैं॥ हे मुनीश्वर अब मय तो इस सरीर का अभिमा
न अंगीकार नहीं करता॥ इह सरीर अभिमान दुःखों के देने
हारा है॥ अर जिसको देह अभिमान न हो रहा॥ तिसको भोगों
की इछा न रहेगी॥ तातें मय निरवासी हो रहा हों॥ एक परमप
द की इछा है मुजकों॥ जिसके पाए तें बउड संसार समुद्र कों
प्राप्त न होवों॥ इति श्री वैराग्यप्रकर्णे देह विचारो नाम सर्गः
॥१३॥ रामोवाच॥ हे मुनीश्वर इस संसार समुद्र विषे जो इ
हु उपजा है॥ प्रथम इसको बालिक अवस्था प्राप्त होती है॥ सो
भी परम दुःखों का कारण है॥ तिस विषे परम दीन होता है॥
अरु एते अवगुण इन विषे आन प्रवेस करते हैं॥ आर्तता
मूर्खता अचेतनता भोम दीनता जललनें दुःख करके ऐसे वि
कार आन प्रवेस करते हैं॥ हे मुनीश्वर इह बालिक अवस्था
महा विकारवान है॥ अरु बालिक सदा पदार्थों की ओर धा
वता रहता है॥ एक वस्त को ग्रहण करता है॥ अरु दूसरी कों
बउड चहता है॥ इह स्थिर कदाचित न हो होता॥ जैसे बांतर
बहिर कर न हो बैठता॥ जो कोउ बालिक को बहिर बैठणा
कहता है॥ तब अंतर तें पडा जलता है॥ अरु तेण तेण विषे
भयभीत पडा होता है॥ अंतको कदाचित नहीं प्राप्त होता॥ अ
रु महादीन जैसा हो जाता है॥ जैसे कदलीवन को हस्ती संग
लों साथ बांधा हूया दीन हो जाता है॥ तैसे इह चैतन्य पुरुष
बालिक अवस्था कर दीन हो जाता है॥ जो कछु इछा करता
है॥ सो विचार विनां करता है॥ तिस करके दुःखों को पावता है
मूढतां गुंगा अवस्था विषे रहता है॥ बउड तपने लागता है॥ जैं
से तप्त पृथ्वी पर जल पाईए॥ तौ एक क्षण सीतल होती है॥ ब
उड तप्त हो जाती है॥ तैसे बालिक एक पदार्थ कर सुखी हो
ता है॥ बउड तपने लागता है॥ जैसे रात्रि के व्यतीत हूयें सर्य

उदे होता है॥ तिसकर उल्लंघनादिक कष्टवान होते हैं॥ तैंसे
इह जीव स्वरूप ज्ञान के अभाव तें बालिक अवस्था तें कष्ट
वान होता है॥ हे मुनीश्वर जे बालिक अवस्था की उत्पत्ति
करते हैं॥ ते भी मूर्ष हैं॥ काहे तें जो विवेक तें रहित अवस्था
है॥ अरु सदा आतुर रहता है॥ इस्थिर कदाचित नहीं हो
ता॥ सदा पदार्थों की ओर धावता है॥ जैसा मूढ अवस्था की
मुज को इच्छा न हो॥ जो जिस पदार्थ को देषता है॥ तिस ही
की ओर धावता है॥ अरु छिन छिन विषे अपमान को पा
वता है॥ जैसे श्वाकर हाण हाण विषे अपमान को पावता है॥
तैंसे बालिक अपमान को पावता है॥ अरु बालिक को स
दा माता पिता का भय रहता है॥ अरु आप तें बडीयों का भी
भय रहता है॥ हे मुनीश्वर ऐसी दुःखरूप अवस्था की मुज
को इच्छा न हो॥ जैंसे बिजली चंचल है॥ तिस तें भी मन अरु
बालिक चंचल है॥ ऐसे जानीता है॥ जो बालिक मन तें चं
चल है॥ जैंसे मन चंचल है॥ तैंसे बालिक चंचल है॥ मन का
रूप ही बालिक है॥ हे मुनीश्वर जैंसे वेस्या का चित एक पु
रुष विषे नहीं ठहिरता॥ इह विचार तिसको नहीं जो इस
कर मेरा नाश होवेगा॥ तैंसे बालिक विचार तें रहित चेष्टा
करता है॥ सुष दुःष विषे सर्वदा तपायमान रहता है॥ जैंसे
जेष्ट आषाढ विषे पृथ्वी तपायमान होती है॥ तैंसे बा
लिक तपता रहता है॥ शांत को कबहूं प्राप्त नहीं होता॥ अ
रु जब विद्या पढने लागता है॥ तब गुरु सों ऐसा भयमान
होता है॥ जैंसे गरुड को देषकर सर्प भयमान होता है॥
तैंसे बालिक भयमान होता है॥ अंतर तें पडा जलता है॥
मुष तें कहि नहीं सकता॥ हे मुनीश्वर ऐसी बालिक अव
स्था की जो उत्पत्ति कर्ते हैं॥ ते भी मूर्ष हैं॥ इह जो परम दुः
षरूप अवस्था है॥ इस विषे विवेक विचार कछु नहीं॥
जैंसे बिजली इस्थिर नहीं होती॥ तैंसे बालिक का चित्त
इस्थिर नहीं होता॥ हे मुनीश्वर इह महा मूर्ष अवस्था है
कबहूं कहता है॥ हे पिता मुज को बर्फ का पुतला आन
दे॥ कबहूं कहता है मुज को चंद्रमा उतार दे॥ सो इह व

चन मूर्खें के हैं ॥ तांते ऐसी मूर्ख अवस्था को मय अंगीकार
नहीं करता ॥ जैसे दुःखों का अनन्त बालिक को होता है ॥ सो
हमारे स्मरण विषे नहीं आया ॥ इह बालिक अवस्था अव
गुणों का मूल है ॥ ऐसी नीच अवस्था को मय अंगीकार न
हीं करता ॥ इस को स्तुत करणे मूर्ख ता है ॥ इस अवस्था
विषे गुण को उलटा है ॥ इति श्री वैराग्य प्रकरणे बालिक
अवस्था वर्णनं नाम सर्गः ॥ १४ ॥ राम उवाच ॥ हे मुनीश्वर दुः
ख रूप बालिक अवस्था ते अनंतर जो युवा अवस्था आवती
है ॥ सो अधिक ते अधिक वीरानी को चरता है ॥ सो भी उत्तम नहीं
गिडे ऐसे केन मिनत अधिक दुःखदाई है ॥ जब युवा अवस्था आ
ई तब कामरूपी पिसाच आन लगता है ॥ सो कामरूपी पि
साच युवा अवस्थारूपी गर्त विषे आन स्थित होता है ॥ अरु
चित्त विषे आवता है ॥ अरु इच्छा को पसारता है ॥ जैसे सूर्य
के उदे हुए सूर्यमुखी कमल खिड़ आवते हैं ॥ अरु पंखड़ीयों
को पसारते हैं ॥ तैसे युवा अवस्था के नाम हुए चित्तरूपी क
मल पंखड़ी को पसारता है ॥ तब नाना प्रकार की इच्छा फुर
ती है ॥ अरु कामरूपी पिसाच इस को खाईयो विषे डाल देता
है ॥ तहां बड़ा दुःख पावता है ॥ जैसे कोई किसी को अग्न के कुं
ड विषे डाल देवे अरु दुःख पावे ॥ तैसे काम के वस हुआ दुः
ख पावता है ॥ हे मुनीश्वर जो कछु विकार हैं ॥ सो सब यु
वा अवस्था विषे आन प्राप्त होते हैं ॥ ऐसी दुःखों की देण
हारी युवा अवस्था है ॥ तिस को मय अंगीकार नहीं करता
सांत जो होती है ॥ सो चित्त के स्थित हुए होती है ॥ सो चित्त
युवा अवस्था विषे विषयों की ओर धावता है ॥ जैसे का
लल्दव की ओर धावता है ॥ तैसे चित्त विषयों की ओ
र धावता है ॥ जब इस को विषयों का संग होता है ॥ तब
भी त्रिसना निवृत्त नहीं होती ॥ तिस त्रिसना करके बंधमान
हुआ जन्म ते जन्मांतर को पावता है ॥ अरु दुःखों का भा
गी होता है ॥ तांते हे मुनीश्वर ऐसी दुःखदाई युवा अ
वस्था का मुझ को इच्छा नहीं ॥ जेते कछु दुःख हैं सो सभ
यौवन अवस्था विषे आन स्थित होते हैं ॥ काम क्रोध लोभ

मोह ऽ अहंकार चपलता ऽ अभिमान इत्यादिक जो दोष हैं ॥ सो
ऽ आन स्थित होते हैं ॥ जैसे मलयाचल विषे सर्प उपद्रव ऽ आ
न स्थित होते हैं ॥ हे मुनीश्वर इह युवा ऽ अवस्था कैसी है क्षण
भंगुर है ॥ जैसे बिजली का चमत्कार होता है ऽ अरु छप जाता
है ॥ तैसे यौवन ऽ अवस्था ऽ आवती ऽ अरु मिट जाती है ॥ जैसे स
मुद्र विषे तरंग उपजते हैं ऽ अरु मिट जाते हैं ॥ तैसे युवा ऽ अव
स्था ऽ आवती है ॥ अरु मिट जाती है ॥ जैसे स्वप्ने विषे स्त्री विका
र की छल ऽ आवता है ॥ अरु मिट जाता है ॥ तैसे ऽ अज्ञान कर यु
वा ऽ अवस्था ऽ आवती ऽ अरु छल जाती है ॥ हे मुनीश्वर युवा ऽ अ
वस्था इसका परम शत्रु है ॥ जो पुरुष इस शत्रु के शस्त्रों ते ब
चा है ॥ सोई इन ते छूटा है ॥ सो वज्र के प्रहार कर ते छेदीया
न जावेगा ॥ अरु जो इन कूं शस्त्रों कर वेध्या हूया है ॥ सो प
शु है ॥ हे मुनीश्वर देषते मात्र तो युवा ऽ अवस्था सुंदर है ॥
परं ऽ अंतर ते तृष्णा कर के जर्जरीभूत है ॥ जैसे बहो देषणे
मात्र सुंदर होवे ऽ अरु ऽ अंतर ते घुण खा जावे ॥ तैसे युवा ऽ अ
वस्था है ऽ अरु जिन कूं भोगों निमित यत्न करता है ॥ सो भोग
भी ऽ आपातरमणीय हैं ॥ अर्थ इह जो जब लग इंद्रीयों ऽ अरु
विषयों का संयोग है ॥ तब लग भले भासते हैं ॥ विचार वि
ना सुंदर लागते हैं ॥ जब इन का वियोग हूया तब दुःष दे
जाते हैं ॥ इन कूं भोगों कर मूर्ष प्रसन्न होते हैं ॥ हे मुनीश्वर
जो पुरुष युवा ऽ अवस्था कर प्रसन्न हूया है ॥ सो उन्मत्त है
तिस को शांत नहीं होती ॥ अंतर विषे त्रिष्णा सदा जलावती
है ॥ अरु इस्त्रीयों विषे चित ऽ आसक्त रहता है ॥ जब इष्ट वनि
ता का वियोग होता है ॥ तब तिस के वियोग कर बडा जलता
है ॥ जैसे उन्मत्त हस्ती होता है ॥ संगलों साथ बंधीता है ॥ त
ब स्थिर होता है ॥ तैसे कामरूपी हस्ती है ॥ तिस को युवा ऽ अ
वस्था रूपी संगल पडा है ॥ तिस विषे चित इस्थिर रहता है
ऽ अरु युवा रूपी नदी है ॥ अरु तिस विषे इच्छा रूपी जु तरंग ऽ अ
नेक उपजते हैं ॥ शांति कदाचित नहीं होती ॥ हे मुनीश्वर

इह युवाऽवस्था बडी दुष्ट है॥ यद्यपि कोऊ बडा बुधिवान
होवे॥ अरु सदा निर्मल होवे बुध तिसकी॥ पर जब युवाऽवस्था
तिसको आवै॥ तब बुधि तिसकी मलीन हो जाती है॥ जैसे बडी
नदी होवे॥ अरु निर्मल तिसका जल होवे॥ पर ज्यों वर्षाकाल
आवे॥ तब उह भी मलिन हो जाती है॥ तैसे युवाऽवस्था विषे
बुधि मलिन हो जाती है॥ हे मुनीश्वर शरीर रूपी वृक्ष है॥ तिस
विषे युवाऽवस्था रूपी वली प्रगट होती है॥ जब उह वली प्रग
ट होती है॥ तब तिसके ऊपर चित्त रूपी भवरा आन बैठता है
तृष्णा रूपी तिसकी सुगंध कर उनमत होता है॥ अरु तिस
जा को विचार सभ भूल जाता है॥ जैसे जब पवन चलता है॥ तब स
के पत्रों को उडा ले जाता है॥ टिकणे नहीं देता॥ तैसे जब युवाऽ
वस्था आवती है॥ तब वैराग्य दया संतोषादिक गुणों का अ
भाव करती है॥ अरु दुःख रूपी कमलों का सूर्य युवाऽवस्था
है॥ युवा के उदे हूए सभ विकार प्रफुलित हो आवते हैं॥ तांते
सभ दुःखों का मूल युवाऽवस्था है॥ जैसे सूर्य के उदे हूए॥ सू
र्यमुखी कमल खिड आवते हैं॥ तैसे चित रूपी कमल संसार नें
रूपी पंखडीयों साथ खिड आवते हैं॥ अरु तृष्णा रूपी भवरे ति
स ऊपर जाबैठते हैं॥ हे मुनीश्वर युवा रूपी मात्र है॥ सो सरीर के
जर्जरी भाव करने को आवती है॥ जैसे धान का बूटा तब लग ह
र्या होता है॥ जब लग उसको फल नहीं पडा॥ जब फल पडा॥ त
ब सुक जाता है॥ हरयावल उसकी चली जाती है॥ तैसे जब लग
युवा नहीं आई॥ तब लग सरीर सुंदर कोमल भासता है॥ जब यु
वा के आए भोगों विषे लागा॥ तब कोमलता जाती रहती है॥ क
ठोर होता है॥ जर्जरीभाव हो जाता है॥ तांते हे मुनीश्वर ऐसी जो
दुःखों का मूल युवाऽवस्था है॥ तिसकी इछा मुझको नहीं॥ यद्यि
प समुद्र बडे जल कर पूर्ण है॥ तरंगों को पसारता उछलता है
तौ भी मर्यादा को त्यागता नहीं॥ ईश्वर की आज्ञा कर मर्यादा वि
षे रहता है॥ अरु युवाऽवस्था ऐसी दुष्ट है॥ जो सास्त्र मर्यादा
अरु लोकों की मर्यादा अरु आपणा विचार तिनों इस विषे नहीं

रहते॥ धर्म अधर्म का विचार इस विषे नही रहता॥ जैसे अंधका
र विषे पदार्थ का ध्यान नही रहता॥ तैसे युवा अवस्था विषे शु
भ अशुभ का ज्ञान नही रहता॥ सदा आधि व्याधि कर तपता
रहता है॥ जैसे जल बिना मछली को शांति नही होती॥ तैसे विचा
र बिना पुरुष जलता रहता है॥ जब युवा अवस्था रूपी रा
त्रि आवती है॥ तब काम रूपी पिशाच आन गर्जता है॥ तब इ
सको इस कर एही संकल्प उठते हैं॥ जो अमुकी इस्त्री सुंदर
है॥ अरु कैसे उस के कटाक्ष हैं॥ किसी प्रकार कर के हम को प्रा
प्त होवे॥ ऐसी इच्छा साथ उह सदा जलता रहता है॥ हे मुनीश्व
र मानुष सरीर उत्तम है॥ पर जिन के अभाग हैं॥ तिन को आ
त्मपद की प्राप्त नही होती॥ जैसे चिंतामणि किसी को प्राप्त हो
वे॥ अरु उह अभागी उसका निरादर करे॥ उसको जाणे न
ही डार देवे॥ तैसे जिन पुरुषों मानुष सरीर पाकर आतम
पद नही पाया॥ ते बडे अभागी हैं॥ मूर्खता कर के अपले जीव
ले के अर्थ खोवते हैं॥ एते विकार इसको युवा अवस्था विषे
आन प्राप्त होते हैं॥ मान मोह मद इत्यादिक विकारों कर के
इसका नास होता है॥ हे मुनीश्वर युवा अवस्था वहे विकारों
को प्राप्त करती है॥ जैसे नदी वायु कर अनेक तरंगों को पसा
रती है॥ तैसे जब युवा आवती है॥ तब चित्त अनेक कामनों
को उठावता है॥ जैसे पखी पंखों कर तीव्र धावता है॥ जैसे सिं
ह भुजा के बल कर पशुओं के मारने को धावता है॥ तैसे चि
त युवा अवस्था कर विषयों की ओर धावता है॥ हे मुनीश्वर
समुद्र का तरणा भी कठन है॥ काहे तें जो अपार जल है॥ अ
रु विस्तार भी बडा है॥ जो जनों लग चल्या जावता है॥ तिस वि
षे मच्छ कच्छ वडे देहधारी रहते हैं॥ ऐसे दुस्तर समुद्र का
तरणा भी मय मानता हों॥ पर तिसे हीष युवा अवस्था का तर
णा मयक कठन जानता हों॥ ऐसे संकटों संयुक्त जो युवा अ
वस्था है॥ तिस विषे जो चलायमान नही होते॥ सो पुरुष धं
न्य हैं॥ अरु वंदना करने योग्य हैं॥ हे मुनीश्वर इह युवा

ऽवस्थाम लिनकर डारती है॥ जैसे जलकी बांवली होती है
अरु तिसके निकट राखका ढेर होवे॥ अरु तीक्ष्ण पवन च
ले॥ तब राखसाथ बांवली मलिन होजाती है॥ तैसे युवाअव
स्थाविषे विकारों साथ बुधमलिन होजाती है॥ हे मुनीश्वर
ऽवगुणों कर युवाअवस्थाकी मुजको इछा नहीं॥ हे युवा
मुजपर एही कृपा करनी जो आपणा दर्सन नहीं देणा॥ ते
रा आवणा ही मेंय दुःखका कारण जानता हों॥ जैसे पुत्रका
मरणा पिता नहीं देखसकता॥ तैसे तेरा आवणा मय सुखके
न मिलन ही देषता॥ हे मुनीश्वर युवाअवस्थालि दोष भोग
णी महाकठिन है॥ जो कोई यौवनवान होवे॥ नम्रता लज्जा संयु
क्त होवे॥ सो महागुणवान कहीता है॥ जैसे अकासविषे बन
होवणा कठिन है॥ तैसे युवाअवस्थाविषे विचार वैराग
संतोषआदिक कठन है॥ तांते मुजको सोई उपाव कहो॥
जिसकर मयं युवाअवस्थाते मुक्त होवों॥ अरु आत्मपदकों
प्राप्त होवों॥ इति श्री वैराग्यप्रकरणे युवागर्हिरा वर्ने
नं नाम सर्गः॥ ५॥ रामोवाच॥ हे मुनीश्वर जिस काम
विलास न मिल इस्त्रीकी वांछा करता है॥ सो इस्त्री मांस अ
स्थि रुधिर विष्टा मूत्र कर पूर्ण है॥ जो पुरुष विचार कर न
ही देखते॥ तिनको रमणीक भासती है॥ जैसे पर्वतके सिखर
ऊपरते गंडमाला सहित भासते हैं॥ अरु निकट जाय कर दि
खाते हैं॥ तब पथर वडे दिखीते हैं॥ तैसे इस्त्री वस्त्र भूष
णकर सुंदर भासती है॥ अरु जब विचार कर देखीये॥ तब
सार कछु नहीं निकसता॥ जैसे सर्पिणीके अंग कोमल दृष्ट
आवते हैं॥ पर स्पर्श कीयेतें विषकर नास करती है॥ तैसे इ
स्त्रीसाथ स्पर्श करते हैं॥ तिसको नास कर छाडती है॥ हे मु
नीश्वर कामी जो इस्त्रीकी वांछा करते हैं॥ सो अपणे नासके
न मित करते हैं॥ जैसे कदलीबनका हस्ती कागदकी ह
स्तिनी पर बंधन विषे आवता है॥ तैसे अग्यानी इस्त्रीकी इ
छा करके बंधन विषे आवता है॥ तांते परम दुःखोंको पाव
ता है॥ हे मुनीश्वर समते अधिक दाहक अग्नि नरककी

गंडमाल

है॥ सो सम जीवों को जलावता है॥ पर इस्त्री रूपी अग्नि तिसतें
भी अधिक है॥ काहेतें जो इस अग्नि के स्पर्स कीए तें सरी
र तप्त होता है॥ इस्त्री रूपी अग्नि स्मरण मात्र तें रिदे को ज
लावती है॥ अरु जब इस्त्री के सुख का वियोग होता है॥ तब अजी
व की न्याई हो जाता है॥ अरु संयोग विषे भी अजीव की न्याई हो जा
ता है॥ पर अग्यान कर जानता नहीं॥ हे मुनीश्वर इसके नास क
रनेहारी इस्त्री रूपी अग्नि है॥ जो इसकी इच्छा करते हैं सो म
हा मूर्ख हैं॥ अपने नास के निमित्त करते हैं॥ हे मुनीश्वर इस्त्री
रूपी विष की बेली है॥ अरु हस्तपादादिक तिसके पत्र हैं॥
अरु भुजा रूपी टहनी है॥ स्तन रूपी तिसके गुच्छे हैं॥ नेत्र आ
दिक इंद्री तिसके फल हैं॥ अरु कामी पुरुष इस पर भंवरे
आन बैठते हैं॥ सो अपने नास के निमित्त आन बैठते हैं॥
अरु कामना रूपी झीवर है॥ इस्त्री रूपी तिसने जाल पसारा है॥
तिस विषे कामी पुरुष मच्छ आन फासते हैं॥ काम रूपी झीव
र तिनको फसाकर कष्ट को प्राप्त करता है॥ जैसे दुःख दे
नेहारी जो इस्त्री की वांछा करते हैं॥ ते महामूर्ख हैं॥ हे मुनी
श्वर विष रूपी सर्पिणी है॥ जब तिसका फुंकार निकसता
है॥ तब तिसके निकट जो पत्र फल फल होते हैं॥ सो सम जल
ले जाते हैं॥ तैसे इस्त्री रूपी सर्पिणी है॥ जब उसकी इच्छा रूपी
फुंकार निकसता है॥ तब वैराग्य रूपी कमलनी जल जाती
है॥ अरु अवर सर्पिणी आप दंसती है॥ अरु इस्त्री रूपी सर्पि
णी की चितवनी कर विष चढ जाता है॥ हे मुनीश्वर जैसे दुः
खों के देनेहारी इस्त्री की मुजकों इच्छा नहीं॥ जैसे बधिक
छल कर के मछली को फसावता है कुंडी साथ॥ तैसे कामी
पुरुष मछी वत है॥ अरु सुंदर रूप मांस कर इस्त्री रूपी
कुंडी आच्छादी हुई है॥ अरु उस साथ सनेह रूपी तागा है॥
तिस कर काम पुरुष मछी को इस्त्री रूपी कुंडी साथ फसा
वता है॥ अरु तृष्णा रूपी छुरी साथ इसको मारता है॥ हे मुनी
श्वर इस्त्री का मुख रूपी चंद्रमा है॥ तिसको देखकर कामी
रूपी कमल खिड आवते हैं॥ हे मुनीश्वर चंद्रमुखी कमल

चंद्रमा को देखकर खिड़ आवते हैं॥ सूरज मुखी नही खिड़आ
वते॥ तैसे जो कामी पुरुष है॥ सो भोगों कर प्रसन्न होते हैं॥ ज्ञा
नवान प्रसन्न नहीं होते॥ जैसे नौला सर्प को खुदते निकास
कर मर्दन करता है॥ तैसे कामी को स्त्री मर्दन करती है॥ ज
ब इस्त्री के निकट जाता है॥ तब डेह इस को भस्म कर डार
ती है॥ हे मुनीश्वर इस्त्री रूपी जो अग्नि है॥ तिसका सनेह रू
पी विकार लगता है॥ तिस विषे काम क्रोधादिक उल्ले विच
रते हैं॥ वैराग्य संतोष आदिक गुणों को निकट आवने नु
ही देते॥ हे मुनीश्वर जो पुरुष इस्त्री रूपी खड्ग के प्रहार ते
बचा है॥ युवा रूपी संग्राम विषे॥ सो महा पुरुष धंन्य है॥ ति
सको हमारा नमस्कार है॥ इह इस्त्री का संग परम दुःखों
का कारण है॥ तां ते मुज को इस की इछा नहीं॥ हे मुनीश्वर जो
रोग होता है॥ तिस अनुसार औषध करीता है॥ तब रोग नि
वृत होता है॥ अरु जो अपथ्य को सेवीता है॥ तब रोग वध
जाता है॥ तांते मेरे रोग के अनुसार औषध करो॥ सो रोग मेरा
इह है॥ जरा मृत्यु मुज को बडा रोग है॥ तिसके नास का औष
ध मुज को देवो॥ अरु इस्त्री आदिक जो रोग हैं॥ सो इस रो
ग को वधकरते हैं॥ जैसे अग्नि विषे घृत पाईये॥ तब अग
नि वर्धती जाती है॥ तैसे भोगों ते जरा मृत्यु आदिक रोग
वर्धते हैं॥ तां ते इस रोग के निवृत का औषध करो॥ न
ही तां मय सर्व त्याग कर बन विषे जा बैठता हैं॥ हे मुनी
श्वर जिसने इस्त्री का त्याग कीया है॥ तिसने संसार का त्या
ग कीया है॥ जिसने संसार का त्याग कीया है॥ सो सुखी भया
है॥ संसार का बीज इस्त्री है॥ तां ते मुज को इस्त्री की इछा
नहीं॥ मुज को सोई उपाव कहो॥ जिस कर जरा मृत्यु रोग
निवृत होवे॥ इति श्री वैराग्य प्रकर्णे स्त्री दुराचार वर्णनं नाम स
र्गः॥ २६॥ रामोवाच॥ हे मुनीश्वर बालिक अवस्था तो महा जड
मूढ आसक्ति अवस्था है॥ अरु युवा आवती है॥ तब कुमा
र अवस्था को ग्रास लेती है॥ अरु युवा को जरा ग्रास ले
ती है॥ अरु सरीर जर्जरी भाव हो जाता है॥ अरु बुध भी

भी हीण हो जाती है॥ अरु मृत्यु कों प्राप्त होता है॥ हे मुनीश्वर
अज्ञानी का जीवण ऐसे व्यर्थ हो जाता है॥ जैसे नदी के तट
पर वृक्ष होता है॥ अरु प्रवाह कर के जर्जरी भाव हो जाता है
तैसे वृध अवस्था विषे सरीर जर्जरी भाव हो जाता है॥ जैसे
पवन कर के सूका पात जर्जरी भाव हो जाता है॥ तैसे जे नेक
रोग हैं॥ सो वृध अवस्था विषे आन लागते हैं॥ अरु सरीर
कृश हो जाता है॥ इस्त्री पुत्र आदिक सभ इस का त्याग क
र जाते हैं॥ जैसे पके फल कों वृक्ष त्याग देता है॥ तैसे इस
का त्याग करते हैं॥ अरु देष देष हसते हैं॥ जैसे उनमत्त
कों देष कर हासी करते हैं॥ अरु कहते हैं॥ जो अब बुधि
इस कों कछु नही रही॥ बडूडे की सी अवस्था है॥ जैसे कम
लों ऊपर गडा पडता है॥ कमल जर्जरी भाव हो जाते हैं॥
तैसे पुरुष जरा अवस्था विषे जर्जरी भाव हो जाता है॥ हे
मुनीश्वर जरा अवस्था दुःखों का ग्रह है॥ जहां जरा अव
स्था होती है॥ तहां सभ दुःख इकठे आन होते हैं॥ तिन
कर महादीन हो जाता है॥ अरु युवा अवस्था विषे जो का
म का बल था॥ सो भी जरा विषे हीण हो जाता है॥ अरु इं
द्रीयां भी दीन जैसी हो जाती हैं॥ चपलता का अभाव हो जा
ता है॥ जैसे पिता के निर्धन हूऐं पुत्र भी दीन हो जाता है॥
तैसे सरीर के निबल हूए इंद्रीया भी निबल हो जाती हैं
चपलता का अभाव हो जाता है॥ पर एक तृस्ना वर्धती जा
ती है॥ हे मुनीश्वर जब जरा रूपी रात्रि आवती है॥ तब पा
सी रूपा गिरदडी आन प्राप्त होती है॥ शब्द करती है॥ आ
धि व्याधि रूपी उलूं भी आन प्राप्त होते हैं॥ हे मुनीश्वर ऐ
सी जो नीच वृध अवस्था है॥ तिस की मुज कों इछा नहीं॥ जै
से पके फलों कर के वृतरु झुक पडता है॥ तैसे जरा के आये
तें देह झुक पडती है॥ तां ते मुज कों इछा नहीं इस की॥ बा
लिक अवस्था तो महामूढ है॥ अरु युवा तो महा विका
रवान है॥ अरु जरा अवस्था तो दुःखों का पात्र है॥ बालि
क अवस्था को युवा ग्रास लेती है॥ अरु युवा कों जरा ग्र

सलेती है॥ जराको मत्यु ग्रा सलेती है॥ इनकों आश्रय करके
मैं क्या सुखी होणा है॥ तांते सोई उपाव कहो॥ जिस करके
इन दुःखों तें मुक्त होवों॥ हे मुनीश्वर जब जरा अवस्था आ
वती है॥ तब मरण भी निकट आवता है॥ जैसे जब संध्या आ
ई तब रात्र आई॥ जब संध्या के आए ते दिन की आस्था करे
तो महा मूर्ष है॥ तैसे जरा के आए तें जीवण की आस्था राखे
तब मूर्षता है॥ हे मुनीश्वर जैसे बिली चितवती है जो चूहा
आवे तो ग्रास लेवों॥ तैसे मत्यु चितवती है॥ जो जरा आवे तो
ग्रास लेवों॥ सो जरा अवस्था तो मानो काल की सषा है॥ तब
काल जो इसका स्वामी है॥ सो इसकों ग्रास लेता है॥ हे मुनी
श्वर जब जरा आवती है॥ तब मत्यु प्रसन्न होती है॥ जैसे चंद्र
मा के उदे हूए चंद्रमुखी कमल बिड आवते हैं॥ तैसे जरारू
पी चंद्रमा के उदय हूये मत्यु रूपी कमल बिड आवते हैं
हे मुनीश्वर इह जरा अवस्था बडी दुष्ट है॥ वडे वडे जो हूये
हैं॥ तिनकों भी इसदीन कीया है॥ जदपि ऐसे सूर में हूये हैं
जो संग्राम विषे जिनों ने युध कीए हैं॥ अरु शत्रुयें को जीत्या
है॥ तो भी जरा रूपी पिसाचनी के संग कर दीन हो गए हैं॥ हे
मुनीश्वर जैसे गंगा के तट पर वृक्ष होते हैं॥ सो तिसके वेग
कर जर्जरी भाव हो जाते हैं॥ तैसे सरीर जर्जरी भाव हो जा
ता है॥ जैसे आकास तें उड़ती इल मांस के टुकडे को देष
कर झट मार लै जाती है॥ तैसे जरा के आए तें काल ग्रास
लेता है॥ हे मुनीश्वर इह तो काल का ग्रास बना हूया है॥ जै
से वृक्ष को हस्ती भोजन कर लेता है॥ तैसे जरा अवस्था को
ले देष कर काल भक्षण करता है॥ इति श्री वैराग्यप्रकर्णे जरा
वर्णनं नाम सर्गः॥ २८॥ रामोवाच॥ हे मुनीश्वर जेतक बूपदा
र्थ हैं॥ सो सब काल ग्रास लेत हैं॥ अरु बडे बडे बली हूये
काल हैं॥ जो सुमेर ते भी गंभीर थे॥ तिनकों भी ग्रास लीया है॥ अर
जगत रूपी एक गूलर का फल है॥ तिस विषे मछा है॥ सो
ब्रह्मादिक हैं॥ अरु इनों फलों के जो वृक्ष हैं॥ सो सब इस
काल का ग्रास हैं॥ सब को इस ने भक्षण करणा है॥ हे मुनी

जैसे सर्प को गरुड अथवा नोला ग्रास लेता है तैसे बडे बलीयों को भी
काल ग्रास लीया है ४

श्वर इह काल बडा बली है ॥ जो कछु देषणे विषे आवता है
सो सभ ने उस ग्रास लेवणा है ॥ अब मैं कौं क्या कहिणा है ॥ ह
मारे बडे जो उस्मा जो हैं ॥ तिन कौं भी काल ग्रास लेवणा है
जैसे मृग कौं सिंह ग्रास लेता है ॥ अब रमती काल कौ न हो
ए हो है ॥ घडी महूर्त पल विपल इसी कर जानीता है ॥ अरु
एक बेली तिस ने पसारी है ॥ जो रचा तिस की रात्रि है ॥ अ
रु फल उसका दिन है ॥ जो बरूपी नवरे तिस पर आने बै
ठते हैं ॥ हे मुनीश्वर इह काल बडा कूर है ॥ जो किसी पर द
या नहीं करता ॥ सभ कौं भोजन कर लेता है ॥ पर एक कम
लरूपी जो है सो उस तें बचा है ॥ सो कमल कैसा है ॥ जो अं
ति अरु मैत्री तिस के अंकुर हैं ॥ अरु चैतन्यता मात्र गंध का
स है ॥ इस कारण तें उह बचा है ॥ जो काल उस कौ पहुंच नही
सकता ॥ उस विबेग आत्म हूया काल भी लीन हो जाता है ॥ जो
ऐसे हैं ॥ तिन कौं भी काल मारता है ॥ ब्रह्मा विष्णु रुद्रादिक
सभ मूर्ती उस धारी हैं ॥ बहुड उस कौं अंतर ध्यान कर ले
ता है ॥ हे मुनीश्वर उत्पत्ति इस्थित अरु प्रलय सभ काल
तें होती है ॥ अनेक बार महाकल्प कौ ग्रास लीया है ॥ अरु
अनेक बार लेवेगा ॥ तिस के भोजन कर तें तृप्त कदाचित
नहीं होता ॥ अरु कदाचित होणा भी नहीं ॥ जैसे अग्नि घृत
की आहूती करत तृप्त नहीं होती ॥ तैसे जगत ब्रह्मांडों कौं
काल भोजन कर ले कर तृप्त नहीं होता ॥ अरु इन का ऐसा
स्वभाव है ॥ जो इंद्र कौं दारिद्री चा करता है ॥ अरु दारिद्री
कौं इंद्र चा करता है ॥ अरु सुमेर कौं राई चा करता है ॥ अर
राई कौं सुमेर चा करता है ॥ सभ तें ऊंचे ईश्वर्यवानों कौं नीचा
करता है ॥ सभ तें नीचे कौं ऊचा करता है ॥ बूंद कौं समुद्र कर
ता है ॥ अरु समुद्र कौं बूंद करता है ॥ ऐसी सासन सक्ति काल
की है ॥ जो मूढ जीव हैं ॥ तिन कौं शुभ अरु अशुभ रेसा पाछेद
ता रहता है ॥ काल रूप चक्र जीव रूप पिंडों कौं शुभ अशु
भ रूपी माल सा बांध कर अधः ऊर्ध कौं फिरावता है ॥
हे मुनीश्वर जेता कछु जगत विलास भासता है ॥ सो सभ कौं

श्री अक्षर जेताक कछु प्रपंच है सो काल के मुख विषे है ५३

कालग्रासलेता है॥ अरु जीवरूप रत्नोंका डबा कालरूपी सर्प नें उदर विषे सभनों कों मारता जाता है॥ क्रीडा पड़ा करता है॥ चंद्रमा सूर्य को खेनुं जानकर कबहूं अधः करता है॥ कबहूं ऊर्ध्व उठावता है॥ अरु जो महापुरुष हैं॥ सो सनकाल विषे समान रहते हैं॥ स्नेह किसी विषे नहीं करते॥ इसकर काल इनके नाश करणे को समर्थ नहीं होता॥ जैसे रुंडों की माला रुद्रजी गले विषे धारते हैं॥ तैसे जीवों की काल भोजन करता है॥ हे मुनीश्वर जो बडे बडे बली हैं॥ तिनों कों भी काल ग्रास लेता है॥ जैसे समुद्र को बडवाअग्नि ग्रास लेती है॥ तैसे काल सभनको ग्रास लेता है॥ हे मुनीश्वर सत्वगुण देवता हैं॥ अरु राजस गुणी राजा हैं॥ अरु तमोगुण प्रधान जो दैत्य हैं॥ तिनों विषे समर्थ कोऊ नहीं॥ जो इस्थित होवे॥ जैसे टोकणी विषे अन्न जल पाईता है॥ अरु तले अग्नि जगाती है॥ तब अन्न के दाणे अधः ऊर्ध्व को भ्रमते हैं॥ तैसे काल सभ जीवों कों भ्रमावता है॥ हे मुनीश्वर इह काल महा कठोर है॥ अस्थिर रहणे किसी को नहीं देता॥ मुजको भी इसी का भय आवता है॥ तातें मुजकों सोई उपाव कहो॥ जिसकर इसतें निर्भय होवों॥ इति श्री वैराग्य प्रकर्णे कालवृत्तांत वर्णनं नाम सर्गः॥ १८॥

रामो०॥ हे मुनीश्वर इह काल बडा बली है॥ जैसे राजा का पुत्र सिकार खेलने लागता है॥ तब बनचर जीव दुःख को पावते हैं॥ तैसे काल राजपुत्र सिकार खेलता है॥ तब सभ जीव दुःख पावते हैं॥ हे मुनीश्वर इह काल महा भैरव है॥ जो सभ के ग्रास लेता है॥ अरु इसका जो चंडी शक्ति है॥ तिसका बडा उदर है॥ अरु काली है॥ जो सभन को ग्रास करके पाछें नृत्य करती है॥ जैसे बन के मृगों कों सिंह सिंहनी भोजन करके विचरते हैं॥ तैसे नाना प्रकार के पदार्थों कों काल रचकर बहुड़ ग्रास लेता है॥ तातें मुजकों किसी जगत के पदार्थों की इछा नहीं॥ मुजको सोई उपाव कहो जिसकर इसतें छूटों॥ हे मुनीश्वर इस काल का महापराक्र

मही॥ इसके तेज के सन्मुख कोऊ नहीं ठहरता॥ सन इसी के
भय करके कांपते हैं॥ इह महा भैरव है॥ अरु इसकी जो
चंडका शक्ति है॥ सो महाबली है॥ अरु उहा नेत रूप है॥
तिसतें उलंघिल को ऊ नहीं हो सकता॥ महाकाल का रूप
काली है॥ अरु बडा भयानक जिसका आकार है॥ अरु का
लरूप जो रुद्र है॥ तिसतें अभिन्न रूप है॥ जब सन को ग्रा
स लेते हैं॥ तब पाछे भैरव अरु भैरवी निर्त करते हैं॥ सो
कैसी काली रूप भैरवी है॥ बडा जिसका आकार है॥ सीस
जिसका महा आकास है॥ अरु चर्ण जिसके पताल हैं॥ दसो
दिसा जिसकी भुजा हैं॥ अरु सप्त समुद्र जिसके हाथों विषे
कंकन हैं॥ संपूर्ण पृथवी उनके हाथों विषे पात्र है॥ तिस ऊ
पर जो जीव हैं॥ सो उसका भोजन हैं॥ हिमाला पर्वत अरु सु
मेर पर्वत दोनों कानों विषे तनोडे हैं॥ चंद्रमा सूर्य जिसके
कानों विषे लुडके हैं॥ अरु तारामंडल मस्तक ऊपर बिंदी
लागी हूई हैं॥ हाथों विषे त्रिसूल मूषल तें आदि ले कर स
स्त्र हैं॥ अरु जीवों के मारणे की तेड़ी फासी जिसके हाथ वि
षे है॥ ऐसी जो काली देवी है॥ सर्व जीवों को ग्रास करके भै
रव जो है रुद्र जी तिसके आगे निर्त करती है॥ अरु भैर
व जी कैसे हैं॥ जिसके आगे ठहिरणे की शक्ति किसी की
नहीं॥ जहां वेल्ली होवे॥ तहां तृण विषे उघाड कर लेवे॥ ज
हां उघाड होवे तहां तृण विषे वल्ली चा करे॥ इसते इसका
नाम देवी कहीता है॥ बडे बडे पदार्थों को नास करती है॥
इसी तें इसका नाम कांता है॥ नेत रूपी इसी तें है॥ जो इस आ
दि थास्या है॥ सोई होता है॥ हे मुनीश्वर काल रूपी ईश्वर है॥
तिसने क्रिया रूपी जाल पसास्या है॥ तिस विषे जीव रूपी पं
छीपडे फसते हैं॥ सांति को कदाचित नहीं पावते॥ हे मुनीश्वर
इह जो सभ नासी पदार्थ हैं॥ मैं यह किसको आश्रय करों॥ स्था
वर जंगम जगत सभ काल के मुख विषे है॥ मैं यह किसको आ
श्रय करके सुखी होवों॥ निर्भय आत्म पद जो है॥ सोई मुझ को
कहो॥ इति श्री वैराग्य प्रकर्णे कालविलास वर्णनं नाम सर्गः॥ २५

रामोवाच ॥ हे मुनीश्वर अबला महा चंचल है ॥ अरु मृत्यु
जो है ॥ सो इसके निकट है ॥ अन्यथा भाव को नहीं प्राप्त होव
ते देती ॥ इसको मारती है ॥ हे मुनीश्वर जेते कछु भोग हैं ॥ सो
रोग समान हैं ॥ अरु जिसको संपदा जानते हैं ॥ सो आपदा है ॥
जिनको सत जानते हैं ॥ सो असत्य है ॥ जिनको स्त्री पुत्रादि
क जानते हैं ॥ सो बंधन का कारण हैं ॥ अरु तृष्णा मृगतृष्णा
के जलवत है ॥ अरु इह देह जो है सो विकार रूप है ॥ अरु
इह मन चंचल अशांत रूप है ॥ अरु अहंकार महा नीच रू
प है ॥ इसाने दीनता को प्राप्त कीया है ॥ जेते कछु पदार्थ भा
सते हैं ॥ सो सब दुःखों के देणेहारे हैं ॥ तिनकर इसको शांति
कदाचित नहीं होती ॥ तांते इसकी इच्छा मुझको कछु नहीं ॥
हे मुनीश्वर बडे समुद्र दृष्ट आवते हैं ॥ अरु सुमेरादिक प
र्वत हैं ॥ सो सब नाश हो जावेंगे ॥ तो हम सारखीयां की क्या वा
र्ता है ॥ अरु बडे बडे दैत्य राक्षस हूए हैं ॥ ते भी नाश हो गए
हैं ॥ अरु इंद्र ते लेकर देवता अरु सिध हूये हैं ॥ अरु गंधर्व
हूये हैं ॥ सो सब नाश हो गए हैं ॥ तो हम सारखीयां की क्या क
हिणी है ॥ पृथ्वी जल अग्नि वायु सब नाश हो जावेंगे ॥ तो ह
म सारखीयों की क्या कहिणी है ॥ यम कुबेर वरुण जो इह बडे ते
जवान हैं ॥ सब नाश हो जावेंगे ॥ अरु तारामंडल जो दृष्ट आ
वता है ॥ सो भी गिर पडेगा ॥ तो हम सारखीयों की क्या कहिणी है
हे मुनीश्वर ध्रुव जो इस्थित भूत है ॥ सो भी नष्ट हो जावेगा ॥ अ
रु चंद्रमा जो अमृत कर पूरण है मंडल जिसका ॥ अरु सूर्य
जो अखंड है मंडल जिसका ॥ ऐसे प्रकाश संयुक्त दृष्ट आ
वते हैं ॥ सो सब नाश हो जावेंगे ॥ तो हम सारखीयों की क्या वार्ता
है ॥ हे मुनीश्वर अवर किसी की क्या कहिणी है ॥ इह जो बडे
ईश्वर हैं ॥ जगत के अधिष्ठाता हैं ॥ तिनका भी विनाश हो जाणा
है ॥ परमेष्ठी जो ब्रह्मा है तिनका भी अभाव हो जावेगा ॥ हरि जो
विष्णु है तिस विषे हरतम है ॥ सो भी हरी जावेगी ॥ महा भैरव
रूप जो रुद्र है ॥ सो भी सन्य हो जावेगा ॥ तो हम सारखीयों की क्या
वार्ता है ॥ अरु काल जो सब को भक्षण करणहारा है ॥ सो भी

टूक टूक हो जावेगा॥ ऽअरु नासता को प्राप्त होवेगा॥ ऽअरु का
ल की इच्छा जो नेत है॥ सो भी ऽअनेतता को पावेगी॥ सन का ऽआ
धार जो ऽआकास है॥ सो भी नास हो जावेगा॥ तो हम सारखों को
क्या वाती है॥ हे मुनीश्वर जेता कछु जगत है॥ नाम रूप ऽअरु ऽअ
र्थ सो सब नास हो जावेंगा॥ तो मय किसको इछा करों॥ ऽअरु कि
स को ऽआसरा करों॥ इह जगत भ्रम मात्र है॥ ऽअग्यानी को इस
विषे ऽआस्था होता है॥ हम नहीं जानते जो जगत भ्रम कैसे उत
पत भया है॥ पर एता मैं जानता हों॥ जो इसको ऽअहंकार ही नें
दुःखी कीया है॥ हे मुनीश्वर इसका जो परम शत्रु है॥ सो ऽअहंका
र ही है॥ ऽअहंकार कर के भटकता फिरता है॥ इह जीव पर
मार्थ लखतें भूला हूया पराभटकता है॥ ऽअज्ञान करके प्र
श्री विषे ऽआस्था करता है॥ ऽअरु भोगों को सुख रूप जाण कर
तिनका तृष्णा करता है॥ जिनको भोग रूप जानता है॥ सो भोग
रूप हैं॥ विचार कीये विना इह ऽअपणा नास ऽआप ही करता है॥
काहतें जो इसका कल्याण बोध ही करता है॥ जो सत विचार
सहित बोध की सरणी पडै तब इसका कल्याण होवै॥ हे मुनीश्व
र जब तृष्णा उपजती है॥ तब मुदता [प्रसनता] ऽअरु धैर्यता को नास करती
है॥ मुजकों सोई उपाव कहो॥ जिस कर मय ऽअविनासी पद कों प्रा
प्त होवों॥ इस भ्रांत रूप जगत की मय ऽआस्था नहीं करता॥ जो
कछु सुख दुख इसकों होणा है॥ सो होवणा ही है॥ मिटता नहीं इ
स निमित यत्न करणां मूर्खता है॥ इति श्री वैराग्य प्रकरणे काल
विलासो नाम सर्गः॥ २० रामोवाच॥ हे मुनीश्वर इह जो नाना प्रकार के
पदार्थ रमणीक भासते हैं॥ सो सब नास रूप हैं॥ इह तो मन की
कल्पना करके रचे हूये हैं॥ इस विषे मय किसकी ऽआस्था क
रों॥ हे मुनीश्वर ऽअग्यानी जीवों का जीवणा व्यर्थ है॥ इस जीवणे
विषे उनका ऽअर्थ सिध कछु नहीं होता॥ ऽअरु इह सरीर भी तब
लग सुंदर भासता है॥ जब जरा नहीं ऽआई॥ जैसे चंद्रमा का प्रका
स तब लग उज्वल भासता है॥ जब लग राहु दैत्य ऽआछादन नहीं
कीया॥ जब राहु दैत्य ऽआवरण करता है॥ तब प्रकास नहीं भा
सता॥ तैसे जरा ऽअवस्था के ऽआए तें युवा ऽअवस्था की सुंदरता

ईजातीरहतीहै॥ हेमुनीश्वरजराकेआएतें सरीरकृषजैं
साहोजाताहै॥ अरुतृस्नावधतीजातीहै॥ जैसेवर्षाकालवि
षेनदीवधतीजातीहै॥ तैसेजराअवस्थाविषेतृस्नावधती
जातीहै॥ अरुजिनोंपदार्थोंकीइहतृस्नाकरताहै॥ सोपदार
थदुःखरूपहैं॥ हेमुनीश्वरतृस्नारूपीएकवडीनदीहै॥ तिस
विषेरागद्वेषादिकमछोंकरजीवपडेदुःखपावतेहैं॥ जिस
पदार्थोंकीइछाकरतेहैं॥ सोसभनासरूपहैं॥ मूर्षताकरके
इसकीइछाकरतेहैं॥ हेमुनीश्वरजोरणरूपीसमुद्रकोजी
तकरतरजातेहैं॥ तिनकोंमयसूरमानहीमानता॥ मयति
नकोंसूरमाजानताहैं॥ जोइंद्रीयांरूपीसमुद्रविषेमनकीवृ
त्तिरूपीतरंगउठतेहैं॥ जोऐसेसमुद्रकोतरजावै॥ सोसूरमा
है॥ हेमुनीश्वरअग्यानीतिसक्रियाकाआरंभकरतेहैं॥ जिस
केपरणाममविषेदुःखहोताहैं॥ जिसकेप्रणाममविषेसुखहै॥
तिसकाआरंभनहीकरते॥ जोवणेकोव्यर्थवीतावतेहैं॥ बाले
कअवस्थाविषेसून्यरहतेहैं॥ अरयुवाअवस्थाविषेकाम
करउनमत्तहोजातेहैं॥ तिसकांमकरकेउनमत्तहस्तीकीन्या
ई इस्त्रीरूपीकंदराविषेजायइस्थितहोतेहैं॥ वृद्धअ
वस्थाहोतीहै॥ तिसकरकृष्णसरीरहोजाताहै॥ अरुसभअं
गछीणहोजातेहैं॥ अरुतृस्नावधतीजातीहै॥ हेमुनीश्वरइ
हपुरुषरूपमहामूर्षपसूहै॥ अरुइहमानुषरूपीसरीर
पर्वतपरआनआरूढहूयाहै॥ अरुआकासकेफलजगत
केपदार्थोंकीइछाकरताहै॥ सोअधःकोगिडेगा॥ रागद्वेषरू
पीकंटकोंकेवृक्षहैं तिनकुंविषेजाइपडेगा॥ हेमुनीश्वरजेते
कछुपदार्थभासतेहैं॥ सोसभनासवंतहै॥ आकासकेफलों
कीन्याईंअसततहैं॥ इनकुंविषेआस्थाकरणामूर्षताहै॥ अरु
जोग्यानवानपुरुषहैं॥ तिनकोविषीयोंकेभोगोंकीइछानही
रहिती॥ काहेतेंजोआत्मप्रकासकरइनकोंमिथ्याजानताहै॥
हेमुनीश्वरऐसाग्यानवानपुरुषदुर्लभहै॥ जिनकेकामनां
कोऊनहींरही॥ सदाआत्मइस्थितकरकेसोभताहै॥ ऐसेपुरु
षकोसंसारविषेइछाकछुनहीरहिती॥ काहेतेंजोइहपदा

र्थ असतसरूप जानता है॥ हे मुनीश्वर इह जगत नासरूप है॥ दे
षते देषते नष्ट होजाता है॥ तिस विषे मय किसका आसरा करें॥
जब सहस्र चौकड़ी युगों की व्यतीत होती है॥ तब ब्रह्मा का ए
क दिन होता है॥ तिस दिन के क्षय हूए तें सर्व जगत नी प्रल
य हो जाता है॥ बहुड ब्रह्माजी काल कर के नास हो जाता है॥
अरु ब्रह्माणी ए ते नास हूए हैं॥ जिन की संख्या नहीं करी जा
ती॥ असंख्य ही ब्रह्मा नास हो गए हैं॥ तो हम सारषों की क्या
वार्त्ता कहिणी है॥ हम कैसे आयु को भोगें॥ अरु किसकी सेव
ना करहि॥ एता सम चंचल रूप है॥ इस्थिर किसी रहिणा नहीं
एक एक क्षण विषे परे ग्रण मते हैं॥ सम नासरूप है॥ इसकी
आस्था मूर्ष करते हैं॥ तिसके साथ हम को कछु प्रयोजन न
हीं॥ जैसे मृग मारुस्थल विषे जलपान के निमित्त दौडता है॥
परंतु अंत को नही पावता॥ तैसे मूर्ष जीव जगत के पदार्थों को
सत जान कर तृष्णा करते हैं॥ परंतु सांतवान नही होते॥ काहे
ते जो सर्व असार रूप है॥ अरु जो स्त्री पुत्रादिक भासते हैं॥
सो तबलग भासते हैं॥ जबलग सरीर नष्ट नहीं भया॥ जब
सरीर नष्ट भया॥ तब न जानीयेगा जो कहां गए॥ अरु कहां
सों आए थे॥ जैसे दीपक तेल बाटी तें रहित निर्वाण होजा
ता है॥ नहीं जाणिआ जाता जो कहां गया॥ तैसे बाटी रूपी बांध
व सनेह रूपी तेल तें रहित सरीर रूपी दीपक निर्वाण होजा
ते हैं॥ नहीं जानीए जाते जो कहां गए॥ हे मुनीश्वर इन बांधवों
का जो मिलाप है॥ सो ऐसे है॥ जैसे तीर्थयात्रा को यात्री चले जा
ते हैं॥ तिनका समूह एक क्षण वृक्ष की छाया के नीचे बैठ जाते
हैं॥ तैसे बांधवों का मिलाप है॥ जैसे उन यात्रीयों विषे सनेह
करणा मूर्षता है॥ तैसे बांधवों विषे स्नेह करणा मूर्षता है
हे मुनीश्वर अहं मम की जेवडी के साथ बांधे हूए हैं॥ सो घरी
यंत्र की न्याई भटकते फिरते हैं॥ तिनको सांत कदाचित न
ही प्राप्त होती॥ उह देषणे मात्र तो चेतन दृष्ट आवते हैं॥ पर
उसतें पसु अरु बिलाणी श्रेष्ट है॥ जिनकी संवित देह इंद्रीयों
साथ बांधी हूई है॥ उह महामूर्ष हैं॥ उनको आत्मपद का प्रा

तैसे बाटी रूपी जो बांध
व हैं तिनविषे [illegible] नेह
रूपी जो तेल है तिसकर
सरीर जो भासते हैं सो
प्रकास है जब बाटी
रूपी दीपक प्रकास
निरवाण होते हैं ५

मी

जों

३०

30

म होवणी कथन है ॥ जैसे पवन कर के वृक्ष सो पात दूर ते हैं ॥ अरु उड जाते हैं उनकी वृक्ष साथ लागण कथन है ॥ तैसे जो देह दिकों साथ बोध्य कृये हैं ॥ तिन को आत्मपद प्राप्तण कथन है ॥ हे मुनीश्वर जब आत्मपद ते इह जीव वेमुख होता है ॥ तब जगत नाम को प्राप्त होता है ॥ अरु जब आतमा की और आवता है ॥ तब संसार इसको विस्मर्ण हो जाता है ॥ काहे तें जो पदार्थ जगत विषे नासवंते हैं ॥ सो सभ नास हो जाते हैं ॥ तां ते मय किसका आसरा करें ॥ उह पदार्थ मुजको कहो ॥ जिसका नास न होवे ॥ इति श्री वैराग प्रकरणे सर्व पदार्थ अभाव प्रतिपादनं नाम भागः ॥ २२ ॥ राम उवाच ॥ हे मुनीश्वर जेता कछु स्थावर जंगम जगत दिषीता है ॥ सो सभ नासरूप है ॥ किसी इस्थिर रहिणा नहीं ॥ अरु जो खाई स्थान थे ॥ सो देखते ही जलकर पूर्ण हो गए हैं ॥ अरु वडे जल के समुद्र दृष्ट आवते थे ॥ सो खात रूप हो गए हैं ॥ अरु जहां वस्ती थी तहां उद्याड हो गई है ॥ अरु जहां उद्याड थी तहां वस्ती हो गई है ॥ हे मुनीश्वर इस प्रकार देषते देषते पदार्थ विपर्यय हो जाते हैं ॥ बहु उ भय किसका आश्रय करों ॥ जो बडे बडे ऐश्वर्य कर संपन्न हूते हैं अरु बडे कर्तव्य तिन कुं कीए हैं ॥ अरु वीरजवान अरु तेजवान इत्यादिक विभूतकर संपन्न कृये हैं ॥ सो नीस्मरण मात्र हो गए हैं ॥ तो हम सारष्यों की क्या कहिणी है ॥ सभ नास हो गए हैं ॥ एक क्षण पल विषे हम भी चल्या जावणा है ॥ एक क्षण विषे संपदावान होते हैं ॥ अरु दूसरे क्षण विषे दरिद्री होते हैं ॥ एक क्षण विषे जीवते हैं ॥ अरु दूसरे क्षण विषे मर जाते हैं ॥ अरु अवर क्षण विषे मूये कृये भी जीव उठते हैं ॥ इस जगत की इस्थिरता कदाचित नहीं ॥ अरु तां ते बुधवान किसी की आस्था नहीं करते ॥ काहे ते जो जगत के पदार्थ सदा परणामी है ॥ कब कूं पुरुष इस्त्री हो जाता है ॥ अरु इस्त्री पुरुष हो जाता है ॥ अरु मानुष पशु हो जाता है ॥ अरु पशु मानुष हो जाता है ॥ जंगम स्थावर हो जाता है ॥ अरु स्थावर जंगम हो जाता है ॥ मानुष देवता हो जाते हैं ॥ अ

रु देवता मानुष हो जाते हैं ॥ कबहूं अर्ध को जाते कबहूं ऊ
र्ध को जाते हैं ॥ स्थिर कदाचित नही होते ॥ हे मुनीश्वर जेते प
दार्थ दृष्ट आवते हैं ॥ सो सर्व नास रूप हैं ॥ किसी इ स्थिर र
हणा नहीं ॥ जैसे जेती नदी हैं ॥ सो सर्व वडवाअग्नि विषे ज
लती हैं ॥ तैसे जेते पदार्थ हैं ॥ सो सर्व अभाव रूपी अग्नि का
ने हो होवेंगे ॥ अरु वडे वडे बली हमारे देषते देषते अभाव
हो गए हैं ॥ हे मुनीश्वर इह जो अन स्थिर रूप पदार्थ हैं ॥ म
य किसका आश्रय करें ॥ इह जो सूर्य वडे प्रकाश कर दृष्ट
आवता है ॥ सो जड रूप हो जावेगा ॥ अरु अमृत कर पूर्ण चंद्र
मा दृष्ट आवता है ॥ सो भी भस्म हो जावेगा ॥ अरु सुमेर आदि
क जो पर्वत दृष्ट आवते हैं ॥ सो सर्व नास हो जावेंगे ॥ अरु स
प्त लोक भी नास हो जावेंगे ॥ मानुष देवता यक्ष राक्षसादिक
सर्व नास होवेंगे ॥ अरु नक्षत्र चक्र जो है सो भी नास हो जावेगा
हे मुनीश्वर अवर किसी की क्या कहणी है ॥ ब्रह्मा विष्णु रु
द्र जो जगत के ईश्वर हैं ॥ ते भी भस्म हो जावेंगे ॥ तो हम सारखों
की क्या वार्ता कहणी है ॥ जेता कछु जगत दृष्ट आवता है ॥ इ
स्त्री पुत्र बांधव ऐश्वर्य वीर्य नाना प्रकार कर जो शोभते
हैं ॥ सो सर्व नास रूप हैं ॥ बऊड मय किसका आश्रय करें ॥
अरु किसकी इछा करें ॥ हे मुनीश्वर जो पुरुष दीर्घ दर्सी
हैं ॥ तिसकौं सर्व पदार्थ विरस भासते हैं ॥ उह किसी पदार्थ
की इछा नही करते ॥ अरु अपणी भार्या विषली के चमत
कार वत देषते हैं ॥ जिनकों ऐसी अपणी अबला की प्रती
त है ॥ ते किसकी इछा करें ॥ जैसे किसी कों चंडका के बल देव
ले नमित पालते हैं ॥ अथवा ग्रामसके बल देवणे नमित
पालीता है ॥ तब उह बाले पीए की इछा नही करता ॥ तैसे
जिनकों अपणा मरणा सनमुष होता है ॥ तिसकों किसी प
दार्थ की इछा नही रहती ॥ जो पुरुष इस जगत के पदार्थों
का आश्रय करेगा ॥ जो मैं इन कर सुषी होवोंगा ॥ सो नाश
ताकों प्राप्त होवेगा ॥ हे मुनीश्वर जो पुरुष विचारतें रहित
है ॥ तिनकों इह जगत रमणीक भासता है ॥ बऊड इनप

दार्थों के निमित्त जतन करता है॥ सो घटीयंत्र की न्याई कबहूं
अधः को जाता है॥ कबहूं ऊर्ध्व कों जाता है॥ समदृश्य काल को
ग्रास बली हूई है॥ अरु जिन कों विचार की प्राप्त भई है॥ तिन
कों इह जगत ब्रह्म स्वरूप भासता है॥ अरु जिन कों विचार
की प्राप्त न ही॥ तिन कों जगत भोग पदार्थ भासते हैं॥ सो पुरुष
नासता कों प्राप्त भए हैं॥ इह पदार्थ स्वप्नपुर की न्याई हैं॥ मय
इन की कैसे आस्था करों॥ इन का संबंध दुःखों के निमित्त है
जैसे मिठाई विषे विष मिली हूई होवै॥ उसके भोजन करणे
हारा मृत्यु कों प्राप्ति होता है॥ तैसे विषय भोगणे हारा नाश
कों प्राप्त होता है॥ इति श्री वैराग्य प्रकरणे जगत विपर्यय वर्ननं
नाम सर्गः॥२२॥ रामोवाच॥ हे मुनीश्वर इस संसार कों भोगों रू
पी अग्नि लागी है॥ तिस कर के पडे जलते हैं॥ अरु भोगों कर स
ब लोक दीन होर हे हैं॥ जैसे कमलों कों हस्ती चरणों कर मर्दन
करता है॥ तैसे भोगों कर पुरुष दीन होर हे हैं॥ जैसे वायु कर मे
घ नाश होजाते हैं॥ तैसे भोगों कर पुरुष दीन होते हैं॥ नाश हो
ते हैं॥ हे मुनीश्वर इह जगत नाशरूप है॥ किसी पदार्थ स्थिर
नहीं रहणा॥ तां ते मय किस की इछा करों॥ अरु किस का आ
श्रय करों॥ जो पुरुष वासनां रूपी जाल साथ इंद्रियों के अ
र्थ निमित्त फसीया है॥ सो बडे दुःखों कों प्राप्त होता है॥ हे मुनी
श्वर वासनां रूपी सूत्र विषे जीव रूपी मोती परोये हूये हैं॥
अरु मन रूपी ने दूया परोई कर के चेतन के गले विषे डार
ता है॥ जब वासनां रूपी तागा टूट पडे॥ तब भ्रम निवृत्त होजा
वे॥ हे मुनीश्वर इस के बंधन का कारण भोगों की इछा है॥ सो
भोगों की इछा कर पडा भटकता है॥ शांति को कदाचित नहीं
प्राप्त होता॥ तां तें मुज कों किसी भोग पदार्थ की इछा नहीं॥ न
राज की इछा है॥ न भोगों की इछा है॥ न गृह की इछा है॥ न ब
न की इछा है॥ न मरणे कर दुःख जानता हों॥ न जीवणे क
र सुख जानता हों॥ सुख जो होणा है॥ सो आत्मज्ञान कर होणा
है॥ अन्यथा किसी पदार्थ कर सुख नहीं होवणा॥ जैसे सूर्य
के उदे विनां अंधकार का अभाव नहीं होता॥ तैसे आत्मज्ञा

न विनां सुख कदाचित नही होएगा॥ तांते सोई उपाव कहो जिसक
र आत्म ज्ञान प्राप्त होवे॥ तब सुखी होवों॥ हे मुनीश्वर भोगों के भो
गने हारा अहंकार है॥ सो अहंकार मय त्याग कीया है॥ बहुड़ भो
गों की इछा कैसे होवे॥ हे मुनीश्वर इह विषय सर्प रूप हैं॥ जिन को
अपणा स्पर्श करते हैं॥ तिस का नास करते हैं॥ सर्प का दंस्या ए
क वार मृत्यु होता है॥ अरु विषय रूपी सर्प का दंस्या अनेक
जन्मों पर्यंत मरता जाता है॥ तांते परम विष विषय भोग हैं॥ वि
ष विष नही॥ विषय भोग विष हैं॥ हे मुनीश्वर आरे के साथ अं
गों का काटणा मंय सहारता हों॥ अरु वज्र कर के सरीर का चू
र्ण करणा मय सहारता हों॥ पर विषयों का भोगणा मुज को न
ही सहा जाता॥ इह मुज को बहुत दुःख दाइक दृष्ट आवते हैं
तांते सोई उपाव मुज को कहो॥ जिस कर के मेरे अंतर तें अज्ञा
न रूपी अंधकार दूर होवे॥ अरु जो न कहोगे॥ तब मंय अप
णी छाती पर धीर्य रूपी सिला दे कर बैठ रहोंगा॥ पर भोगों
की इछा मय न करोंगा॥ हे मुनीश्वर इह जेते पदार्थ हैं॥ सो सब
नाशवंत हैं॥ जैसे विद्युली का चमतकार होता है॥ अरु छप जा
ता है॥ जैसे अंजली विषे जल पाया नही ठहिरता॥ तैसे विष
य भोग अरु आर्बला नाश हो जाती है॥ जैसे वंड़ी कर मछी दुः
ख पावती है॥ तैसे भोगों की तृष्णा कर जीव दुःख पावते हैं॥
तांते मुज को किसी संसार के पदार्थ की इछा नहीं॥ जैसे जिस अव
पुरुष मृग जल को असत्य जाण्या है॥ तब उह जल पान की
इछा नही करता॥ तैसे मंय किसी पदार्थ की इछा नही करता
इति श्री वैराग्य प्रकरणे सर्व अनित्य प्रतिपादनं नाम सर्गः॥ २२॥
रामोवाच॥ हे मुनीश्वर संसार रूपी डोए विषे मोह रूपी कीच
मों मूर्ख मन गिड़ता है॥ तिस कर के बड़ा दुःख पावता है॥ शांति
वान के बहुड़ नही होता॥ जब जरा अवस्था आवती है॥ तब स
न अंग जर्जरी भाव हो जाते हैं॥ अरु कंपणे लागते हैं॥ अरु
तृष्णा वृध होती जाती है॥ जैसे जिउं जिउं निम का फल वृध
होता है॥ तिउं तिउं कटुक होता जाता है॥ हे मुनीश्वर जिनां पु
रुषों ने देह इंद्रीयादि को का आसरा लीया है॥ अपणे सुख
के नमित॥ ते पुरुष संसार रूपी अंधकूप विषे गिड़ेंगे॥ अ

रूनिकसनसकेगें॥अग्यानीकोविखेभोगोंकात्यागकदाचित
नहीकरता॥जैसेदेवताविवानोंकात्यागनहीकरते॥हेमुनी
श्वरजगतकेपदार्थोंसाथमेरीबुध्धिमलिनहोगईहे॥जैसे
वर्षाकालकीनदीमलनहोतीहे॥तैंसमेरीबुधिमलिनहोगे
ईहे॥तांतेसोईउपावकहो॥जिसकरनिर्मलहोवे॥अरूपर्व
तकीन्याईअचलहोवे॥अरुउहपदार्थकवनहे॥जोपरमा
नंदरूपांतिसरूपपयतननतेंनहिनहे॥अरुनिर्णयहे॥जिसकेपा
एतेंसंकाकोऊनहीरहती॥अरपावणानीकछुनहीरहता
॥अरसंपूर्णजगतनानाप्रकारब्रह्माकीरचनाभ्रमहोजाती
हे॥तिसपदपावणेकाउपावमुजकोंकहो॥हेमुनीश्वरजैसे
पदतेंजोमेरीबुधिभ्रमहे॥तांतेंमयशांतनहोहोता॥इहसं
सारअरुसंसारकेकर्ममोहरूपहे॥इनकुंविषेपड्याकूंया-
शांतकोंकदाचितनहीप्राप्तहोता॥अरजनकादिकजो
विदेहपविषेलागेहें॥अरुकमलकीन्याईअलेपरहतेहें॥
तैंसेसांतिवानसंसारविषेअलेपरहतेहें॥जैसेखलीकी
चविषेरहताहे॥अरकीचकास्पर्शनहीहोता॥तैंसेविदेहप
तारूपीराजविषेरहेहें॥परशांतिवानअलेपरहेहें॥हेमु
नीश्वरइहसंसाररूपीविसचकामुजकोलागीहे॥उहमंत्र
मुजकोकहो॥जिसकरइसकानासहोवे॥इसनेमुजकोंब
डादुःखदीयाहे॥अरुउहकवनप्रकाशहे॥जिसकेउदेहू
एमोहरूपीअंधकारकौनाशहोवे॥अरआत्मपदकीप्राप्तहो
जैंस वे॥हेमुनीश्वरबादरोंकरचंद्रमाअछादयाजाताहे॥तैंसेमे
रीबुधिविषयोंकरअछादीगईहे॥तांतेसोईउपावकहो
जिसकरइहआवर्णनाशहोवे॥अरुजोअमितसुखसुण
ताहे॥जिसकेपाएतेंपूर्णहोवीताहे॥अवरपावणाकछु
नहीरहता॥अरुसंपूर्णदुःखनष्टहोजातेहैं॥अंतरसीत
लहोजाताहे॥अैसाजोपदहेतिसकीप्राप्तकाउपावकहो
हेमुनीश्वरतिसचंद्रमाकीमुजकोइछाहे॥जिसकेप्रका
शकरबुधिरूपीकमलनीबिडआवताहे॥जिसकेअंब
तरूपीकिरणोंकोंपायकरतनमनिवृतहोतीहे॥हेमुनी

श्वर भुज को ग्रह विषे रहणे की इच्छा नहीं॥ अरु बन विषे रह
णे की इच्छा भी नहीं॥ तिस पद के पावणे की इच्छा है जिस
के पाए तें चिदानंद होवे॥ इति श्री वैराग्यप्रकरणे वैराग्यप्र
योजन नाम सर्गः॥ २४ रामोवाच॥ हे मुनीश्वर आर्बला की जो
आस्था करते हैं सो मूर्ष है॥ जैसे पत्र पर जल की बूंद होती है
तैसे आर्बला छण भंगुर है॥ जैसे बर्षा काल मो मंडूक बोलते हैं
अरु कंठ उसका बे चल दृष्ट आवता है॥ तैसे आर्बला छण
छण विषे चली जाती है॥ जैसे सदा शिव के मस्तक पर चंद्रमा
का रेखा कोमल है॥ तैसे इस शरीर की आर्बला है॥ हे मुनीश्व
र इस विषे जिसको आस्था है सो मूर्ष है॥ इह शरीर तो का
ल का ग्रास है॥ जैसे चूहे को बिल्ली ग्रास लेती है॥ तैसे इसको
काल ग्रास लेता है॥ हे मुनीश्वर इह देहरूपी बडा रोग लागा
है॥ तिसके निवारण को कर्तव्य क्या है॥ अरु पावणे योग
क्या है॥ जिसकर देहरूप भ्रम निवृत्त होवे॥ अरु इह जगत मू
र्खों को रमणीक भासता है॥ ऐसा पदार्थ पृथवी विषे अरु
आकास विषे देवलोक विषे कोऊ नहीं॥ जो ज्ञानवान को र
मणीक भासे॥ ज्ञानवान को एक आत्मस्वरूप रमणीक भासता
है॥ अरु अज्ञानी जगत को रमणीक जानकर आस्था कर
ते हैं॥ हे मुनीश्वर चंद्रमा विषे जो कलंक है॥ तिसकर सोभा
सुंदर नहीं भासती॥ जब कलंक दूर होवे तब सुंदर भासे॥
तैसे मेरे चित्तरूपी चंद्रमा विषे कामनारूप कलंक है॥ तिस
कर उज्वल नहीं होता॥ तां तैसा कोई उपाव कहो जिसकर कलं
कता तें रहित चित्त स्थित होवे॥ जैसे जल विषे प्रवेश करे॥
अर जल स्पर्श न करे॥ तैसे जगत के पदार्थों का लेप न लागे
हे मुनीश्वर मन विषे जो मननरूपी सत्ता है॥ सो युक्तिकर दूर
होती है॥ सो युक्ति मेरे मोह के निवृत्त अर्थ कहो॥ आगे जिसकी
निवृत्त हुई है॥ अरु जिस प्रकार हुई है॥ सो कहो॥ अर जिसक
र तुमारा अंतर शीतल हूया है॥ अरु जिस प्रकार अवरों का
हूया है॥ सो कहो॥ हे मुनीश्वर जैसे तुम जानते हो॥ सो कहो॥ अ
र जो तुमारे विद्यमान इह युक्ति नहीं पाई ती॥ तब मैं सर्वत्या

गकरके निरहंकार होय रहोंगा॥ जबलग उह युक्ति मेरे ताईं
प्राप्त न होवेगी॥ तबलग मैं य सरीर की क्रिया कछू न करों
गा॥ एही करोंगा॥ जो न मय हों॥ न मेरा देह है॥ सर्व त्याग कर
बैठ रहोंगा॥ जैसे कागज पर पुतली लिषी होती है॥ तैसे हो
रहोंगा॥ स्वास नी आवते जावते आवेहीं क्षीण होजावेंगे॥ अ
नर्थ रूपी देह निर्वाण होजावेगी॥ तब महा शांतिपद को प्रा
प्ति होवेंगा॥ वालमीकोवाच॥ हे भारद्वाज ऐसे कहिकर
रामजी तूष्णीं होय रहे॥ जैसे बडे मेघ को देखकर मोर आह्लाद
करके तूष्णीं होय रहते हैं॥ तैसे रामजी तूष्णीं होय रहे॥ इति
श्री वैराग्य प्रकरणे राम प्रश्न समाप्तं नाम सर्गः॥
॥३५॥ वालमीकोवाच॥ हे भारद्वाज जब रामजी ऐसे
वचन कहे॥ तब सभ विस्मय को प्राप्त भए॥ रोम खडे होय आए
मानो रोम भी ऊंचे होकर रामजी के वचन सुणते हैं॥ वसिष्ठ
वामदेव विश्वामित्र आदिक॥ अरु राजा दशरथ अरु इन
तें आदि लेकर सभ आश्चर्यमान हूये॥ अरु आकासचारी
सिध देवता गंधर्व किंनर जो थे॥ सो धंन्य धंन्य कहिकर पु
ष्पों की वर्षा करी॥ इस प्रकार अर्ध घडी पर्यंत वर्षा करी॥
सिधोवाच॥ हे कमल नयन रघुवंशीयों के कुल के चंद्रमा
तुं धंन्य है॥ हमों ने बहुत प्रकार के वचन सुणे हैं॥ पर ऐसे क
हूं नहीं सुणे॥ जैसे रामजी कहे हैं॥ इन वचनों को सुणकर हमा
रे विषे जो सिधता का अभिमान था॥ सो अब निवृत हूया है॥
वालमीकोवाच॥ हे भारद्वाज सिध ऐसे वचन कहिकर वि
चारते भए॥ जो रामजी ने बडे उदार वैराग्य के वचन कहे हैं॥
तिनका उत्तर मुनीश्वर देवें॥ तब वसिष्ठ विश्वामित्र वामदेव
पुलह पुलस्त्य तें आदि लेकर सभ उठ खडे हूये॥ राजा दशर
थ उठकर मंडलेश्वरों सहित मुनीश्वरों की पूजा करी॥ बहुत
सूर्य की किरणों साथ आए॥ यथा योग आसनों पर बैठ गए॥
वसिष्ठ विश्वामित्र नारद व्यासजी वामदेव पुलह पुलस्त्य अं
गिरा जो वृहस्पति का पिता है॥ अरु भृगु आए॥ अरु मैं य वाल
मीक भी तहां था॥ इत्यादिक ब्रह्म रिषि राज रूप सिध देवता

अरु देवतांके वंदिवे नायक सन्मान स्थित हुए॥ सम(
विदितवेद्य परम विश्रांतको प्राप्त भए॥ यथायोग्य आसनोंप
र स्थित भए॥ जहां रामजी बैठेथे रामजीकी पूजा करी॥ क्या पू
जा करी॥ हे रामजी धंन्य हे॥ धंन्य हे॥ धंन्य हैं तुं॥ एही पूजा करी
अरु नारदादिक कहत भए॥ हे रामजी तुजनें जो वैराग्य वि
वेकके वचन कहे हैं॥ सो सभको प्यारे लागते हैं॥ सभके क
ल्याण करता हैं॥ अरु परम बोधका कारण हैं॥ अब महा
वाक्योंका अर्थ तुमारे विषे प्रगट होता दृष्ट आवता हे॥ जैंसे
उज्वल पात्र तुम हो॥ तैंसा कोऊ विरला होता हे॥ जिसको संसा
रसमुद्र तें तरणेकी इछा होई हे॥ पुरुषप्रयत्न करकें सोई
मानुष हे॥ हे साधो वृक्ष तो बहुत हे॥ पर लौंगका वृक्ष कोऊ
विरला होता हे॥ तैंसे सरीरधारी मानुष बहुत हें॥ पर परम
पदके पावणे हारा कोऊ होता हे॥ जैंसे जल विषे तेलकी बूं
द पाई पसिर जाती हे॥ तैंसे थोडा वचन भी ईहां बहुता होवे
गा॥ इसकी बुध बहुत विसाल हे॥ अरु प्रकासवान हे॥ बो
धका परमपात्र हे॥ ॥इति श्री वैराग्यप्रकरणे मोक्ष
उपायो नाम सर्गः॥ समाप्तम्॥ २६ ॥ १॥

श्रीगुरुभ्यो नमः॥ अथ मुमुक्षुप्रकरण लिख्यते॥
वाल्मीकोवाच॥ हे नारदजी इह जो वचन हें॥ सो परमपा
वन हें॥ अरु कल्याणके कर्त्ता हें॥ इन विषे प्रीति तब होती हे
जब बहुत जन्मोंके पुण्य आन इकठे होते हें॥ तिनकी प्रीति इ
न वचनोंके श्रवण विषे होती हे॥ अरु तिनहींकों इन वचनों
का श्रवण प्राप्ति होता हे॥ इह वचन परम बोधका कारण हें
एक सहस्र पंचस इश्लोक वैराग्यप्रकरणके हें॥ हे नारदजी
जब इस प्रकार रामजी कहा॥ तब विश्वामित्रजी बोल्ये॥
विश्वामित्रोवाच॥ हे ज्ञानवानों विषे श्रेष्ठ रामजी॥ जो क
छु जानणे योग्य था सो तुम जान्या हे॥ अब इसतें जानणे क
छु नहीं रहा॥ पर तिस विषे विश्रांत पावणेके निमित्त कछु मा

र्जन करणा हे॥ जैसे शुध आदर्स विषे कछु मलिनता होवे॥ ज
ब उसको दूर करीये॥ तब शुध स्पष्ट मुख भासता हे॥ तैसे क
तुंजको छु इक उपदेस की अपेक्षा हे॥ हे रामजी तुज जैसा इस भगवा
न् व्यासजी का पुत्र शुकजी होत भया हे॥ उह भी विद्या बुधिवा
न था॥ जो कछु जानने योग्य है॥ सो तिसने जाणा था॥ पर विश्रां
त के निमित उसको अपेक्षा थी॥ उह विश्रांत को पाकर शांति
वान हूया हे॥ रामोवाच॥ हे भगवन शुकजी कैसा बुधवा
न था॥ अरु ज्ञातज्ञेय था॥ अरु उसको कैसे विश्रांत की अपेक्षा
थी॥ अरु कैसे विश्रांत को पावता भया॥ सो कृपा कर कहो॥
विश्वामित्रोवाच॥ हे रामजी अंजन के पर्वत की न्यांई जि
सका आकार हे॥ ऐसा जो भगवान व्यासजी स्वर्ण के सिंहास
न पर राजा दसरथ के पास बैठा हे॥ अरु सूर्य की न्यांई प्रका
शवान जिसकी कांत हे॥ तिसका पुत्र शुकजी था॥ अरु सर्व शा
स्त्रों का वेता था॥ सत को सत जाणा था॥ जो आतमा शांति रू
प हे तिसको जाणा था॥ पर विश्रांत को न पावत भया॥ तब उ
सको विकल्प उठया॥ जो जिसको मय जाणा हे॥ सो न होवेगा
का हे ते जो मुजको आनंद नहीं भासता॥ हे रामजी इस संसय
को धार कर एक काल में व्यासजी सुमेर पर्वत की कंदरा मो
बैठे थे॥ तिनके निकट आया॥ अरु कहत भया॥ हे भगवन इ
ह संसार आडंबर कहां सो उठया हे॥ अरु निव्रत कैसे होता हे
अरु आगे किनका निव्रत हूया हे॥ सो कहो॥ हे रामजी जब इ
स प्रकार शुकजी कहा॥ तब विदित वेद्य जो व्यासजी हे॥ सो त
त्व का उपदेश कहत भया॥ तब शुकजी कहा॥ हे भगवन जो क
छु तुमों कहा हे॥ सो मैं आगे ही जानता हों॥ इस कर मुजको शां
ति नहीं प्राप्त होती॥ हे रामजी जब इस प्रकार शुकजी कहा॥
तब सर्वज्ञ जो व्यासजी हे॥ सो विचारत भया॥ जो मेरे वचनों कर
इसको शांति न प्राप्त होवेगी॥ काहे ते जो इसको पिता अरु पुत्र
का संबंध भासता हे॥ ऐसे विचार करके कहत भया॥ हे पुत्र मं
य अत्यंत तत्वज्ञ नहीं॥ तां ते तूं राजा जनक के निकट जाउ॥ उ
ह सर्व तत्वज्ञ हे॥ अरु शांतात्मा हे॥ उससों तेरा मोह निव्रत हो

वेगा॥ हे रामजी जब इस प्रकार व्यासदेवजी कह्यो॥ तब शुकजी
कहांते चल्या॥ तब विदेह नाम जो मिथिला नगर था राजा जन
क का॥ तिस विषे आया॥ ऽआइकर राजा के द्वार पर स्थित भया
ऽअरु ज्येष्टीकों कहा॥ जो राजा को जा कहु॥ व्यासजी का पुत्र शुक
जी ऽआन खडा है॥ ज्येष्टी जा कहा॥ तब राजा जानत भया जो जि
ज्ञासा के निमित्त ऽआया है॥ तब कहा॥ जो खडा रहे॥ तब सप्त दि
न खडा रहा॥ बहुड राजे पूछ्या॥ शुकजी जो आया था॥ तब ज्ये
ष्टी कहा खडा है॥ तब राजे कहा॥ ले ऽआवो ऽअंतहपुर विषे॥ सु
दर भोग भुगावो॥ तब ऽअंतहपुर विषे ले गए॥ ऽअंतहपुर की
स्त्रीयों विषे सप्त दिन रह्या॥ तब राजे पूछा॥ ऽअब शुक की क्या
दशा है॥ ऽअरु ऽआगे क्या दशा थी॥ उनो कहा॥ न आगें निरादर क
र शोकवान था॥ ऽअरु न अब भोगों कर प्रसन्न भया है॥ इस प्र
तिष्ट विषे एक समान है॥ जैसे थोडे पवन कर सुमेर चलायमा
न नहीं होता॥ तैसे उह बहि भोगों कर प्रसन्न नहीं॥ ऽअरु निराद
र कर चलायमान नहीं॥ तब राजे कहा ईहां ले आवो॥ जब शुक
जी ऽआया॥ तब राजा उठ्या॥ ऽअरु दोनों बैठ गए॥ तब राजे कहा
हे मुनीश्वर तुम किस निमित्त ऽआए हो॥ तुमको क्या वांछा है॥ जो
कछु वांछा है सो कहो॥ ॥शुकोवाच॥ हे गुरो इह संसार कैसे
उत्पत्ति भया है॥ ऽअरु कैसे शांति होता है॥ सो मुजको कहो॥ हे रा
मजी जब इस प्रकार शुकजी कह्यो॥ तब राजा जनक बोल
या॥ यथा शास्त्र॥ जो कछु व्यासजी कहा था॥ सोई राजे कह्या
तब बहुड शुकजी कहा॥ हे भगवन जो कछु तुमों कहा है॥
सोई पिताजी कहा था॥ ऽअरु सोई शास्त्र कहते हैं॥ ऽअरु विचा
र कर के मय भी जानता हों॥ जो इह संसार ऽअपणे चित्त के स्पं
द विषे उठ्या है॥ ऽअरु चित्त के निस्पंद हूयें निवृत्त हो जाता
है॥ पर विश्रांत मुजको नहीं प्राप्त होती॥ ॥जनकोवाच॥
हे मुनीश्वर मय कहा है॥ ऽअरु तूं भी जानता है॥ इसतें उपरंत
जानणे को कछु नहीं॥ इह जगत चित्त के फुरणे कर हूया है॥
ऽअरु चित्त के ऽअफुर हूयें निवृत्त हो जाता है॥ ऽअरु ऽआतम त
त्व नित्य शुद्ध परमानंद स्वरूप केवल चिन्मात्र है॥ तिस
का ऽअभ्यास कर॥ तब तूं विश्रांत को पावेंगा॥ तूं मुक्तिरूप हैं
तेरा यत्न ऽआतमा की ऽओर है॥ दृश्य की ऽओर नहीं॥ हे मुनीश्वर

तें व्यासजी तें अधिक मुजकों जानकर आया हैं॥ अरु हमारी वे
ष्टा बाधतें दृष्ट आवती है॥ अरु तुमारी बाधतें भी नहीं॥ हे रामजी
जब इस प्रकार राजे जनक कहा॥ तब सुकजी सुमेर पर्वत की
कंदरा की उर चले॥ अरु जाय कर निर्विकल्प समाध लगाई॥
दस सहस्र वर्ष निर्विकल्प समाधि विषे स्थित भए॥ बहुड नि
र्वाण हो गए॥ जैंसे तेल विनां दीपक निर्वाण हो जाता है॥ तैंसे नि
र्वाण हो गए॥ जैंसे समुद्र विषे बूंद लीन हो जाती है॥ तैंसे लीन हो ग
ए॥ जैंसे सूर्य का प्रकास संध्या काल विषे सूर्य मों लीन हो जाता है
तैंसे कल्पना रूपी कलंक कों त्याग कर ब्रह्म पद कों प्राप्त भए॥
॥ ॥इति श्री मुमुक्षु प्रकरणे सुकजी निर्वाण वर्ननं
नाम सर्गः॥ १ ॥ विश्वामित्रो वाच॥ हे राजा दसरथ जि
स प्रकार सुकजी था सुधि बुधि॥ तैंसे रामजी हैं॥ जैंसे उसकों वि
श्रांत के निमित्त कछु मार्जन कर्तव्य था॥ तैंसे रामजी कों विश्रां
त के निमित्त कछु मार्जन कर्तव्य है॥ काहे तें जो आवर्ण कर ले हे
रे भोग हैं॥ सो तिन तें इछा इसकी निवृत भई है॥ अरु जो कछु
जानणे योग था॥ सो जाण्या है॥ अरु हम कछु युक्ति बतावणी है
तिस कर इसकों विश्रांत प्राप्त होवेगी॥ जैंसे सुकजी कों थोडे
मार्जन कर विश्रांत प्राप्त भई है॥ तैंसे रामजी कों भी विश्रांत प्रा
प्त होवेगी॥ हे राजन अब रामजी कों भोगां की क्रिया स्पर्श नही
करती॥ जैंसे ज्ञानवान कों अध्यात्मताप स्पर्श नहीं करते॥
तैंसे रामजी कों सरीर की क्रिया स्पर्श नहीं करती॥ जब लग
इसकों आत्मानंद का प्रकास नहीं होता॥ तब लग विषयों
की वासना दूर नही होती॥ जब आत्मानंद प्राप्त होता है॥ तब
विषयवासना कोऊ नहीं रहती॥ जैंसे मारुस्थल विषे वेली न
हीं उपजती॥ तैंसे ज्ञानवान कों विषयवासनां नहीं उतपति हो
ती॥ हे साधो ज्ञानवान जो विषय भोगां का त्याग करता है॥ सो
किसी फल कों धार कर नहीं करता॥ स्वभाविक ज्ञानवान की
विषयवासनां नष्ट हो जाती है॥ जैंसे सूर्य के उदे हूए ते अंधका
र का अभाव हो जाता है॥ तैंसे ज्ञानवान कों विषयवासना का
अभाव भया है॥ तातें रामजी कों किसी भोग पदार्थ की इछा
नहीं॥ विदितवेद्य हूया है॥ पर विश्राम कों अवेक्षा चहता
है॥ तातें सो इक हों जिस कर विश्रांत होवे इसकों॥ हे राजन

इह जो भगवान वसिष्टजी हैं ॥ इनों की युक्त कर विश्रांतवान हो
वेगा ॥ अरु आगे भी इह रघुवंश कुल के गुरु हैं ॥ इनऊं के उ
पदेश द्वारा आगे भी रघुवंशी ज्ञानवान हूए हैं ॥ अरु भगवा
न वसिष्टजी कैसे हैं ॥ जो सर्वज्ञ साहीरूप त्रिकालदर्शी हैं ॥ अ
रु ज्ञान का सूर्य हैं ॥ इनों के उपदेश कर के रामजी आत्मपद
कों प्राप्त होवेगा ॥ हे वसिष्टजी उह ब्रह्माजी का उपदेश तुमारे स्म
रण विषे है किंउ ॥ जो जब हमारा तुमारा विरुध हूया था ॥ तिस
विरुध के शांति अर्थे निगाध पर्वत विषे ब्रह्मा आय कर उपदे
श कीया ॥ अरु विरुध को दूर कीया ॥ अब ऊही उपदेश रामजी
कों करो ॥ इह भी अब निर्मल ज्ञान के पात्र हैं ॥ अरु ज्ञानवान भी
वही हैं ॥ अरु निर्मल शांतरूप भी वही है ॥ जो शुध पात्र विषे युक्त
अर्पण होवे ॥ पात्र विनां युक्त नहीं शोभती ॥ जिस विषे शिष्यभा
व नां होवे ॥ अरु विषय तें विरक्तता न होवे ॥ ऐसा जो अपात्र पुरु
ष है ॥ तिस को उपदेश करणा व्यर्थ है ॥ अरु जो विरक्त होवे ॥ अ
रु शिष्यभाव न होवे ॥ तब भी उपदेश न करे ॥ दोनों कर संयुक्त
होवे ॥ तब उपदेश करे ॥ पात्र विनां उपदेश करणा व्यर्थ है ॥ जैं
से गौ का दूध पवित्र है ॥ पर निजीव की खलडी विषे पाया व्यर्थ
होता है ॥ तैसे अपात्र कों उपदेश करणा व्यर्थ होता है ॥ हे मुनी
श्वर जो शिष्य वैराग्य कर संपन्न होवे ॥ अरु उदार आत्मा होवे ॥
सो तुमारे उपदेश के योग्य है ॥ तुम कैसे हो वीतराग भय क्रोध
तें रहित हो ॥ परम शांतिरूप हो ॥ तांते तुमारे उपदेश का इह पा
त्र है ॥ वाल्मीकोवाच ॥ हे भारद्वाज जब इस प्रकार विश्वामि
त्र कहा ॥ तब नारद अरु व्यासादिक कहा ॥ साधु साधु ॥ अर्थ इह
जो भला कहा भला कहा ॥ जैसे ही यथार्थ है ॥ तब राजा दशरथ
के पास बडे प्रकाश को धारते हूये जो बैठे थे ॥ ब्रह्माजी के पुत्र व
शिष्टजी तिनों ने कहा ॥ हे मुनीश्वर जो तुमों ने कहा ॥ सो हमों ने मा
न्या ॥ ऐसा समर्थ कोऊ नहीं ॥ जो संतों की आज्ञा निवारण करे ॥ हे
साधो ॥ जो राजा दशरथ के पुत्र हैं ॥ तिन सभनों के रिदे विषे जो तम
रूपी अज्ञान है ॥ सो मय ज्ञानरूपी सूर्य कर निवृत्त करेंगा ॥ जैसे
सूर्य के प्रकाश कर अंधकार दूर हो जाता है ॥ तैसे मैं यह इनका अ
ज्ञान दूर करेंगा ॥ हे मुनीश्वर जो कब ब्रह्माजी उपदेश कीया था
सो मुज कों अखंडित स्मरण है ॥ सोई उपदेश करेंगा ॥ तिस क

र रामजी निरसंसे पद कों प्राप्त होवें ॥ वाल्मीकोवाच ॥
इस प्रकार जब वशिष्टजी कहा विश्वामित्र को ॥ तिसके अनं
तर मोक्ष उपाव संगता कहिणे को रामजी के सनमुख होत भया
॥ इति श्री मुमुक्षु प्रकरणे विश्वामित्र वचन वर्ननं
नाम सर्गः ॥ २ ॥ श्री वशिष्ठोवाच ॥ हे रामजी जो कछु
कमलजा ब्रह्माजी मुज को कहा है ॥ जीवों के कल्याण निमित्त ॥
सो भली प्रकार करके मेरे स्मरण विषे आवता है ॥ अब तुज कों
कहता हों ॥ सो सुण ॥ श्री रामोवाच ॥ हे भगवन कछु इक
प्रश्न करणे का अवसर मैं पाया है ॥ तिस संसय को दूर करो
मोक्ष उपाव जो संगता है ॥ सो तो तुम पास नही कहोगे ॥ परइ हे जो
तुमाने कहा ॥ शुकजी विदेहमुक्ति भया ॥ तो भगवान व्यासजी
जो सर्वज्ञ है ॥ सो विदेहमुक्ति किउं न हूए ॥ वशिष्टोवाच ॥
हे रामजी जैसे सूर्य के किरणों विषे त्रिसरेण होती है ॥ पर तिस
की संख्या कछु नही होती ॥ तैसे परम सूर्य की संवेदन रूप कि
रणों विषे जो त्रिलोकी रूपी त्रिसरेण है ॥ सो असंख्य है ॥ तिन
की संख्या कछु नही ॥ अनंत हो कर मिट गई है ॥ अरु अब भी
अनंत है ॥ अरु अनंत ही त्रिलोकीयां ब्रह्म रूपी समुद्र विषे हो
वेंगीयां ॥ सो तिनकी संख्या कछु नही ॥ रामोवाच ॥ हे भग
वन जो आगे व्यतीत होई हैं ॥ अरु जो आगे होवेंगीयां ॥ तिनकी
संख्या केतीइक है ॥ अरु वर्तमान को तो जानते हो ॥ वशिष्टो
वाच ॥ हे रामजी अनंत कोट त्रिलोकीयां के गण उपजे हैं ॥
अरु मिट गए हैं ॥ अरु अनंत होवेंगीयां ॥ अरु अनंत अ
ब हैं ॥ तिनकी संख्या कछु नही ॥ काहे ते जो जीव असंख्य हैं ॥ अ
रु जीव जीव प्रति अपणी अपणी सृष्टि है ॥ जब इह जीव मृतु
होता है ॥ तब उसी स्थान विषे अपणे अंतिवाहक संकल्प रू
पी सरीर विषे इसको बांधव भासि आवते हैं ॥ अरु उसी स्थान
विषे परलोक भासि आवता है ॥ पृथवी अप तेज वायु आका
श पंच भूत भासि आवते हैं ॥ अरु नाना प्रकार की सृष्टि वा
सना के अनुसार भासि आवती है ॥ बहुड़ उहां ते मृतु होता है ॥
तब बहुड़ उहां सृष्टि भासि आवती है ॥ नामरूप संयुक्त उहां
जाग्रत जगत सत होकर पड़ा भासता है ॥ बहुड़ उहां ते ज

बमत्सु होता है॥ तब उस पंचभूत की सृष्टि का अभाव होजा
ता है॥ अरु आवरन भास आवती है॥ अकृत हो के जो जीव होते
हैं॥ तिन को भी इस प्रकार अनुभव होता है॥ इस प्रकार एक ए
क जीव की सृष्टि होती है॥ अरु मिट जाती है॥ तिन की संख्या क
छु नहीं॥ तो ब्रह्म विषे सृष्टों की संख्या कैसे होवे॥ सो कैसा सृ
ष्टा है॥ जैसे पुरुष फेरी लेता है॥ तिस को सर्व पदार्थ भ्रमते दृ
ष्ट आवते हैं॥ जैसे स्वप्न विषे सृष्टि भासती है॥ तैसे जीवों को प
रलोक अरु इहलोक भ्रम करके भासते हैं॥ वास्तव तें जग
त कछु उपजा नहीं॥ एक अद्वैत तत्त्व अपने आप विषे इस्थि
त है॥ तिस विषे द्वैत भ्रम अविद्या करके भासता है॥ जैसे बालि
क को अपने पिछावें विषे वैताल भासता है॥ अरु भय पाव
ता है॥ तैसे अज्ञानी को अपनी कल्पना ही जगत रूप हो भास
ती है॥ हे रामजी इह ब्यास देव जी तो मेरे देषते विषे बतीस वा
र आया है॥ तिस विषे दस तो एक ही प्रकार रूप हुये हैं॥ अ
रु एक ही जैसी क्रिया॥ अरु एक ही जैसा निश्चा हुया है॥ अर
अवर दस समान सम हूए हैं॥ अरु बाहरा विलक्षण आका
र॥ अरु विलक्षण क्रिया चेष्टा हूई है॥ जैसे समुद्र तें तरंग हो
ते हैं॥ केई समान होते हैं॥ केई विलक्षण उठ पडते हैं॥ तैसे व्या
स हूये हैं॥ अरु सम जो दस हूए हैं॥ तिन विषे दसवां व्यास ए
हो है॥ अरु आगे भी होवेंगे॥ अष्ट वार एही महाभारत करेगा
बडे इनतें वीचारवत्ता होकर विदेहमुक्ति होवेगा॥ अरु हम
भी होवेंगे॥ अरु बालमीक भी होवेगा॥ अरु भृगु भी होवेगा
अरु बृहस्पति का पिता अंगिरा भी होवेगा॥ इत्यादिक अव
र भी होवेंगे॥ हे रामजी एक सम ही होते हैं॥ अरु एक विलक्ष
ण होते हैं॥ केई संकल्प कर उडते फिरते हैं॥ आवण जावण
स्वप्न भ्रम की न्याईं पडे देषते हैं॥ अरु वास्तव तें न कोऊ आव
ता है न जाता है॥ न जन्मता है॥ न मरता है॥ इह नाम अज्ञान
करके पडा भासता है॥ विचार कीए तें लिक सता कछु नहीं
हे रामजी जो पुरुष आत्म सत्ता विषे जागा है॥ तिस को द्वैत
भ्रम नहीं भासता॥ उह आत्मा दर्शी सदा शांतिरूप है॥ परमा
नंद स्वरूप है॥ अरु सर्व कलनां तें रहित है॥ ऐसा जो जीवन
मुक्ति पुरुष है॥ तिस को चलाइ कोऊ नहीं सकता॥ ऐसा जो

37

व्यासजी है॥ तिसको सदेहमुक्ति अरु बिदेहमुक्ति की कल
नां कोऊ नहीं॥ सदा अद्वैतरूप है॥ हे रामजी जीवनमुक्ति को
सर्वात्मा सर्व ओर तें पूरण भासता है॥ अरु स्वस्थित रूप है॥ अ
रु निर्वाणपद विषे इस्थित है॥ इति श्री मुमुक्षु प्रकर
णे असंख्य सृष्टि प्रतिपादनं नाम सर्गः॥ ३॥ वसिष्ठ
उवाच॥ हे रामजी जीवनमुक्ति अरु विदेहमुक्ति विषे भे
द कछु नहीं॥ हे रामजी जीवनमुक्ति अरु विदेहमुक्त का अ
नुभव तुमको गतह्वा नहीं भासता॥ काहेतें जो स्वसंवेद्य है॥
अरु जो तिनका भेद भासता है॥ सो असम्यक दर्शी को भास
ता है॥ ज्ञानवान को भेद नहीं भासता॥ हे रामजी पवन नभ ह्यो
विषे अरु॥ जैसे वायु स्पंद रूप होती है॥ तो भी वायु है॥ अर
निस्पंद होता है तो भी वायु है॥ उसके वायुत्व विषे भेद कछु
नहीं॥ स्पंद होवे अथवा निस्पंद होवे॥ अरु अवर जीवों को
स्पंद होता है॥ तो भासती है॥ अरु निस्पंद होती है तो नहीं भा
सती॥ तैसे ज्ञानवान को जीवनमुक्ति अरु विदेहमुक्त विषे भे
द कछु नहीं॥ उसदा अद्वैतरूप है॥ द्वैत कलना ते रहित है
अरु अवर जीवों को उसका सरीर भासता है॥ तब जीवनमु
क्ति कहते हैं॥ जब सरीर अदृष्ट होता है॥ तब विदेहमुक्त क
हते हैं॥ उसको दोनों तुल्य हैं॥ हे रामजी अब[श्रवण कर]गैले तिस संग को
सुण॥ जो सब लोकों का भूषण है॥ जो कछु सिध होता है॥ सो अ
पने पुरुषार्थ कर सिध होता है॥ पर पुरुषार्थ बिनां कछु सि
ध नहीं होता॥ इह जो कहते हैं॥ जो देव करेगा सो होवेगा॥ ते मू
र्ख हैं॥ इह चंद्रमा जो रिदे को शीतल करता है॥ सो इस विषे भी
सीतलता पुरुषार्थ कर हूई है॥ हे रामजी जिस अर्थ की को
ई प्रार्थना करे॥ अरु यत्न करे अथक कर फिरे नहीं॥ तो अव
श्य मेव सिध होता है॥ अरु पुरुष प्रयत्न किस का नाम है सो
सुण॥ संतजन अरु सत्तशास्त्रों के उपदेस को पाय कर तिन
के अनुसार चित्त का विचरणा होवे॥ सो पुरुष प्रयत्न है॥ इ
सतें इतर जो चेष्टा करता है॥ तिसका नाम उनमत्त चेष्टा है॥
अरु जिस निमित्त प्रयत्न करता है॥ सो पावता है॥ एक जीव था

सोउसनेपुरुषप्रयत्नकरइंद्रकीपदवीपाईहै॥ सोत्रिलो
कीकापतिहूयाहै॥ इंद्रकेसिंहासनपरआरूढहोतभया
है॥ हेरामजीआत्मतत्वविषेचेतनसंवितस्पंदरूपहोकर
फुरतीहै॥ उहअपनेपुरुषार्थकरब्रह्माकेपदकोप्राप्तहो
तीहै॥ सोअपनेपुरुषार्थकरहूईहै॥ केवलचैतन्यजोआ
त्मतत्वहै॥ तिसविषेचेतसंवेदनस्पंदरूपहूईहै॥ उहीचेत
नसंवितअपनेपुरुषार्थकरकेगरुडऊपरआरूढविष्णु
रूपहूईहै॥ अरुपुरुषोत्तमकहीताहै॥ अरुउहीचेतनसं
वितअपनेपुरुषार्थकरकरुद्ररूपहूईहै॥ अर्धंगपार्वतीको
धाररहाहै॥ अरुमस्तकविषेचंद्रमाकोधारयाहै॥ परम
शांतिरूपनीलकंठहै॥ तांतेजोकछुसिधहोताहै॥ सोअ
पनेपुरुषार्थकरसिधहोताहै॥ हेरामजीपुरुषप्रयत्नवा
लाजोसुमेरकोलोजनकीयाचाहे॥ तोभीहोताहै॥ तैसेजोपूर
वदिनदुःकृतकीयाहोवे॥ अरुअगलेदिनसुकृतकरीये॥
तोदुःकृतदूरहोजाताहै॥ जोकोउअपनेहाथोंकरचरणा
मृतभीनहीलेसकता॥ अरुपुरुषार्थकरकेउहभीपृथ
वीकेखंडखंडकरणेकोसमर्थहोताहै॥ इतिश्रीमुमुक्षु
प्रकरणेपुरुषार्थवर्ननंनामसर्गः॥४॥ वसिष्टोवा
च॥ हेरामजीजोकछुचित्तवांछाकरताहै॥ अरुशास्त्रोंके सोंकरताहै
अनुसारपुरुषार्थनहींकरता॥ सोसुखकोनहीपावता॥ उ
सकीउनमत्तचेष्टाहै॥ अरुपुरुषार्थभीदोप्रकारकेहैं॥ एक
शास्त्रअनुसारहै॥ एकशास्त्रविरुधहै॥ यथाशास्त्रविध
कोत्यागकरअपनीइच्छाकेअनुसारविचरताहै॥ सोसिध
ताकोनपावेगा॥ अरुजोशास्त्रकेअनुसारपुरुषार्थकरे॥
तिसकरसिधताकोपावेगा॥ अरुदुःखीभीनहोवेगा॥ जोअ
नुभवतेंस्मृतिहोतीहै॥ अरुस्मृतितेंअनुभवहोताहै॥ सोदो
नोंपुरुषार्थकरहोतेहैं॥ दैवतोकछुनहूयाकिंउ॥ हेरामजी
अवरदैवकोउनहीं॥ इसकाकीयाइसकोप्राप्तहोताहै॥ अ
रुजोबलिष्टहोताहै॥ तिनकेअनुसारविचरताहै॥ जोपूर्व
लासंस्कारबलीहोताहै॥ तोउसकीजयहोतीहै॥ अरुजो

क्रियमाण कर्म बली होता है॥ तो उसकी जय होती है॥ हे राम
जी इह जो सतसंग करता है॥ अरु सतशास्त्र विचारता है॥
बहुड विषयों की ओर दौडता है॥ तब पूर्वला संसकार ब
ली र्जणीता है॥ तिसकर इस्थिर नहीं हो सकता॥ ऐसे जान
कर तुज पुरुषप्रयत्न का त्याग नहीं करणा॥ जो पूर्वला सं
सकार बली भी होवे॥ पर सतसंग अरु सतशास्त्रों का अभ्या
स करे॥ तो पूर्वले संस्कार को पुरुषप्रयत्न कर जीत लेता
है॥ जैसे पूर्वले दिन विषे दुःकृत कीया होवे॥ अरु आगले दि
न सुकृत करे॥ तो पिछले का अभाव हो जाता है॥ तैसे पुरु
षार्थ कर सिध्यता होती है॥ सो पुरुषार्थ क्या है॥ अरु तिसकर
सिध क्या होता है॥ सो सुण॥ ज्ञानवान जो संत हैं॥ अरु सतशा
स्त्र जो ब्रह्मविद्या है॥ तिसके अर्थ अनुसार प्रयत्न करणा
इसी का नाम पुरुषार्थ है॥ अरु पुरुषार्थ कर पावणे योग
आत्मा है॥ जिसके पाए तें संसारसमुद्र के पार होवे॥ हे रा
मजी जो कछु सिध होणा है॥ इसको अपणे पुरुषप्रयत्न क
र होणा है॥ अवर दैव कोऊ नहीं॥ अरु जो शास्त्र के अनुसा
र पुरुषार्थ को त्याग कर कहते हैं॥ जो कछु करणा है सो दै
व करणा है॥ सो मानुषों विषे गर्दन हैं॥ तिनका संग न करीए
इनों की संगत करणी दुःखों का कारण है॥ इस पुरुष को प्र
थम तो इह कर्तव्य है॥ जो अपणे वर्णाश्रम को ग्रहण करणा
और के स्वभाव का त्याग करणा॥ बहुड संतों का संग अरु स
तशास्त्रों का विचार करणा॥ तिनकर अपणे गुण दोषों को
विचारणा॥ जो दिन रात्र विषे शुभ मय क्या करता हों॥ अरु
अशुभ क्या करता हों॥ आगे गुण अरु दोषों का साक्षी होक
र॥ जो गुण हैं संतोष धैर्य वैराग्य विचार अभ्यास तिन कों
वधावणा॥ अरु दोष जो इनतें विपर्यय हैं॥ तिनका त्याग क
रणा॥ सो जब ऐसे पुरुषार्थ को अंगीकार करेगा॥ तब पर
मानंद स्वरूप आत्मा को प्राप्त होवेगा॥ तातें हे रामजी पाइ
ल दूये मृग की न्याई नहीं होवणा॥ जो घास तृण पत्र को रसी
ला जानकर पडा चुगता है॥ तैसे इस्त्री पुत्र धनादिक विषे

मगन नही होवणा ॥ इनतें विरक्त होवणा है ॥ दंतोंसों दंत मिला
इकर संसार समुद्र के पार होवणे का यत्न करो ॥ अरु बल
कर बंधन को तोड कर निकस जावणा ॥ जैसे केसरी सिंह
बल करके पिंजरे सों निकस जाता है ॥ तैसे बंधन को तोड
कर निकस जावणा ॥ एही पुरुषार्थ है ॥ हे रामजी जिसको
कछु सिद्धता प्राप्त भई है ॥ सो अपणे पुरुषार्थ कर भई है ॥
पुरुषार्थ विनां नही होती ॥ जैसे प्रकाश बिनां पदार्थ का प्र
मन नही होता ॥ जिन पुरुषों ने अपणा पुरुषार्थ त्यागा है ॥ अ
रु दैव के आश्रित हूये हैं ॥ जो हमारा कल्याण दैव करेगा ॥ सो
कदाचित न होवेगा ॥ जैसे पत्थरों तें तेल निकास्या चाहे ॥ तो
नही निकसता ॥ तैसे उनका कल्याण न होवेगा ॥ हे रामजी
तुम दैव का आश्रय त्याग कर अपले पुरुषार्थ को आश्रय
करो ॥ जिन अपनां पुरुषार्थ त्यागा है ॥ तिनको सुंदर कांति
लक्ष्मी त्याग जाती है ॥ उनकी कांत लघु हो जाती है ॥ जैसे वसं
त रुत की मंजरी वसंत रुत गए तें विरस हो जाती है ॥ तैसे उ
सकी कांति लघु हो जाती है ॥ जिन पुरुषों ऐसे निश्चय की
या है ॥ जो हमारे पालनेंहारा दैव है ॥ ते पुरुष ऐसे हैं ॥ जैसे
कोऊ पुरुष अपणी भुजा को सर्प जान कर डरे ॥ अरु भ
य को पावे ॥ जाणे नही जो मेरी भुजा है ॥ तैसे अपले पुरुषार्थ
को त्याग कर दैव का आश्रय लेते हैं ॥ सो भय को पावते हैं ॥ अ
र इसका नाम पुरुषार्थ है ॥ जो सतसंग अरु सतशास्त्रों को
विचारे ॥ तिनके अनुसार विचरणा ॥ अरु जो इनको त्याग क
र अपणी इच्छा के अनुसार विचरते हैं ॥ ते इहां भी सुख न पा
वेंगे ॥ अरु आगे भी सुख न पावेंगे ॥ दुह नेलहे ॥ हे रामजी जैसे
इह आदि नेत कूई है ॥ जो पट है सो पट ही है ॥ जो घट है सो घ
ट ही है ॥ पट है सो घट नही होता ॥ घट है सो पट नही होता ॥ तै
से इह भी नित कूई है ॥ जो पुरुषार्थ अपले बिनां परमपद की
प्राप्त नही होती ॥ हे रामजी जो संतों की संगत करता है ॥ अरु
सतशास्त्र भी विचारता है ॥ अरु उनके अर्थ विषे पुरुषार्थ
नही करता ॥ अर्थ इह जो आत्म अभ्यास नही करता ॥ तिस

कों सिधता नही प्राप्त होती ॥ जैसे अमृतके कुंडके निकट भी
बैठा होवे ॥ परपान कीये बिनां अमर नही होता ॥ तैसे आत
म अभ्यास बिनां सिधता नही होती ॥ हे रामजी अग्यानी जी
व अपणे जीवणे अर्थ खोवते हैं ॥ जब बालिक होता है ॥ त
ब मूढ अवस्था विषे लीन होता है ॥ अर युवा अवस्था विषे
विकारों कों सेवते हैं ॥ अरु जरा अवस्था विषे जर्जरीभाव
होकर मृत्यु हो जाता है ॥ इसी प्रकार कर जीवणें अर्थ खो
वते हैं ॥ अरु जो अपणें पुरुषार्थ त्याग कर दैवका आश्र
य करते हैं ॥ सो आत्महंता हैं ॥ सो सुख न पावेंगे ॥ हे रामजी
जो पुरुष ब्यवहार अरु परमार्थ विषे आलसी भए हैं ॥ सो
दीनता कों प्राप्त होवेंगे ॥ इह मैं विचार कर देष्या है ॥ तांतें तु
म अपणे पुरुषार्थ को आश्रय करो ॥ सतसंग अरु शास्त्रों
रूपी आदर्श कर गुण दोषों कों देषकर ॥ दोषों का त्याग
करणा ॥ अरु गुणों का ग्रहण करणा ॥ जब गुणों का ग्रह
ण करोगे ॥ तब आनंदी होवोगे ॥ वाल्मीकोवाच ॥ हे भा
रद्वाज जब इस प्रकार वसिष्टजी कहा ॥ तब सायंकाल का
समा हूया ॥ सब सभा स्नान कों गए ॥ परस्पर नमस्कार कर
के ॥ बहुड सूर्य की किरणों साथ आन इस्थित भए ॥ इति
श्री मुमुक्षु प्रकरणे पुरुषार्थ वर्ननं नाम सर्गः ॥
॥५॥ वसिष्टोवाच ॥ हे रामजी इसका जो कोऊ पूर्वला पु
रुषार्थ है ॥ तिसी का नाम दैव है ॥ अवर दैव कोऊ नही ॥ ज
ब इह सतसंग अरु सतशास्त्रों के विचार द्वारा पुरुषार्थ
करे ॥ तब पूर्वले संस्कार कों जीत लेता है ॥ हे रामजी इसके
पूर्वले पुरुषार्थ का नाम दैव है ॥ अरु अवर दैव कोऊ न
ही ॥ जो अवर दैव कल्पते हैं ॥ ते मूर्ष हैं ॥ जो पूर्वले दिन सुकृ
त कर आया होता है ॥ तब उही सुष होकर दिषाई देता
है ॥ जो पूर्वला संस्कार बली होता है ॥ तब उसकी जय
होती है ॥ अरु जो पुरुषार्थ बली होता है ॥ तब इसकी
जय होती है ॥ तांतें जो कछु प्राप्त होता है ॥ सो इसी के पु
रुषार्थ कर सिध होता है ॥ जो इक त्रैभाव होकर पुरु

षग यत्न करणा॥ इसी का नाम पुरुषार्थ हे॥ जिसका यतन
इकत्र भाव हो कर करेगा॥ तिसको अवश्य मेव पावेगा॥
तातें तुम संतजनों अरु सतशास्त्रों के वचनों कर युक्त
सों आत्म अभ्यास करो॥ इसी का नाम पुरुषार्थ हे॥ जैसे
ग का आकार पदार्थ का ज्ञान होता हे॥ तैसे पुरुषार्थ कर
के आत्मपद की प्राप्त होती हे॥ हे रामजी श्रेष्ट पुरुष तेई
हें॥ जिन सतसंग अरु सतशास्त्रों द्वारा बुध को तीक्ष्ण
करके संसार समुद्र के तरणे का पुरुषार्थ कीया हे॥
अरु जो पुरुषार्थ को त्याग बैठे हें॥ ते पुरुष नीच तें नीच
गति को पावेंगे॥ अरु जो श्रेष्ट पुरुष हें॥ सो अपणे पुरु
षार्थ करके परमानंद को प्राप्त होते हें॥ जिसको पायक
र बहुरु दुःखी नही होते॥ अरु जो देषणे मात्र दृष्ट आव
ते हें दीन॥ सो उत्तम पद को प्राप्त भए हें॥ पुरुषार्थ करके॥
हे रामजी इस जीव को संसार रूपी विसूचिका रोग ला
गा हे॥ तिसके दूर करणे का उपाव सुण॥ संतजनों अरु स
तशास्त्रों के अर्थ विषे दृढ भावना करणी॥ जो कछु ति
नकुं ते सुण्या हे॥ तिसका बारंबार अभ्यास करे॥ अरु अ
वर सभ भावनों का त्याग करे॥ तब इसको परमपद की
प्राप्त होवेगी॥ अरु द्वैत भ्रम निवर्त हो जावेगा॥ अद्वैत रू
प आत्मा पद भासेगा॥ इसका नाम पुरुषार्थ हे॥ इति
श्री मुमुक्षु प्रकरणे परम पुरुषार्थ वर्ननं नाम स
र्गः॥ ६॥ श्री वसिष्ठोवाच॥ हे रामजी इस जीव को अ
पुरुषार्थ करके अध्यात्मताप आन लागते हें॥ तिसक
र सदा दुःखी पडा होता हे॥ शांति नही पावता॥ तुम रोगी
नही होवणा॥ अपणे पुरुषार्थ द्वारा जन्म मरण के बंध
न तें मुक्त होवणा॥ जिन पुरुषों नें अपणा पुरुषार्थ त्या
ग्या हे॥ अरु अवर किसी देव को मान कर तिस परायण
हूये हें॥ तिसका धर्म अर्थ काम मोक्ष नष्ट हो जाता हे॥
अरु अधम तें अधम गति को पावते हें॥ हे रामजी सुध
चेतन जो इसका अपणा आप हे॥ अरु वास्तव रूप हे

तिस के आश्रय हूआ है ॥ आदि चित संवेदन फुरी है
अहं अस्मि ॥ तब मन होकर फुरणे लागा है ॥ बहुर इंद्री
यां फुरती हैं ॥ बहुर इह फुरणा संतरु शास्त्रों के अनुसार
होवे ॥ तब इह पुरुष परम संपदा को प्राप्त होता है ॥ जो स
तशास्त्रों के अनुसार होवे ॥ तब वासना के अनुसार ज
म जाल विषे पड़ा नटकता है ॥ घटीयंत्र की न्याई ॥ शांत
वान कबहूं नहीं होता ॥ हे रामजी जिस किसी को सिधता
प्राप्त भई है ॥ सो पुरुषार्थ कर भई है ॥ जब किसी पदार्थ
को ग्रहण करणा होता है ॥ भुजा पसारीये तब ग्रहण हो
ता है ॥ अरु जो किसी देस को जावणा होता है ॥ जब चर
णों कर चलता है ॥ तब पहुंचता है ॥ तां ते देव जो पुरुषार्थ
विनां सिध कछु न हूया किंतु ॥ जो कोऊ देव के आश्रय र
हता है ॥ सो मूर्ख है ॥ हे रामजी जो अपना पुरुषार्थ त्याग क
र देव के आश्रये हो रहेगा ॥ तब उह सिधता को न पावे
गा ॥ काहे तें जो अपणे पुरुषार्थ विनां सिधता किसी को
नहीं प्राप्त होती ॥ अरु वृहस्पति जी जो धड पुरुषार्थ की
या है ॥ तब संपूर्ण देवतों के राजा का गुरु हूया है ॥ अरु
शुक्र जी अपणे पुरुषार्थ कर सर्व दैत्यों का गुरु हूया है ॥
अवर जो समान जीव हैं ॥ जिस पुरुष प्रयतन कीया है ॥
सो पुरुष उत्तम हूया है ॥ तां ते जिस किसी को सिधता प्रा
प्त भई है ॥ सो पुरुषार्थ कर भई है ॥ अरु जिनहुं अपणा
पुरुषार्थ त्यागा है ॥ तिन की सर्व संपदा मरे देवतें ही नास
होगई है ॥ अरु नरकों विषे पड़े जलते हैं ॥ जिस कर अर्थ
सिध होवे ॥ तिस का नाम पुरुषार्थ है ॥ हे रामजी इस पुरुष
को कर्तव्य एही है ॥ जो सतसंग अरु सत शास्त्रों को विचा
र कर बुधि को तीक्ष्ण करे ॥ अरु शुभ गुणों को पुष्ट क
रे ॥ दया धीर्य संतोष वैराग अभ्यास कर के बुध तीक्ष
ण करे ॥ तीक्ष्ण बुधि कर इन गुणों को पुष्ट करे ॥ हे रा
मजी सतसंग अरु सत शास्त्रों के अनुसार विचरणा ॥
अरु इंद्रीयों को शुभ मार्ग लगावणा ॥ तिस कर राग

इष तुज को स्पर्स न करेंगे ॥ समतें निर्लेप रहेंगा ॥ जैसे जल
तें कमल निर्लेप रहता है ॥ तैसे तूं निर्लेप रहेंगा ॥ हे रामजी
जिन महापुरुषों ने शांति प्राप्त होवे ॥ तिनकी भली प्रकार
सेवा करनी ॥ आज्ञा माननी ॥ काहे ते जो उनका वचन उपका
र है ॥ जो संसार समुद्र तें ईहां निकासते हैं ॥ हे रामजी संतजन
न भी उहा है ॥ अरु सत शास्त्र भी उहा है ॥ जिसकी संगत क
र चित्त उपशम होवे सुखी होणे का उपाव एही है ॥ तांते से
न अवेर कलना को त्याग कर अपने पुरुषार्थ को अंगी
कार करो ॥ तब जन्म मरण का भय निवृत होवे ॥ हे रामजी
जिसकी इह वांछा करता है ॥ अरु जिसके निमित पुरुषार्थ
करता है ॥ तब अवश्य मेव तिसको पावता है ॥ अरु जो वदे
ते जकर हृष्ट आवते हैं ॥ सो भी अपने पुरुषार्थ कर के हूए
हैं ॥ हे रामजी जनार्दन जो विष्णुजी है ॥ सो भी अवतार धार के
र दैत्यों को मारता है ॥ अरु अवर चेष्टा भी करता है ॥ परपाप
का स्पर्श तिसको कछु नहीं लागता ॥ काहे तें जो अपने पु
रुषार्थ कर के अक्षय पद को प्राप्त हूया है ॥ तुम भी पुरु
षार्थ को आश्रय करो ॥ तब संसार सागर को तरजावो
॥ इति श्री मुमुक्षु प्रकरणे पुरुषार्थ उपमा वर्ननं नं ना
म सर्गः ॥ ७ ॥ श्री वसिष्ठोवाच ॥ हे रामजी इह जो देव
शब्द है ॥ सो मूरखों ने कल्पा है ॥ जो दैव हमारी रक्षा करे
गा ॥ हमको तो दैव का आकार दृष्ट नहीं आवता ॥ अवर दैव
कोऊ नहीं ॥ इसके पुरुषार्थ का नाम दैव है ॥ हे रामजी जिन पु
रुषों ने अपने पुरुषार्थ त्याग कीया है ॥ अरु दैव परायण
हूये हैं ॥ जो दैव हमारा कल्याण करेगा ॥ ते महा मूर्ख हैं ॥ हे रा
मजी जो इसका कीया कछु न होता ॥ अरु दैव करणे हारा हो
ता ॥ तब शास्त्र अरु गुरों का उपदेस भी न होता ॥ संतों अरु शास्त्रा
लों के उपदेस कर के अपने पुरुषार्थ द्वारा इसको वांछित
पद की प्राप्त होती है ॥ तांते अवर जो कोऊ दैव शब्द है ॥ सो व्य
र्थ है ॥ इस भ्रम को त्याग कर ॥ संतजन अरु शास्त्रों के अनु
सार पुरुषार्थ करे ॥ तब ही परमानंद सुख को पावे ॥ हे रामजी
पुरुषार्थ की वार्ता तो अज्ञानी भी प्रसिध कहते हैं ॥ जो अप

जो कोऊ अवर दैव कर(द्वारा)णे होता तो जब इह शरीर को त्यागता है अर शरीर शव होजाता है तब या शरीर सों कछु होती नहीं काहे ते
चेष्टा करणे हारा त्याग जाता है तो शव शरीर सों भी चेष्टा करवता सो चेष्टा कछु नहीं होती तांते जाणीता है जो दैव शब्द व्यर्थ है ॥ हेराम २

41 ले पुरुषार्थ कर सम कछु होता है॥ पुरुषार्थ विनां कछु न
ही होता॥ गोपाल भी जानता है॥ जो मय गोवों को चरावें नहीं
तो न्रषी ही रहें॥ तांते अवर दैव के आश्रय नही बैठता॥ आ
पे ही चरा लावता है॥ हे रामजी अवर दैव की कल्पनां भ्र
म कर के पडे करते हैं॥ अवर दैव तो हमको कोऊ दृष्ट नहीं
आवता॥ अपणे पुरुषार्थ कर सिधता दृष्ट आवती है॥
हे रामजी इह जो विश्वामित्र है॥ इनों दैव शब्द कों त्याग क
र के पुरुषार्थ को आश्रय कीया है॥ तांते ह्न त्री तें ब्रा
म्हण क्रूया है॥ जो ते अवर रुषीश्वर मुनीश्वर तत्व
वान क्रूये हैं॥ सो भी अपनें पुरुषार्थ कर क्रूये हैं॥ हे रा
मजी जो बिनां पडे को कोऊ पंडित होवे॥ तो भी जानीये
जो दैव कीया॥ सो पडे ते विनां पंडित नही होता॥ अरु
अत्तानी जो त्तानवान क्रूये हैं॥ सो अपणे पुरुषार्थ
कर क्रूये हैं॥ तांते अवर दैव कोऊ नहीं॥ मिथ्या भ्रम को
त्याग कर॥ संतजन अरु सतशास्त्रों के अनुसार सं
सार समुद्र तरणे का उपाव करो॥ तेरे पुरुषार्थ विनां
अवर दैव कोऊ नहीं॥ तांते अपणे पुरुषार्थ विनां सिध
कछु नहीं होता॥ अरु इस का कीया कछु न होता॥ तो
पाप करणे हारा नर्क को न जाता॥ अरु पुन्य करणे वा
ला स्वर्ग न जाता॥ तांते जो कछु प्राप्त होता है॥ सो अपणे
पुरुषार्थ कर होता है॥ हे रामजी जो कोऊ अवर दैव
करता होवे॥ तो इसका सिर काटीए॥ अरु दैव के आ
श्रय जीवता रहे॥ सो तो सिर विनां जीवता नहीं॥ तांते दै
व शब्द को त्याग कर॥ संतजनों अरु सतशास्त्रों के अ
नुसार अपणा पुरुषार्थ कर॥ तब आत्मपद विषे इ(
स्थित पावेंगा॥ ॥इति श्री मुमुक्षु प्रकरणे परम पुरु
षार्थ वर्ननं नाम सर्गः॥ ८ ॥रामोवाच॥ हे भगव
न सर्व धर्मों के वेता तुम कहते हो॥ अवर दैव कोऊ नहीं
अरु दैव शब्द तो है॥ सो जो ललमी कहते हैं॥ जो दैव

काकीयासमनकछु होता है॥ अरु दुःखसुखके देणेहारा
भीदैवहै॥ इहलोकोविषेप्रसिधहै॥ वसिष्ठोवाच॥
हेरामजीमयतुजकोंअैसेकहताहों॥ जोअमतेशलिव
तेहोवे॥ इसहीकाजोशुभअशुभकीयाकूया औक
र्महै॥ तिसकाफलअवश्यमेवभोगताहै॥ सोईदैवकही
ताहै॥ अरुपुरुषार्थकहीताहै॥ अवरदैवकोऊनही
कर्त्ताक्रियाकर्मादिकोंविषेभीदैवशब्दकोऊनहीं॥
हेरामजीमर्खोंकेपरचावणेनमितदैवशब्दकहाहै॥
जैसेआकासशून्यहै॥ तैसेदैवशब्दशून्यहै॥ रामोवा
च॥ हेभगवनसर्वधर्मोकेवेतातुमकहतेहो॥ जोदैवको
ऊनहीं॥ आकासवतशून्यहै॥ सोतुमारेकहणेकरभी
दैवसिधहोताहै॥ जैसेतुमकहतेहो॥ इसकेपुरुषार्थ
कानामदैवहै॥ अरुजगतविषेभीदैवशब्दप्रसिधहै
॥ वसिष्ठोवाच॥ हेरामजीमयअैसेतुजकोंकहताहों
जिसकरतेरेरिदेसोंदैवशब्दउठजावे॥ दैवनामअ
पनेंपुरुषार्थकाहै॥ अरुपुरुषार्थनामकर्मकाहै॥
अरुकर्मनामवासनाकाहै॥ अरुवासनांमनतेंहोती
है॥ अरुमनरूपीपुरुषहै॥ जैसीवासनांकरतीहै॥ सोई
प्राप्तहोतीहै॥ भलीवासनाकरेतोभलीहोतीहै॥ अरु
बुरीवासनांकरेतोबुरीहोतीहै॥ तांतेअवरदैवकोऊ
नहीं॥ पूर्वलाजोकोऊदृढपुरुषार्थकीयाकूयाहै॥ ति
सहीकानामदैवहै॥ हेरामजीविचारकररकेदेष॥ जोअ
पणेपुरुषार्थकर्मोतेंभिन्नसुषदुःखदेणेहाराअवर
दैवकोऊनहीं॥ पूर्वलाजोकोऊदृढपुरुषार्थकीयाहै॥
तिसहीकानामदैवहै॥ इहजोपापकर्मकीवासनाक
र्ताहै॥ सोकिसकरकर्ताहै॥ पूर्वलाजोपापकर्मकाअ
भ्यासहै॥ तिसकरइहपापकर्मकर्ताहै॥ अरुजोपूर्वला
पुन्यकर्मकीयाहोताहै॥ तोइहशुभमार्गविषेविचरता
है॥ रामोवाच॥ हेमुनीश्वरजोपूर्वलीदृढवासनाकेअ

नुसार इह विचरता है ॥ तो मैं यत्न क्या करों ॥ मुझ को पूर्व ली
वासनां नें दीन कीया है ॥ अब मुझ कों क्या कर्तव्य है ॥ व
सिष्ठोवाच ॥ हे रामजी जो कछु इस की पूर्व ली वासनां
दृड हो रही है ॥ तिस के अनुसार इह विचरता है ॥ पर जो
श्रेष्ट मानुष हैं ॥ सो अपने पुरुषार्थ कर के पूर्व ले मलीन
संस्कार कों दूर करते हैं ॥ ते शुध होते हैं ॥ ज्ञानवानों के वच
नों अनुसार दृड पुरुषार्थ करते हैं ॥ तब मलिन वासनां
दूर हो जाती हैं ॥ हे रामजी श्रेष्ट पुरुष वउ ही है ॥ जिन का पूर्व
ला कर्म अल्प भी मलीन था ॥ अरु संतजन सतशास्त्रों के अ
नुसार नला पुरुषार्थ कीया है ॥ सो सिधता को प्राप्त हूआ
या है ॥ अरु जो मूर्ष हैं ॥ तिननें अपणा पुरुषार्थ त्याग की
या है ॥ अरु पूर्व ले पाप कर्म विषे विचरते हैं ॥ अरु जे श्रेष्ट
पुरुष हैं ॥ तिन को इह कर्तव्य है ॥ प्रथम तो अपनी यां पं
चों इंद्रीयों वस करनी ॥ शास्त्रों के अनुसार तिन को वर्त्त
वणां ॥ जो शुभ वासनां दृड होवे ॥ अरु विरुध वासनां का
त्याग करणा ॥ जदपि त्यागनी दोनों वासना हैं ॥ पर प्रथम
शुभ वासना का ग्रहण करणा ॥ अरु अशुभ वासनां का
त्याग करणा ॥ जब शुभ वासनां कर के कषाइ परपक होवें
गे ॥ अंतह करण शुध होवेगा ॥ तिस विचार द्वारा रिदे वि
षे संतों अरु शास्त्रों का जो है सिधांत ॥ तिस का विचार उ
तपति होवेगा ॥ तिस विचार द्वारा तुझ को आत्मज्ञान की
प्राप्ति होवेगी ॥ जब आत्मपद प्राप्त हूया ॥ तब क्रिया का
तीन भी त्याग हो जावेगा ॥ केवल शुध अद्वैत रूप अपणा
आप भासेगा ॥ तातें हे रामजी सभ कलनां को त्याग कर
संतजन अरु सतशास्त्रों के अनुसार पुरुषार्थ करो ॥
॥ इति श्री मुमुक्षु प्रकरणे परमार्थ वर्ननं नाम स
र्गः ॥ ९ ॥ श्री वसिष्ठोवाच ॥ हे रामजी मेरे वचनों को ग्र
हण कर ॥ जो बोध वक्ता है ते रे परम मित्र हैं ॥ अरु दुःखों
ते ते री रक्षा करेंगे ॥ हे रामजी इह जो मोक्ष उपाव तुझ को

कहिता हों॥ तिसके अनुसार तूं पुरुषार्थ कर॥ तब पर
म अर्थ तेरा सिध होवेगा॥ इह चित्त जो संसार के भोगों
की ओर धावता है॥ तिन भोगों रूपी गर्त्त विषे चित्त कों
गिडने मत दे॥ भोगों कों विरस जान कर त्यागो॥ इह त्याग
तेरा परम मित्र होवेगा॥ हे रामजी इह मोक्ष उपाव कैसा
है॥ चित्त एकाग्र करके श्रवण कर॥ तिस कर परमानंद
को प्राप्त होवेगी॥ प्रथम शम दम को धार॥ शम अर्थ इह
जो संपूर्ण संसार की वासनां त्याग कर॥ अरु उदारता क
र के तृप्त रहणा॥ अरु दम अर्थ इह॥ जो बाह्य इंद्रीयों कों
वस करणा॥ जब इन कों प्रथम धारेंगा॥ तब परम तत्व
का विचार आन उत्पत्ति होवेगा॥ तिस विचार विवेक द्वा
रा परम पद को प्राप्त होवेगा॥ जिस पद को पाइ कर बहु
ड़ दुःखी न होवेंगा कदाचित॥ इसके अनुसार पुरुषार्थ
कर॥ तब आत्म पद कों प्राप्त होवेंगा॥ पूर्व जो मुझ कों ब्र
ह्मा जी उपदेश कीया है॥ सो मय तुझ कों कहता हों॥ रा
मोवाच॥ हे मुनीश्वर तुझ को ब्रह्मा जी उपदेश कर्या
था॥ सो किस कारण कर कीया था॥ अरु कैसे तुम्हों धा सो
सो कहो॥ वसिष्ठोवाच॥ हे रामजी शुध चिदाकाश एक
है॥ अरु अनंत है॥ ब्रह्म स्वरूप है॥ अविनाशी है॥ चिदानं
द है॥ तिस विषे जो संवेदन स्पंद हूया है॥ सो विष्णु रूप हो
कर स्थित हूया है॥ सो विष्णु जी कैसा है॥ जो इस्पंद अरु
अस्पंद विषे एक रस है॥ कदाचित अन्यथा भाव को नही
प्राप्त हूया॥ जैसे समुद्र तें तरंग उपजता है॥ तैसे शुध चि
दाकाश तें इस्पंद होकर विष्णु हूया॥ तिस विष्णु जी के स्व
र्ण वत किरणां नाभि कमल तें ब्रह्मा जी प्रगट भया॥ ति
स ब्रह्मा जी रूप मुनीश्वर सहित स्थावर जंगम जगजाव
तपत करी॥ जैसे मनोराज करके कोऊ पुरुष रच लेवे॥ तैसे स
मनोराज कर ब्रह्मा जी जगत कों उत्पत्ति कीया॥ तिस ज
गत की कोण विषे जो जंबूद्वीप भारत खंड है॥ तिस विषे म
नुष्यों कों आतुर देख्या॥ तब ब्रह्मा जी को करुणा उत्पत्ति भई दुःखकर
जैसे पुत्र को देख कर दुःखी पिता को करुणा उपजती है॥

तैसे इनो के सुख निमित ब्रह्माजी ने तप कौं उतपति कीया॥
जो तप करके बहुड़ सुखी होवें॥ स्वर्गादिक सुखों को भो
गें॥ तिन सुखों कौं भोग कर बहुड़ गिडें दुःखी होवें॥ ऐं
से देख कर ब्रह्माजी सत बोलणा॥ अरु दया आदिक
धर्म की गत पादन करते भए॥ तब लोकों को सुख हो
णे लागा॥ तहां केतक काल सुख को भोग कर बहुड़ दुः
खी रहें॥ हे रामजी ब्रह्माजी विचारते भया॥ जो इन का
दुःख आत्मज्ञान विनां निवृत्त न होवेगा॥ तां ते आत्म
ज्ञान को उतपति करीए॥ जो इह सुखी होवें॥ इस प्रकार
विचार कर ब्रह्माजी आत्मतत्व का अनुभव करते भया
जब आत्मतत्व के ज्ञान का संकल्प कीया॥ तिस ध्यान क
रके शुद्ध जो ज्ञान है॥ तिस की मूर्त हो कर मय प्रगट भ
या॥ सो मय कैसा हों॥ जो ब्रह्माजी के समान हों॥ ज्ञान ब
ल गुणों समसमान हैं॥ जैसे उन के हाथ विषे कमंडल
अरु गले विषे रुद्राक्ष की माला है॥ तैसे मेरे हाथ विषे
कमंडल गले विषे रुद्राक्ष की माला है॥ जैसे उस पर
मृगछाला है॥ तैसे मेरे ऊपर मृगछाला है॥ इस प्रकार
मेरा अरु ब्रह्माजी का समान आकार है॥ अरु स्वरूप मे
रा शुद्ध ज्ञानरूप है॥ तां ते जगत मुज कौं कछु न भासे॥
सुषुप्तवत मुज कौं जगत भासे॥ तब ब्रह्माजी विचार क
रा॥ जो इस कौं तो मय जीवों के कल्याण निमित उतपति
कीया है॥ अरु इह तो शुद्ध ज्ञान स्वरूप है॥ अरु ज्ञान का
उपदेस मांगत ब होवे॥ जब कछु प्रश्न उतर होवे॥ त
त्व अरु मिथ्या का विचार होवे॥ हे रामजी जीवों के क
ल्याण निमित मुज कौं गोद विषे बैठाया॥ अरु सीस प
र हाथ फेरा॥ तिस कर मय शीतल भया॥ तब ब्रह्माजी
मुज कौं कहा॥ जैसे हंस को हंस कहे॥ तैसे मुज कौं कहा
हे पुत्र जीवों के कल्याण निमित एक मुहूर्त पर्यंत तं
अज्ञान कौं अंगीकार कर॥ श्रेष्ट पुरुष अवर लोकों
के कल्याण निमित अंगीकार करते हैं॥ जैसे चंद्रमा
निर्मल बहुत है॥ अरु श्यामता कौं अंगीकार करता है॥

तैसे तुमभी एक मुहूर्त पर्यंत अज्ञान को अंगीकार क
रो॥ हे रामजी इस प्रकार मुझ कों ब्रह्माजी कहि कर आ
प दीया॥ जो तूं अज्ञानी होवैंगा॥ तब मय ब्रह्माजी की आ
ज्ञा मान कर आप का अंगीकार कीया॥ तब मेरा शुध
आतम तत्व अपणा आप था॥ तिस तें मय अन्य की
न्याई होत भया॥ आपणी स्वभाव सत्ता विस्मरण होग
ई॥ तिस का विस्मरण होणे मेरा मन जाग आया॥ अरु
भाव अभाव रूप जगत भासणे लागा॥ अरु आप को
मय वसिष्ट जाणत भया॥ अरु ब्रह्माजी का पुत्र जान
त भया॥ अरु पदार्थों की ओर चेचल होत भया॥ तब
मय संसार को महा दुःख रूप जान कर ब्रह्माजी सों पू
छत भया॥ हे भगवन इह संसार कैसे उतपति हूया
है॥ अरु कैसे लीन होता है॥ हे रामजी जब इस प्रकार
पितामह जी कों मय प्रश्न कीया॥ तब भली प्रकार मुझ
को उपदेस करत भया॥ तिस कर मेरा अज्ञान निवृत्त
भया॥ तब मय शुध आत्मा को प्राप्त हूया॥ जैसे आदर्श को
मार्जन करीता है॥ तब शुध हो आवता है॥ तैसे मय शु
ध हूया॥ हे रामजी मय कैसा हों॥ जो ब्रह्माजी तें भी अ
धिक हों॥ तब मुझ को परमेष्टी ब्रह्माजी नें आज्ञा क
री॥ हे पुत्र तूं जंबूद्वीप भारथ खंड विषे जाउ॥ तुझ को
सृष्टि पर्यंत अधिकार है॥ तहां जाउ जीवों को उपदेस
करो॥ जिनों को संसार के सुख का इछा होवे॥ तिनों कों
कर्मों का उपदेस करणा॥ तिस कर स्वर्गादिक सुख भो
गें॥ अरु जो संसार तें विरक्त होवें॥ अरु आतम पद की
इछा होवै॥ तिन को ज्ञान का उपदेस करणा॥ तां ते अब
तें भूमलोक विषे जाउ॥ हे रामजी मेरा उपजणा अरु
आवणा अरु उपदेसणा हूया है॥ सो इस प्रकार हूया
है॥ इति श्री मुमुक्षु प्रकरणे ज्ञान अवतार वर्ननं नाम
म सर्गः॥ १०॥ श्री वसिष्ठोवाच॥ हे रामजी मय इस प्र
कार पृथवी पर आवता भया हूं॥ कैसा मय हूं॥ जो ज्ञा

44

नहीं वांछित है॥ जिसकों तिसकर ब्रह्माजी मुझकों उ
तपति करत भया॥ रामोवाच॥ हे भगवन तिस ज्ञा
न के उपजणे के अनंतर जीवों की बुध कैसे होत भई
॥वसिष्ठोवाच॥ हे रामजी शुध आतम तत्व जो है
तिसका स्वभाव रूप संवेदन फुरती है॥ सो ब्रह्मा रूप हो
कर इस्थित भई है॥ जैसे समुद्र अपणी द्रवता कर के
तरंग रूप होणा सत्ता है॥ तैसे ब्रह्माजी होत भया है॥ ब
ड़े संपूर्ण जगत उतपति कीया॥ अरु तीनों काल उत
पति उतपती कीए॥ तब केता काल व्यतीत भया॥ अरु कल
युग आया॥ तिसकर जीवों की बुध मलिन होगई॥ अरु
पाप विषे विचरणे लागे॥ शास्त्र वेद की आज्ञा तें रहि
त भए॥ इस प्रकार धर्म की मर्यादा लुपन होगई॥ पाप प्र
गट भया॥ जेती कछु राज अरु धर्म की मर्यादा थी सो स
भ नष्ट होगई॥ तब जीव कष्ट पावणे लागे॥ तिनों को दे
ख कर ब्रह्माजी को करुणा उपजी॥ तिस करुणा कर मु
झकों भूमलोक में भेज्या॥ हे पुत्र तुम जाय कर धर्म की म
र्यादा स्थापन करो॥ अरु जीवों को उपदेस करो॥ जिनकों
भोगों की इछा होवे॥ तिनकों कर्मकांड का उपदेस करणा
जप तप स्नानादिक यज्ञों कर्मकांड का उपदेस करणा॥
अरु जो संसार तें विरक्त होवें॥ अरु मोक्ष की इछा करें
तिनको ब्रह्मविद्या का उपदेस करणा॥ हे रामजी मुझकों
इस प्रकार कहि भेज्या॥ तैसे ही सनतकुमार आदिकों को
भी कहत भये॥ अरु नारदादिकों को भी कहत भए॥ तब
हम सभी रिषीश्वर एकठे होकर विचार करत भए॥ जो
किसी प्रकार जगत की मर्यादा होवे॥ अरु जीव शुभ मार्ग
विषे विचरें॥ तब हमों ने इह विचार कीया॥ जो प्रथम रा
जों का स्थापन (इस्थित) करीए॥ जो जीव तिनों की आज्ञा अनुसा
र विचरें॥ तब हमों ने राजे स्थापन कीए॥ कैसे राजे जो ब
डे वीर्यवान अरु तेजवान॥ बडे उदारात्मा सो राजे होत
भए॥ तिन राजों को हम अध्यात्म विद्या उपदेस करी॥

तिन उपदेसकौं पायके परमपदको प्रापुत होत भए॥ जो परमा
नंद अविनासीपद है॥ तिन ब्रह्मविद्याका उपदेस तिन
को कीया॥ तब उह सुखी हूये॥ इस कारणतें ब्रह्मविद्याका
नाम राजविद्या है॥ तब हमौंनें वेद शास्त्र स्मृति पुराण
कर धर्मकी मर्यादा स्थापन करी॥ जो तप जप यज्ञ दान
सनानादिक क्रियाको प्रगट कीया॥ अरु जो वो इनके से
वणे कर सुखी होवोगे॥ तब तिनको सेवणे लागे॥ कैसे से
वणे लागे फलके धारकर॥ तिन विषे कोऊ विरला निह
कामता रिदे सुधके निमित्त करे॥ हे रामजी जो मूरिष थे॥ सो
फलकी कामना करके कर्मौंको सेवें॥ घटीयंत्रकी न्याई
भटकते फिरें॥ अधः ऊर्धको चले जावें॥ अरु जो निहका
म करें तिनका रिदा सुध होवे॥ तब उनको उपदेस पाना
आतम ज्ञानकी प्राप्त होवे॥ इस प्रकार केई जीव मुक्ति हू
ये हैं॥ केई राजा विदितवेद हूये हैं॥ हे रामजी इस प्रकार
राजौंकी परंपरा ज्ञानकी प्रापुत होत भई है॥ अरु इस रा
जा दसरथको भी ज्ञानकी प्राप्त होवेगी॥ अब तें भी राज
कुमार हैं॥ सो तूं सभतें श्रेष्ठ हैं॥ ऐसा आगे कोऊ नहीं
हूया॥ हे रामजी तूं स्वाभाविक विरक्त हूया हैं॥ किसी का
रण कर नहीं हूया॥ स्वाभाविक रिदे सुध कर हूया हैं॥
इस कारणतें तूं श्रेष्ठ हैं॥ जो कोऊ अनिष्ट दुःख आन प्रा
प्त होता है॥ तिसकर विरक्तता उपजती है॥ सो तुजको ऐ
सें नहीं उपजी॥ तुजको सब इंद्रीयोंके विषय भी विद्यमा
न हैं॥ तिनके होते ही तुजको वैराग्य उपजा है॥ तातें तूं श्रे
ष्ट हैं॥ हे रामजी मसाणादिक जो कष्टके स्थान हैं॥ तिन
कौं देखकर सभनको वैराग्य उपजता है॥ जो इह संसारक
बहु नहीं॥ मरजावणा है॥ तिन विषे भी जो श्रेष्ट पुरुष हो
ता है॥ तिनको घिड होजाता है॥ जो अवर मूर्ख हैं॥ सो वि
षयों विषे आसक्त होते हैं॥ तातें जिनको अकारणक
र वैराग्य उपजा है॥ सो श्रेष्ट है॥ हे रामजी जो श्रेष्ट पुरुष हैं
सो अपणे वैराग्य अरु अभ्यासके बलकर संसारके बंध
न तें मुक्त होजाते हैं॥ जैसे हस्ती बंधनको तोडकर निक

जो

45

सजाता है। तब सुखी होता है। तैसे वैराग्य अरु अभ्यास के
बल कर बंधन तें मुक्ति होता है। सो धन्य है। हे रामजी इह
संसार बडा अनर्थ रूप है। जिन पुरुषों अवलि पुरुषार्थ
कर के इस बंधन को नहीं तोरया। तिनको राग द्वेष रूपी
अग्नि पडी जलावती है। जैसे सूके तृण को अग्नि जला
वती है। तैसे उनको राग द्वेष जलावते हैं। जिन पुरुषों को
अवलि पुरुषार्थ कर के शास्त्र अरु गुरों के वचनों कर
ज्ञान की प्राप्त हूई है। तिनको अध्यात्मक आधि देवक
आधि भूतक ताप जलाय नहीं सकते। जैसे वर्षा काल
के होते बन को अग्नि लाग नहीं सकती। हे रामजी जि
न पुरुषों ने संसार को विरस जाण्या है। तिनको संसार के
पदार्थ वस नहीं कर सकते। अरु मूर्ख वस हो जाते हैं। जैं
से तीक्ष्ण पवन अवरखों को गिडाय देता है। अरु कल्प
वृक्ष के गिरावणे को समर्थ नहीं होता। हे रामजी श्रेष्ठ
पुरुष भी ऊही हैं। जिनको संसार विरस भासता है। अरु
केवल आत्म तत्व की इच्छा करते हैं। अरु तिस परायण
हूये हैं। ब्रह्म विद्या का अधिकार भी तिनको है। अ
रु उत्तम पुरुष भी वही हैं। हे रामजी तुम भी तैसे उघल
पात्र हो। जैसे कोमल पृथ्वी विषे बीज बोवीता है। तैसे
अब मैं तुज को उपदेस करता हूं। अरु जिनको भोगों
की इच्छा है। संसार की ओर यत्न करते हैं। ते पशु महा
नीच हैं। तिनको मेरा धिकार है। अरु श्रेष्ठ पुरुष तेई
हैं। जिनसों संसार के तरणे का पुरुषार्थ हूया है। ते ध
न्य हैं। हे रामजी ब्रह्म भी लिखी सों करीए जो लीये जो मे
रे ग्रंथ के उत्तर देणे कूं समर्थ होवेगा। अरु तिस के व
चन पर आस्तिक भाव नां होवे। तब ब्रह्म उसगति क
रीये। काहे तें जो विसाह विनां ग्रहण करणां पाप होता है।
अरु गुरु भी उपदेस तिसकों करे। जो संसार तें विरक्त
होवे। अरु केवल आत्म परायण। जिसकी श्रद्धा हो
वे। अरु आस्तिक भाव होवे। ऐसे पात्र को देष कर उ
पदेस करे। पात्र विनां उपदेस न करे। हे रामजी गुरु श्री

रूशिष्यदोनोंउतमहोतेहैं॥तबवचनशोभतेहैं॥सोतूंभीउ
पदेसकाउतमपात्रहैं॥जैसेगुणशास्त्रोंविषेवर्तनकीये
हैं॥तैसमहीगुणतेरेविषेपाईतेहैं॥अरुमयंभीउपदेस
करणेकोसामर्थहों॥तांतेराकार्यशीघ्रहोवेगा॥हेरामजी ते५
षुनगुणोंसाथतेरीबुधनिर्मलहोरहीहै॥मेरेसिधांतका जो
सारवचनहैं॥सोतेरेरिदेविषेप्रवेशकरजावेंगे॥जैसेउद्य
लवस्त्रपरकेसरकारंगशीघ्रहीचडजाताहै॥तैसेमेराउ
पदेसतेरेरिदेविषेसमाजावेगा॥जैसेसूर्यकेउदेहूयेंसू
र्यमुखीकमलखिडआवतेहैं॥तैसेतेरीबुधवचनोंकर
खिडआवेगी॥हेरामजीजोकछुशास्त्रोंकासिधांतआत्म
तत्वमयंतुजकोंकहताहों॥तिसविषेतेरीबुधिशीघ्रही
प्रवेशकरजावेगी॥हेरामजीमयंतुमारेआगेंहाथजो
डकरप्रार्थनांकरताहों॥जोकछुमयंतुजकोंउपदेशक
रताहों॥तिसविषेतूंआस्तिकभावनांकर॥जोइनोंवच
नोंकरमेराकल्याणहोवेगा॥जोतुमकोधारणाहीनहो
वे॥तोप्रश्नहीनकर॥जिसशिष्यकोंगुरूकेवचनोंवि
षेआस्तिकभावनांहोतीहै॥तिसकाशीघ्रहीकल्याण
होताहै॥तांतेमेरेवचनोंविषेआस्तिकभावनाकर॥जि
सकरतेंआत्मपदविषेप्राप्तहोवें॥सोमयकहताहों॥प्र
थमतोइहकर॥जोमोक्षद्वारेकेचारद्वारपालहैं॥तिन
सोंमित्रभावनांकर॥जबतिनसोंमित्रभावनांकरेंगा॥
तबमोक्षकेद्वारकेअंतरपहूंचाइदेवेंगे॥तबआत्म
दर्शनतुजकोहोवेगा॥द्वारपालोंकानामश्रवणकर॥
समसंतोषविचारसंतोंकीसंगतइहचारद्वारपालहैं
जिनपुरुषोंइनकोंवसकीयाहै॥तिसकोंइहशीघ्रहीं
मोक्षरूपीद्वारेकेअंतरपहूंचाइदेतेहैं॥हेरामजीजोस
महीवसनहोवें॥तोत्रयहोवें॥अथवादोहोवें॥अथवा
एकहोवे॥सोभीचारोंआवेंगे॥इनचारोंकापरस्परस्नेह
हे॥जहांएकभीआवताहै॥तहांचारोंआवतेहैं॥जिन
इनकेसाथमित्राईकरीहै॥तेसुखीभएहैं॥अरुजिनों

इनका त्याग कीया है॥ ते दुःखी रहते हैं॥ हे रामजी जदि प
प्राणों का त्याग होवे॥ तो भी एक तो बलकर वस करीए॥ ए
कके वस कीए चारों वस होते हैं॥ अरु तेरी बुधि विषे तो शु
भगुणों आन निवास कीया है॥ जैसे सूर्य के प्रकाश विषे
सभ प्रकाश आवते हैं॥ तैसे तेरे विषे सभ गुण पईते हैं॥
हे रामजी तूं अब मेरे वचनों का अधिकारी भया है॥ हे
रामजी सत शास्त्रों अरु संतों की संगत द्वारा बुध को ती
क्षण कीये तें आत्मतत्व विषे प्रवेश करता है॥ तातें श्रेष्ट
पुरुष उहा हैं॥ जिनउं संसार कों विरस जान कर त्याग की
या है॥ सत शास्त्र अरु संतों के वचन द्वारा आत्मपद पा
वणे का यत्न करते हैं॥ तब अविनासी पद कों प्राप्त होते
हैं॥ अरु जो शुभ मार्ग को त्याग कर संसार की ओर लगा
गे हैं॥ ते महामूढ अरु जड हैं॥ जैसे जल दंड सरदी क
रके गडा हो जाता है॥ तैसे उह अज्ञानी मूर्षता कर के आ
त्मपद तें भ्रस्य रहते हैं॥ हे रामजी अज्ञानी के रिदे रूपी
बिल विषे दुरासा रूपी सर्प रहता है॥ कदाचित शांति कों
नहीं प्राप्त होता॥ आस्था कर सदा सुकचा रहता है॥ जैं
से अगनि विषि मांस पाया सुकच जाता है॥ तैसे आस्था क
र उनका चित सुकचा रहता है॥ हे रामजी आत्मपद के
साक्षात्कार विषे विसेष ही आसा आवरण है॥ जैसे सू
र्य के आगें मेघ आवर्ण होता है॥ तैसे आत्मपद के आ
गें दुरासा आवर्ण है॥ जब आसा रूपी आवर्ण दूर होवे॥
तब आत्मपद का साक्षात्कार होवे॥ आसा तब दूर होवे
जब संतों की संगत अरु सतशास्त्रों का वीचार होवे॥ हे
रामजी संसार रूपी एक बडा वृक्ष है॥ तिस को बोध रू
पी खड्ग कर छेदो॥ जब सतशास्त्रों अरु संतों की संग
तैसे इसको कर्म वासना का फल प्राप्त होता है ॥ जब इसका
सरीर छूटता है ॥ तब पदार्थों के वियोग का बडा दुःख पा-
वता है ॥ हे लीला इह जन्म मरण भी जो तत कर के भासता है
आत्मा विषे कोऊ नहीं ॥ संवित मात्र विषे जो संवेदन फुर-
ती है ॥ सो आप स्वभाव सत्ता की न्याई हो कर स्थित होती है
तब जन्म मृत्यु तिस विषे भासते हैं ॥ जैसी वासना होती है ॥
तिसके अनुसार सुख दुःख का अनुभव करता है ॥ जैसे
कोऊ पुरुष नदी विषे प्रवेश करता है ॥ तिस विषे कहूं ब-
डा जल होता है ॥ कहूं छोटा जल होता है ॥ तैसे जैसी वास-
ना होती है ॥ तिसके अनुसार सुख दुःख का अनुभव होता
है ॥ वासना रूपी गर्त विषे बऊड गिरता है ॥ जैसे वल्ली वि-
षे गंढी होती है ॥ तैसे संवेदन विषे जन्म मरण कलनां हो-
ती है ॥ अरु चैतन्य मात्र विषे कोऊ कलना नहीं ॥ अनेक स-
रीर नष्ट पडे होते हैं ॥ अरु चैतन्य सत्ता जिउं की तिउं रहती
है ॥ जो चैतन्य सत्ता ही मृत्यु होवे ॥ तब एक के नष्ट हूए सब न-
ष्ट हो जावें ॥ सो ऐसे तो नहीं ॥ चैतन्य सत्ता कर अनेक का-
र्य सिध होता है ॥ सो कैसे मरे ॥ जो इह चैतन्यता न होवे तब कार्य
सिध कोऊ न होवे ॥ हे लीला चैतन्य सत्ता जो है ॥ सो न जन्मती
है ॥ न मरती है ॥ सर्व कलनां ते रहित चिन्मात्र रूप है ॥ तिसका
किसी काल विषे नास नहीं होता ॥ जन्म मरण की कलनां सं-
वेदन विषे होती है ॥ चैतन्य चिन्मात्र विषे कछु हूया नहीं ॥
हे लीला मृत्यु सोई होता है ॥ जिसके निश्चै विषे सद्भाव हो मृत्यु का
ता है ॥ जिसके रिदे विषे मृत्यु का सद्भाव नहीं ॥ सो कैसे मरे ॥
जब इसको मृत्यु का अत्यंताभाव होवे ॥ तब बंधनों ते मुक्ति.

होवे ॥ वासना ही इसकों बंधन का कारण है ॥ जब वासनां तें
मुक्ति होता है ॥ तब बंधन को ऊ नही रहता ॥ हे लीला आत्म
विचार करता न होता है ॥ अरु ता न करके दृश्य को असत्यं
ता नाव होता है ॥ जब दृश्य का असंता भाव हूआ ॥ तब वास
ना नष्ट हो जाती हैं ॥ का हे तें जो इह जागत उदे हूआ नहीं ॥ उ
दे हूये की न्याई भासता है वासना करके ॥ ता तें वासना का
त्याग कर ॥ जब वासनां निवृत भई ॥ तब बंधन को ऊ न र
हेगा ॥ ॥ इति श्री उतपत प्रकरणे मृत्यु विचारो नाम
सर्गः ॥ ३८ ॥ लीलोवाच ॥ हे देवी इह मृत्य कैंसे होता है
अरु जन्म कैंसे लेता है ॥ मेरे बोध की दृड़ता निमित सब कुछ
कहो ॥ देव्योवाच ॥ हे लीला इसके अंतर प्राण अपा
न की एक कला है ॥ तिसके आश्रय इह सरीर रहता है ॥ ज
ब लग प्रारब्ध करम होता है ॥ तब लग मो का है ॥ जब मृत्यु
होवने लागता है ॥ तब प्राण वायु अपने स्थान को त्यागती
है ॥ तब नाडी स्थल हो जाती है ॥ जब पुर्यष्टि का शरीर मों नि
कस जाती है ॥ तब प्राण कला भी टूट जाती है ॥ अरु चैतन्यता
जडीभूत हो जाती है ॥ तब इसकों लोक प्रेत कहते हैं ॥ अर्थ
इह ॥ जो शरीर थों परे हूया है ॥ ता तें इसको प्रेत कहते हैं ॥ हे
लीला इसके चित्त की चैतन्यता जडीभूत हो जाती है ॥ केवल
जो ब्रह्म सत्ता है सो जिंउ की तिंउ रहती है ॥ सो स्थावर जंगम ज
गत विषे व्यापर ही है ॥ आकास वायु अग्नि पृथिवी जल वि
षे व्यापी हूई है ॥ अरु उदे अस्ति तें रहित है ॥ हे लीला जब जी
व कों मृत्यु मूर्छा होती है ॥ तब प्राण पवन आकाश विषे इ
स्थित होती है ॥ तिस प्राण विषे चैतन्यता जडीभूत होती है ॥
पर चैतन्यता विषे वासनां होती है ॥ ऐंसी जो प्राण चेतना है
सो वासनां कों ले कर आकाश विषे आकाश रूप होइ के
स्थित होती है ॥ जैंसे गंध कों ले कर वायु स्थित होती है ॥ तैं
से वासनां को ले कर चैतन्यता स्थित होती है ॥ हे लीला अप
ने प्रदेश मात्र विषे स्थान सों अपनी वासना के अनुसार
जगत फुर आवता है ॥ तिस विषे मृत्यु हूये के अनंतर देस
काल क्रिया पदार्थ भासते हैं ॥ सो मृत्यु तीन प्रकार की है

एक पुन्यात्मा की मृत्यु है ॥ एक पापीयों की मृत्यु है ॥ जब बडा
पापी मृत्यु होता है ॥ तब जडीभूत हो जाता है ॥ घन पाषाण की
न्याई सहस्र वर्षों पर्यंत मूर्छा विषे रहता है ॥ अरु केई ऐसे
जीव हैं ॥ तिन कों मूर्छा विषे भी दुःख होता है ॥ जैसे बाह्यइं
द्रीयों को दुःख होता है ॥ तैसे अंतर तें दुःखी पडे होते हैं ॥ इ
सतें अनंतर उसकों चेतना फुरन आवती है ॥ अपणे साथ
सरीर कों देखता है ॥ पशु आदिक जूनी को भोक्ता है ॥ तिस
कों भोग कर मानुष सरीर कों पावता है ॥ महानीच गति निर्ध
नों के गृह विषे जन्म लेता है ॥ तहां भी दुःखों कर तपता रह
ता है ॥ मध्यम अधम पापी की मृत्यु सुण ॥ जब उह मृत्युक हो
ता है ॥ तब उह वृक्ष की न्याई मूर्छा हो जाता है ॥ कोई काटता है
तब अंतर दुःख कर पडा जलता है ॥ बहुड चेतना फुरन आव
ता है ॥ तब तिर्यग योनी कों भोगता है ॥ तिनकों भोग कर बहु
ड मानुष सरीर कों पावता है ॥ हे लीला जब अल्प पापी मृत्यु
होता है ॥ तब मूर्छा हो जाता है ॥ केते काल तें उनकों चेतना फु
रन आवती है ॥ पशु आदिक सरीर कों पाकर दुःख सुख भो
गता है ॥ बहुड वासना के अनुसार मानुष सरीर कों पावता
है ॥ तब सुख दुःख का भोगता होता है ॥ अरु जब पुण्यात्मा
मृत्यु होता है ॥ तब उनके निमित्त विमान आवते हैं ॥ तिन पर
आरूढ होकर स्वर्ग को जाता है ॥ जिस इष्ट देव की वासना
इसकों दृढ होती है ॥ सो तिसके लोक कों जाता है ॥ तहां जा
कर स्वर्ग सुख भोगता है ॥ जैसे कर्म कीये होते हैं ॥ तैसे सुख
भोगता है ॥ बहुड भोग कर उहां तें गिडता है ॥ किसी फल विषे
स्थित होता है ॥ तिस फल कों मानुष भोजन करते हैं ॥ तब वी
र्य जाइ होता है ॥ वीर्य होकर माता के गर्भ विषे जाता है ॥ ब
हुड मानुष जन्म कों पाकर संतजनों के संग प्राप्त होता कों
है ॥ अक्षय सुख कों पावता है ॥ अरु जगत के कलेषों तें छू
टता है ॥ हे लीला जब मध्यम पुन्यवान मृत्यु होता है ॥ तब सी
घ्र ही चेतना फुरन आवती है ॥ स्वर्ग सुख कों भोगता है ॥ अपने
पुण्य के अनुसार स्वर्ग सुख कों भोग कर गिडता है ॥ किसी
फल विषे इस्थित होता है ॥ उस फल कों पुरुष भोजन क
रता है ॥ तब वीर्य होकर माता के गर्भ विषे आवता है ॥ बा

सनोंके अनुसार मानुष जन्म लेता है॥ अरु सुखोंको भो
गता है॥ अरु अल्प धर्मों का मृत्यु होता है॥ तब उसको इह
फुर आवता है॥ मेरे बांधवों मेरी पिंड क्रिया करी है॥ मैं य
परलोक को चला जाता हों॥ तब परलोक को चल्या जाता
है॥ तब पितृलोक के सुख भोग कर गिरता है॥ तब धान्य
विषे आन इस्थित होता है॥ तब धान्य को पुरुष भोजन क
रता है॥ तब वीर्य द्वारा माता के गर्भ विषे आवता है॥ बहुड़
जन्म पाकर कर्मों के अनुसार सुख दुःख को भोगता है॥ हे
लीला जीव आत्मपद के प्रमाद कर इस प्रकार जन्म मर
ण को पावता है॥ बहुड़ बहुड़ गर्भ विषे आवता है॥ बालि
क यौवन वृद्ध अरु मृत्यु अवस्था को प्राप्त होता है॥ बहु
ड़ वासनों के अनुसार परलोक को देखता है॥ जैसे स्वप्ने वि
षे स्वप्नांतर को देखीता है॥ तैसे अपणी कल्पना कर जग
त भ्रम फुर आवता है॥ स्वरूप तें किसी को कछु भ्रम नहीं॥
आकाश रूपी ही आकाश विषे इस्थित है॥ भ्रम कर के ज
न्म मरण विकार भासते हैं॥ ॥लीलोवाच॥ हे देवी जी पर
ब्रह्म विषे इह जगत भ्रम कैसे उदे हूए हैं॥ मेरे बोध की दृ
ढता निमित्त कहो॥ ॥देव्योवाच॥ हे लीला वास्तव तें स
न आत्म स्वरूप है॥ पहाड़ वृक्ष पृथिवी आदिक आकाश
स्थावर जंगम जेताक कछु जगत है॥ सो सभ आत्म रूप है॥
हे लीला तिस आत्म संवित आकाश विषे जब संवेदन
आभास फुरता है॥ तिस कर जगत भ्रम भासता है॥ आदि
संवेदन जो संवित मात्र विषे फुरी है॥ सो ब्रह्मा रूप होकर
स्थित भया है॥ बहुड़ जैसे चेतता भया है॥ तैसे होकर स्थित
भया है॥ स्थावर जंगम जगत जेताक कछु चितव्या है॥ सो हूया
है॥ हे लीला सरीर जो हूया है॥ तिस विषे नाडी हैं॥ तिस नाडी
विषे छिद्र हैं॥ तिन छिद्रों विषे प्राण स्पंद रूप होकर विच
रता है॥ तिसको जीव कहीता है॥ जब बहुड़ जीव निकस
जाता है॥ तब सरीर मृतक कहीता है॥ हे लीला जैसे जैसे
आदि संवित मात्र विषे संवेदन फुरी है॥ तैसे अब लग।
स्थित है॥ जब चेतया जो मय जड़ होवों॥ तब जड़ रूप पृथि

वी अप तेत वायु आकाश पर्वत वृक्षादिक होकर स्थित
भई ॥ जडकी भावना कर जड हुई ॥ चैतन्यकी भावना कर
चैतन्यरूप होके इस्थित भई है ॥ हे लीला जिस विषे प्राण
क्रिया भासती है ॥ सो जंगमरूप बोलते चालते हैं ॥ अरु
जिस विषे प्राणस्पंद क्रिया नही पाईती ॥ सो स्थावररूप
हैं ॥ अरु आत्मसत्ता विषे दोनो तुल्य हैं ॥ जैसे जंगम हैं ॥ तै
से स्थावर हैं ॥ अरु दोनो चैतन्य हैं ॥ जैसे जंगमों विषे चैत
न्यसत्ता है ॥ तैसे स्थावरों विषे चैतन्यसत्ता है ॥ अरु जो तें
कहें ॥ जो स्थावरों विषे चैतन्यता भासती किउं नही ॥ तिस
का उत्तर सुन हे ॥ जैसे उत्तर दिशाके समुद्रवाले मानु
षोकी बोलीकों दक्षिण दिशाके समुद्रवाले नही समझ
ते ॥ अरु दक्षिण दिशाके समुद्रवाल्यों की बोली उत्तर
दिशाके समुद्रवाले नही समझते ॥ तैसे स्थावरों की बो
ली जंगम नही समझते ॥ अरु जंगमों की बोली स्थावर
नही समझते ॥ अरु अपणी विषे चैतन्य हैं ॥ उसका ज्ञान
उसको नही ॥ अरु उसका ज्ञान उसकों नहीं ॥ हे लीला आ
दि जो संवित विषे संवेदन फुरी है ॥ जैसे फुरी है तैसा रूप
होकर महाप्रलयपर्यंत इस्थित है ॥ अन्यथा नही होती
जब तिस संवित विषे आकाश संवेदन फुरी है ॥ तब आ
काश होकर स्थित भई ॥ जब उष्णता को चेतया ॥ तब अ
ग्निरूप हो स्थित भई ॥ जब द्रवता को चेतया ॥ तब जल
रूप होकर स्थित भई ॥ जब स्पंदता को चेतया ॥ तब वायु
रूप होकर स्थित भई ॥ जब गंध को चेतया तब पृथ्वी
होकर स्थित भई ॥ इसी प्रकार जिस जिसकों चेतती भई
सो सोई पदार्थ प्रगट भए ॥ आत्मसत्ता विषे प्रतिबिंबित
भये ॥ पर वास्तव तें न कोऊ स्थावर है ॥ न जंगम है ॥ केवल
ब्रह्मसत्ता जिउं की तिउं अपणे आप विषे इस्थित है ॥
तिस विषे जगत भ्रम पडा भासता है ॥ सो उपजा कछु नही
हे लीला अब राजा विदूरथकों देख ॥ जो मृतक होता है

خاک و باد و آب و آتش بنده اند
با من و تو مرده با حق زنده اند

बोली

॥ लीलोवाच ॥ हे देवी जी इह राजा पद्म शव सरीर वाले
मंडप विषे किस मार्ग कर जावेगा ॥ अरु इसके पाछें ह
म किस प्रकार जावैंगे ॥ देवीयोवाच ॥ हे लीला इह अ
पणी वासनां के अनुसार मानुष मार्ग के राह जावेगा ॥
है चिदाकाश रूप पर अज्ञान कर के इसकों दूर स्थान
भासेगा ॥ हम भी इसही के मार्ग इसके संकल्प साथ अ
पणा संकल्प मिलाकर नाले जावेंगे ॥ जब लग संकल्प
साथ संकल्प मिलता नहीं ॥ तब लग एकत्र भाव नहीं हो
ता ॥ इसी कारण ते इसी के संकल्प साथ संकल्प मिलाक
र इसही के मार्ग जावेंगे ॥ श्रीवसिष्ठोवाच ॥ हे रामजी
इस प्रकार देवीजी लीला कों उपदेश कीया ॥ कैसा उपदे
श है ॥ मानो बोध का सूर्य उदै हूया है ॥ ऐसे संवाद कर
ती थी जो राजा शरीरांत होवणे लागा ॥ ॥ इति श्री
उतपत्त प्रकरणे लीलोपाख्याने संसार मरण विचा
रो नाम सर्गः ॥ ३८ ॥ श्रीवसिष्ठोवाच ॥ हे रामजी इस
प्रकार देवी अर लीला देखती थी ॥ जो राजे के नेत्र फाट
गए ॥ अरु सरीर नीरस होगया ॥ अरु स्वास मुख नासका
के मार्ग निकस गए ॥ जैसे काटा हूया कमल नीरस हो
जाता है ॥ तैसे राजा का सरीर नीरस होगया ॥ जो कछु चित
की चैतन्यता थी सो शरीरांत हो गई ॥ मृत्यु मूर्छा अंधे के प
विषे राजा जा पड्या ॥ अर प्राण चेतना वासनां संयुक्त तिस
आकाश विषे जा स्थित भई ॥ जैसे वायु गंध कों लेकर स्थि
त होवे ॥ तैसे प्राण चेतना वासनां संयुक्त स्थित भई ॥ पर
दोनों देवीयां उसकों दिव्य दृष्ट साथ पडीयां देखें ॥ तब रा
जा एक मुहूर्त पर्यंत मूर्छा विषे रह्या ॥ बहुड़ उसकों चेत
नां फुर आई ॥ अपणे साथ सरीर भास आया ॥ अर जाणता
भया ॥ जो मेरे बांधवां मेरा दशगात्र पिंड क्रिया करी है ॥
तिस कर इह मेरा शरीर भया है ॥ अरु धर्मराजा के स्थान
कों मुझे दूत ले चल्ये हैं ॥ हे रामजी इस प्रकार अनुभव क

रताधर्मराजाकेस्थानकोंचल्याजावे॥तिसकेपाछेंदे
वीयांभीचल्यांजावें॥जैसेवायुकेपाछेंगंधचलीजाती
है॥तैसेचलीजावें॥तबराजाविदूरथधर्मराजाकेपास
जाप्राप्तभया॥धर्मराजचित्रगुप्तकोकहा॥इसकेक
र्मविचारकरकहो॥तबचित्रगुप्तकहा॥हेभगवनइ
सकोऊआपकर्मनहींकीया॥अरुबडेबडेपुण्यकीए
हैं॥अरुभगवतीसरस्वतीकाभीइसकोंवरहै॥इसका
जोशवसरीरफूलोंसाथढांप्यापडाहै॥तिसशरीर
विषेभगवतीकेवरकरजीवप्रवेशकरणाहै॥तांतेइस
कोऔरकछुनहींकहणा॥इहदेवीयांकेवरसाथबं
धाहै॥हेरामजीऐसेउनोंकहा॥तबराजाकोउनोंअ
पणेस्थानोंतेचलादीया॥तबराजाआगेचल्याजा
वे॥अरुदेवीयांपाछेंचल्याजावें॥तबतीनोंएकब्रह्मां
डतेंलंघगए॥जिसकाराजविदूरथकीयाथा॥तिसकों
लंघकरदूसरेब्रह्मांडविषेगए॥तिसकोलंघतेपद्मरा
जाकेदेशविषेआए॥जहांफूलोंसाथढांप्याहूयाश
वशरीरपडाथा॥एकछिणविषेदेवीयांआनमिल्यां
॥रामोवाच॥हेभगवनउहतोराजामृतकभयाथा
मृतकहोकरतिसमार्गकोकैसेपछानतभया॥जोआ
नप्राप्तभया॥श्रीवसिष्ठोवाच॥हेरामजीउहविदू
रथजोमृतकभयाथा॥सोउसकीवासनांतोनष्टनभ
ईथी॥उसआपणीवासनांकरआपणेस्थानकोंआन
प्राप्तभया॥हेरामजीइहजोंतिमात्रजोजगतहै॥सोचि
दणुजीवकेरिदेविषेहै॥जैसेबटकेबीजविषेअनंत
बटवृक्षहोतेहैं॥तैसेचिदणुविषेअनंतजगतहैंसो
आपणेअंतरस्थितहैं॥तिसकोंकिंउनदेखे॥जैसेको
ऊपुरुषकिसीस्थानविषेधनकोंदबआवे॥अरुआ
पदूरदेशकोजावे॥तबधनकोंवासनांकरपडादेख
ताहै॥तैसेवासनाकीदृढताकरविदूरथदेखताभया

अरु जैसे कोऊ जीव स्वप्ने भ्रमकर किसी बडे धनवान
के गृह विषे जाउपजता है॥ भ्रमके अभाव हूए तिस
का अभाव देखता है॥ तैसे अनुभव करता भया॥ रा
मोवाच॥ हे भगवन जिसकी वासनां पाछें पिंड दा
न क्रियाकी होती है॥ अरु मृतक भया है॥ तब कैसे उह
अपने साथ देहको देखता है॥ तिसकी पिंड क्रिया हू
ई नही॥ श्रीवशिष्ठोवाच॥ हे रामजी जिस पुरुषके पि
ता माता तें पिंड क्रिया श्रवण करी है॥ तब पिंडोंकी वा
सनां इनके रिदे विषे होती है॥ सोई वासनां इसको फल रू
प होकर भासती है॥ जो मेरे पाछें मेरे बांधव पिंड दान
क्रिया करी है॥ सो इसकर मेरा सरीर हूया है॥ अपनी वा
सनांके अनुसार इस प्रकार अनुभव करता है॥ हे राम
जी सदेह होवे अथवा विदेह होवे॥ अपनी वासनांके
अनुसार इसको अनुभव होता है॥ भावनांतें इतर अनु
भव नही होता॥ चित्तरूप देह इस पुरुषकी होती है॥ जो
चित्त विषे पिंडोंकी वासना द्रिड है॥ तो अपनां पिंडाकार स
रीर जानता है॥ जैसी भावनां होती है॥ तैसा ही भासती है॥ भा
वनांके वसतें असत ही सत्त हो भासता है॥ तातें पदार्थों
का कारण भावना ही है॥ कारण विना कार्य उदे नही होता
महाप्रलय पर्यंत कारण विनां कार्य होता देख्या नहीं॥
अरु सुण्या भी नहीं॥ तातें जैसी वासनां होती है॥ तैसे का
र्यका अनुभव होता है॥ श्रीरामोवाच॥ हे भगवन जि
स पुरुषकों अपने पिंड क्रियाकी वासनां नहीं॥ उह ज
ब मृतक होता है॥ तब प्रेत वासनां संयुक्त होता है॥ जो
मय इनसों परे हों॥ अरु पाछें तिनके बांधव उसके नमि
त पिंड दान क्रिया करते हैं॥ सो पिंड क्रिया उसको प्राप्त
होती है॥ अथवा नही होती॥ बांधवोंके मन विषे दृढ भा
वनां भई॥ जो उसको प्राप्त होवेगी॥ अरु उसके मन विषे भा
वनां नहीं॥ धनके अभावतें अथवा पुत्रादिकोंके अभा
वतें उह निरास है॥ अरु किसी प्रभावतें किसी मित्र

आदिकों क्रियाकरी है ॥ सोकैंसे उसकों प्राप्त होती है अ
थवा नहीं होती ॥ तुम तो कहते हो जो भावनां के वसतें
असत भी सत हो जाता है ५ हे क्या ॥ श्रीवसिष्ठोवाच
॥ हे रामजी वासनां जो होती है ॥ सो देशकाल क्रिया द्र
व्यसंपदा पांचों कर होती है ॥ जैसी किसी की भावना दृ
ढ होती है ॥ तैसी सिद्ध होती है ॥ जिसकी कर्तव्यता बली
होती है ॥ तिसकी जय होती है ॥ अरु देह पुत्र दारा आ
दिक जो बांधव हैं ॥ सो सब इसकी वासनां रूप हैं ॥ जो ध
र्म पर वासनां दृढ होती है ॥ तौ बुध विषे प्रसन्नता उप
जआवती है ॥ पूर्व भावनां नष्ट हो जाती है ॥ अरु शुभ ग
ति कों प्राप्त होता है ॥ तांते अपने कल्याण के निमित्त शु
भ अभ्यास कीया चहीता है ॥ श्रीरामोवाच ॥ हे भग
वन जो क्रिया देश काल द्रव्यसंपदा पांचो नहीं होते ॥
तिनकी वासनां नहीं होती ॥ तिस अद्वैत तत्व तें जगत
भ्रम कैसे होता है ॥ श्रीवसिष्ठोवाच ॥ हे रामजी म
हाप्रलय सर्ग के आदि विषे देश काल क्रिया द्रव्यसंप
दा कोऊ नहीं रहती ॥ निमित्त कारण समुवाय कारण का
भी अभाव होता है ॥ तांते चिदात्मा विषे जगत उपजा न
हीं ॥ अरु है भी नहीं ॥ वास्तवतें दृश्य का अत्यंताभाव
है ॥ अरु जो भासता है ॥ सो ब्रह्म का कंचन है ॥ सो ब्रह्म
सत्ता सदा अपने आप विषे स्थित है ॥ जैसे अनेक
युक्तों कर मय तुजकों कहोंगा ॥ अब तें पूर्व कथा सुण
हे रामजी जब उह दोनों देवीयां तिस मंदर विषे जा प्रा
प्त भईयां ॥ तब देख्या ॥ जो महाफूलों कर सुंदर शीतल
स्थान बण्या हूया है ॥ जैसे वसंत रुत विषे वन भूमिका
सोभती है ॥ तैसे स्थान शोभता है ॥ अरु प्रातःकाल की
समा है ॥ स्वर्ण के कुंभ जलसाथ भरे मंगल रूप पड़े
हैं ॥ दीपकों की प्रभा मिट गई है ॥ किवार चढे हूए हैं
अरु मंदर विषे लोक सोए हूए हैं ॥ तिनके स्वास आ
वते जाते हैं ॥ महा सुंदर झरोखे हैं ॥ जैसे संपूर्ण कलाक
र चंद्रमा शोभता है ॥ तैसे सुंदर स्थान शोभता है ॥ जि

सकमलतें ब्रह्माजी उपजा है ॥ जैसा उह कमल सुंदर
है ॥ तैसे सुंदर स्थान मंदर कौं देख्या ॥ ॥ इति श्री
उतपतप्रकरणे मरणानंतर अवस्था वर्ननं ना
म सर्गः ॥ ३९ ॥ श्रीवसिष्ठोवाच ॥ हे रामजी जब
दोनों देवीयां तिस शव के पास विदूरथ की लीला को
देखत भईयां ॥ जो उसके मृत्यु तें प्रथम भई हां आनप्रा
प्त भई है ॥ पूर्व जैसे वस्त्र भूषण पहिरे हूए ॥ पूर्व जैसे
आचार है ॥ पूर्व जैसा सुंदर सरीर है ॥ तिस लीला कौं दे
खत भईयां ॥ जो महा सुंदर फूलों के ऊपर बैठी है ॥ सो
लक्ष्मी के समान भासती है ॥ मानो विष्णु के समान रा
जा है ॥ तिस लीला कौं कछुइक चिंता सहित देखत भ
ईयां ॥ जैसे दिन के समे चंद्रमा की मध्यम प्रतिभा होती
है ॥ तैसे कछुइक चिंता सहित राजा के वामे और बैठी
है ॥ एक हाथ के आधार चिबक राखी है ॥ अरु दूसरे
हाथ कर राजा को चमर करती है ॥ तिस लीला को दोनों
देखत भईयां ॥ अरु उह लीला इनकों न देखत भई ॥ का
हे तें जो इह दोनों प्रबुधात्मा हैं ॥ अरु सत्य संकल्प हैं ॥
अरु उह लीला इनके समान प्रबुध न थी ॥ तिस कार
ण तें उह न देखती भई ॥ श्रीरामोवाच ॥ हे भगवन
तिस मंडप आकाश विषे जो पूर्व लीली लीला देह कों स्था
पन कर ध्यान विषे विदूरथ की सृष्टि देखणे को गई
सरस्वती साथ ॥ सो तिस देह का तुम वर्ननन कछु न कीया
जो उस देह की क्या दशा भई ॥ अरु कहां गई ॥ तिस का बृ
तांत कहो ॥ श्रीवसिष्ठोवाच ॥ हे रामजी लीला कहां
थी ॥ अरु लीला का सरीर कहां था ॥ तिस की सत्ता कहां
थी ॥ उह तो अरुंधती के मन विषे लीला का सरीर भ्रांति
प्रतिभा हूई थी ॥ जैसे मारुथल विषे जल की प्रतिभा हो
ती है ॥ तैसे लीला के सरीर की प्रतिभा हूई थी ॥ हे रामजी
इह आधिभौतिक अज्ञान कर के भासता है ॥ बोध कर

के आधिभौतिकता नष्ट हो जाती है ॥ जब तिस लीला कों
बोध विषै प्रणाम कीया ॥ तब तिसका आधिभौतिक निवृ
त्त होगया ॥ जैसे सूर्य के तेज कर बरफ का पुतला गल
जाता है ॥ तैसे ज्ञान कर के तिसकी आधिभौतिकता नष्ट
होगई ॥ अरु आतिवाहकता आन उदै भई ॥ हे रामजी जे
ता कछु जगत है ॥ सो सब आकाशरूप है ॥ जैसे जेवड़ी
विषै सर्प भ्रम कर के भासता है ॥ तैसे आतिवाहकता वि
षै आधिभौतिकता भासती है ॥ आदि सरीर आतिवाह
क है ॥ अर्थ यह जो आतिवाहक संकल्पमात्र है ॥ तिस
विषै जो दृढ भावना होगई ॥ तिस कर पृथ्वी आदिक त
त्वों का सरीर भासणे लागा ॥ वास्तव तें न कोऊ भूतादि
क तत्व हैं ॥ न कोऊ तत्वों का सरीर है ॥ इनका ञाष्ट अर्थ
ससे के सिंगों की न्याई है ॥ हे रामजी आतिवाहक विषै
अज्ञान कर के आधिभौतिकता भासती है ॥ जब आ
त्म बोध होता है ॥ तब आधिभौतिकता नष्ट हो जाती है
जैसे कोऊ पुरुष स्वप्ने विषै आपको हरण देखै ॥ अरु ज
ब जाग उठा ॥ हरण का सरीर कोऊ दृष्ट नहीं आवता
तैसे अज्ञान कर के आधिभौतिकता दृष्ट आई है ॥ अ
रु आत्मबोध हूए तें आधिभौतिकता दृष्ट नहीं आव
ती ॥ जब सत्त वस्तु का ज्ञान उदै होता है ॥ तब असत का
ज्ञान लीन हो जाता है ॥ जैसे जेवड़ी के अज्ञान तें सर्प भ्रम
होता है ॥ तैसे जेवड़ी के सम्यक ज्ञान तें सर्प भ्रम निवृत्त
हो जाता है ॥ तांतें संपूर्ण जगत मन तें उदै हूया है ॥ अरु
आत्म ज्ञान कर निवृत्त हो जाता है ॥ जैसे स्वप्ने विषै जग
त आधिभौतिक हो भासता है ॥ जाग्रत तें नष्ट हो जाता है
तैसे आत्मज्ञान कर आधिभौतिकता नष्ट हो जाती है ॥
अरु आतिवाहक सरीर भासता है ॥ श्रीरामोवाच ॥
हे मुनीश्वर जो योगेश्वर जो आतिवाहक सरीर साथ ब्रह्म
लोक पर्यंत आवते जाते हैं ॥ तिनके सरीर कैसे भासते हैं

॥श्रीवसिष्टोवाच॥ हेरामजी अतिवाहक सरीर ऐसे है जैसे कोऊ पुरुष स्वप्नेविषे होवे॥ तिसको पूर्वला सरीर जागत का स्मरण आवे॥ तब स्वप्नेका सरीर इसको दृष्ट नही आवता॥ तिनको अर्काश रूप जानता है॥ तैसे अधिभौतिक तत्वबोध करके नष्ट होजाती है॥ जैसे सरत काल के मेघ देखले मात्र होते हैं॥ तैसे योगेश्वर ज्ञानवान का सरीर देखणे मात्र होता है॥ उह अदृष्ट रूप है॥ अवर का सरीर भासता है॥ हेरामजी आत्मा विषे इह देहादिक नौ तक करके भासते हैं॥ अरु आत्मज्ञान करके निवृत होजाते हैं॥ जैसे जेवडी के अज्ञान करके सर्प भासता है॥ अरु जेवडी के ज्ञान कर सर्प भ्रम निवृत होजाता है॥ तैसे तत्वबोध के उदे हूए दोनो देह का अभाव होजाता है॥ केवल अद्वैत सत्ता भासती है॥ ॥श्रीरामोवाच॥ हे भगवन अतिवाहक ते अधिभौतिक होता है॥ अथवा अधिभौतिक ते अतिवाहक होता है॥ सो कैसे होता है सो कहो॥ ॥श्रीवसिष्टोवाच॥ हेरामजी मयतुजको बहुत बार कहा है॥ तुम मेरे कहने को धारते किंउ नही॥ जो जेते कछु जीव हैं॥ सो सर्व अतिवाहक हैं॥ अधिभौतिक कोऊ नही॥ आदि जो शुध संवित संवेदन ते आभास उठा है॥ तिस करके इस जीव का आदि सरीर अतिवाहक संकल्परूप हूया है॥ जब उस विषे दृढ अभ्यास हूया॥ तब उह संकल्प रूपी सरीर अधिभौतिक होकर भासने लागा॥ जैसे जल दृढ जडता करके बरफ रूप होजाता है॥ तिस अधिभौतिक के तीन लक्षण हैं॥ नारी सरीर॥ अरु कठोर॥ अरु स्थूल है॥ जब तिसविषे अहंप्रतीत होती है॥ इस कारण ते अधिभौतिक होजाता है॥ अरु जब तत्व का बोध होता है॥ तब उह अधिभौतिक आकाश रूप होजाता है॥ जैसे स्वप्ने विषे देह ते आदि लेकर जागत भासता है॥ जब स्वप्ने ते जागता है॥ तब देह ते आदि स्वप्न जागत का अभाव होजाता है॥ अर्थ इह जो संकल्परूप भासता है॥

तैंसे आत्मतत्वके बोधहूए तें आधिभौतिकसरीर निवृत्त
होजाता है॥ संकल्परूपपडा भासता है॥ हे रामजी आ
धिभौतिकता जो इसकों प्राप्तभई है॥ सो अबोधके अ
भ्यासकर प्राप्तभई है॥ जब उलटकर बोधका अभ्या
स होवे॥ तब आधिभौतिकता नष्ट होजावे॥ अरु आति
वाहकता उदे होआवे॥ हे रामजी अन्यसरीरकों जो
इह प्राप्त होता है॥ सो एकसरीरकों त्यागकर दूसराअं
गीकार करता है॥ जैसे स्वप्नतें स्वप्नांतरकों प्राप्त होता
है॥ अरु जब बोध होता है॥ तब सरीर भी अवर नहीं भा
सता॥ तुही आधिभौतिकसरीर शांतिरूप होजाता है॥ जैं
से स्वप्नतें जागे हूए स्वप्नसरीर शांति होजाता है॥ तैंसे बो
धहूए आधिभौतिक शांति होजाता है॥ हे रामजी जेता
कछु जगत तुझकों भासता है॥ सो सब स्वप्नमात्र है
अज्ञानकरके सतकी न्याई भासता है॥ जब आत्मबोध
होवे॥ तब सब आकाशरूप भासे॥ ॥इति श्री उत्प
त्तिप्रकरणे लीलोपाख्याने स्वप्नपदार्थनिरूपणं ना
मसर्गः॥ ५०॥ श्रीवसिष्ठोवाच॥ हे रामजी जब उह दे
नों देवीयां अंतहपुरविषे गईयां॥ तब प्रबुधलीला कह
तभई॥ लीलोवाच॥ हे देवीजी समाधविषे मुझकों ला
गे हूए केता काल व्यतीत भया है॥ अरु मय जो राजाकी
स्रिष्टविषे गई थी॥ मेरा सरीर जोई होपडा था सो कहां ग
या॥ देवीयोवाच॥ हे लीला अब तुझकों समाधविषे
लागे इकत्रीस दिन भए हैं॥ जब तूं ध्यानविषे लागीथी
तब तेरा पुर्यष्टका विदूरथकी स्रिष्टविषे विचरती फि
री॥ इस सरीरकी वासना तेरी निवृत्त होगई॥ तब इह
सरीर तेरा निर्जीव होके गिरपडा॥ जैसे रसतें रहित प
त्र सूक जाता है॥ तैंसे तेरा सरीर रसतें रहित भया था॥
जैसे काष्ट पाषाण होता है तैंसे होगया॥ अरु बरफकी
न्याई सीतल होगया॥ तब देखकर मंत्रीयों विचार की
या॥ जो इह मृतक पडी है॥ इसकों जलाईए॥ तब चंदन

अरु घनसाथ जलादीया ॥ अरु बांधवजन रुदन करने
लागे ॥ अरु पुत्रों पिंडक्रियाकरी ॥ हे लीला आगे जो तें ध्या
नतें उतरती थी ॥ तब तुजकों देखकर लोक आश्चर्यमा
बहुत न होता था ॥ अरु अब लोक देखकर आश्चर्यमान हो
वेंगे ॥ जो राणी परलोकतें फिर आई है ॥ अरु नरता कों
उदे भी ले आई है ॥ हे लीला तुजकों बोध हूया है ॥ तिसकर उ
स सरीरकी वासनां नष्ट भई है ॥ अरु अतिवाहक विष
दृढ निश्चा हूया है ॥ इसकारणतें उह सरीर निर्जीव भ
या ॥ अब भी जो उसके समान तेरा सरीर है ॥ सो इसका
रणतें है ॥ जो तुजको बोध हूया है सो लीला की वासनां
विष हूया है ॥ जो मय लीला हैं ऐसी जो तेरी वासनां भई
इसकर तेरा सरीर तैसा ही भया ॥ इस लीला सरीरकी
वासनां तेरी नष्ट नही भई ॥ इसकारणतें तूं निर्वाण न
भई ॥ नहीं तो तूं विदेहमुक्ति हो जाती ॥ अब तूं सत संकल्प
भई है ॥ जैसे तेरी इछा होवे तैसे अनुभव होता है ॥ अरु
तैसे ही होवेगा ॥ हे लीला जैसी वासनां जिसकों होती है
तिसके अनुसार तिसकों प्राप्त होता है ॥ जैसे बालिक
कों अंधकार विषे जैसी भावनां होती है ॥ तैसा अनुभव
होता है ॥ तैसे जेती कछु आधिभौतिकता भासती है ॥ सो
सब भ्रममात्र है ॥ सब जीवों का आदि अतिवाहक सरी
र है ॥ सो प्रमाद करके आधिभौतिक भासता है ॥ हे ली
ला एक लिंग सरीर है ॥ एक स्थूल सरीर है ॥ सो दोनों संक
ल्परूप हैं ॥ परएता भेद है ॥ लिंगसरीर संकल्परूप मन
है ॥ तिस विषे जिसकों आधिभौतिकता का अभ्यास हू
या है ॥ तिसको सरीरक गौर अरु रूप वर्ण आश्रम का अभिमा
न हूया है ॥ जिस पुरुषकों ऐसे अनात्मा विषे आत्म
अभिमान हूया है ॥ तिसकों आधिभौतिक देह कहीता
जो है ॥ अर्थ इहै तिसकी चितवनां सतन ही होती ॥ अरु जि
सकों आधिभौतिकता का अभिमान नहीं ॥ सो अतिवा
हक सरीर है ॥ उह जैसी चितवनां करता है ॥ तैसी सिध

होती है॥ हे लीला तें अतिवाहक विषे दृढ भई हैं॥ इ
सी कारण तें इह बपु उंडसा जैसा सरीर हूया है॥ आ
धिभौतिक बुध तेरी नष्ट भई है॥ पूर्व लीला आवे सरी
र तें ना गिड पडा था॥ जैसे गंध तें रहित फूल गिडे तैं
से तेरा सरीर गिड पडा था॥ तब जल्ला दीया॥ अरु
अब तूं सत संकल्प भई हैं॥ जैसी चितवनो करे तैं
सी सिध होवेगी॥ हे लीला इह जो कमलनयनी ली
ला है॥ जो तेरे भरता के पास बैठी है॥ तिस कों इह
अंतहपुर के लोक सहेलीयां जान नहीं सकते॥
काहे तें जो मय इन कों निद्रा कर मोहित कीया है॥
जब लग मेरा दर्शन इस कों न होवे॥ तब लग इस
कों कोऊ अवर न जान सकेगा॥ अब इह हम कों दे
खेगी॥ श्रीवसिष्ठोवाच॥ हे रामजी ऐसे विचार
कर देवी उस कों अपने संकल्प साथ सावधान क
रती भई॥ तब उस लीला देखा॥ जो अंतहपुर वि
षे बडा प्रकाश भया है॥ जैसे बडु तेज सूर्य का एक
त्र प्रकाश होवे॥ अरु चंद्रमा की न्याई शीतल प्रका
श॥ ऐसे प्रकाशवान दोनों देवीयों कों देखकर न
मस्कार कीया॥ अरु मस्तक टेक्या॥ अरु दोनों कों
स्वर्ण के सिंहासन पर बैठाया॥ अरु कहत भई॥
हे जीव के दाता तेरी जय होवे जय होवे॥ तुम मेरे ऊ
पर बडी दया करी है॥ तेरे प्रसाद कर मय ईहां आ
न प्राप्त भई हों॥ देवीयोवाच॥ हे पुत्री तूं ईहां किंउ
कर आन प्राप्त भई हैं॥ अरु का वृत्तांत तुझ देखा
है॥ सो कहो॥ विदूरथलीलोवाच॥ हे देवी जी जब
मेरा भरता संग्राम विषे मरया था॥ तिस कों देखकर घाइल
मय मूर्छा भई॥ अरु गिड पडी॥ मूर्छा भई पर मृत्यु न भ
ई॥ तिस तें अनंतर मुझ कों चेतना फुर आई॥ तब म
य अपने साथ ही सरीर देखती भई॥ तिस सरीर
साथ मय आकास मार्ग कों उडी॥ एक कन्या कुया

रीमुजकोंलेआईहे॥ जेंसेवायुगंधकोंलेआवतीहे॥ तैं
सेमुजकोंउडावतीउडावतीपरलोकविषेभरताके
पासआनबैठगयाहे॥ अरआपअंतरध्यानहोगई
हे॥ अरुमेराभरताजोसंग्रामकरथकाहे॥ सोआक
रसोइरहाहे॥ अरमयतुजकोंमार्गविषेसंभारती
आईहों॥ परमुजकोहेष्टककूंनआए॥ ईहांकृपाक
रकेतुमदर्शनदीयाहे ॥श्रीवसिष्टोवाच॥ हेराम
जीइसप्रकारदेवीजीसुणकरप्रबुधलीलाकोंक
हतभई॥ जोअबराजाकीजीवकलाकोंछोडतीहों
ऐसेकहिकरजीवकलाकोंछोडदीया॥ तबनास
काकेमार्गसोंजीवकलाप्रवेशकरगई॥ जैंसेवायु
कमलकेअंतरप्रवेशकरजावे॥ तैसेशरीरकेअंत
रजीवकलाप्रवेशकरगई॥ कैसीजीवकलाहे॥ जो
वासनाकरकेपूरणहे॥ जैंसेसमुद्रजलकरपूर्ण
होताहे॥ तैसेपुर्यष्टिकावासनाकरपूरणहे॥ ऐसी
जीवकलासरीरविषेप्रवेशकीया॥ तबसरीरकी
कांतिउजलहोआई॥ अंगोविषेप्राणवायुपसरग
ई॥ जैसेवसंतरुतविषेवृक्षपत्रफूलफलविषेर
सप्रवेशकरतीहे॥ तैसेप्राणवायुकरसंपइंद्रीयां
खिडआईयां॥ तबराजाफूलोंकीसय्यातेउठखं
डाहूया॥ जैसेसोयाहूयाविंध्याचलपर्वतउठखडा
होवे॥ तैसेराजाउठखडाहूया॥ तबदोनोंलीलाराज
केसन्मुखआइखडीयां॥ तबराजेकहा॥ मेरेआगेतु
मकौनखडेहो॥ तबप्रबुधलीलाकहा॥ हेस्वामीम
यतेरीपूर्वपटराणीहों॥ सदातेरेसंगरहीहों॥ जैसे
संग शब्दकेअर्थरहिताहे॥ तैसेमयतेरेसंगरहीहों॥ हे
राजनजबतंईहांसरीरत्यागकरपरलोकगयाथा
तबमेरेविषेतेरास्नेहबडुतथा॥ तिसवासनाकर
मेराप्रतिबिंबरूपलीलातुमकोंभासीथी॥ अबरक
थाजोवर्तनहे॥ सोतुजकोंपाछेंकहोंगी॥ हेराजन

मेरे ऊपर इस देवीजी कृपा करी है ॥ जो तुमारे सीस की
और स्वर्ण के सिंहासन पर बैठी है ॥ ए माता सरस्वती
सर्व की जननी है ॥ इस हमारे ऊपर बडी कृपा करी है
अरु परलोक तें तुज कों ईहां ले आई है ॥ हे रामजी ऐ
से सुणकर राजा प्रसन्न हूया ॥ अरु उठ खडो हूया ॥ अ
र सरस्वतीजी के चर्नों पर मस्तक राख्या ॥ अरु कह
त भया ॥ राजोवाच ॥ हे सरस्वतीजी तुज कों मेरा नम
स्कार है ॥ तेरी सदा जय होवे जय होवे ॥ तूं सभ की
हितकारी हैं ॥ अर मुझ पर बडा अनुग्रह कीया है ॥
अब कृपा कर मुज कों इह वर देवो ॥ जो मेरी चदी आ
र्बला होवे ॥ अरु निःकंटक राज करों ॥ लक्ष्मी भी ब
हुत होवे ॥ अरु रोग कष्ट भी कोऊ न होवे ॥ अरु मय
आत्मज्ञान करके भी संपन्न होवों ॥ अर्थ इह जो भो
ग अरु मोक्ष दोनों मुज कों होवें ॥ श्रीवसिष्ठोवाच
हे रामजी जब इस प्रकार राजे कहा ॥ तब देवीजी उसके सी
स पर हाथ राख्या ॥ अरु कहत भई ॥ देव्योवाच ॥ हे
राजन ऐसे ही होवेगा ॥ तेरी आर्बला भी वही होवेगी ॥ अ
रु तेरा शत्रु भी कोऊ न होवेगा ॥ निःकंटक राज कों तूं भो
गेंगा ॥ आपदा भी तुमको कोऊ न आवेगी ॥ अर तूं बहुत ल
क्ष्मी कर संपन्न होवेंगा ॥ तेरी प्रजा भी सुखी रहेगी ॥ तुजे
देखकर सभ प्रसन्न होवेंगे ॥ अरु तेरी प्रजा विषे भी आ
पदा किसी कों न होवेगी ॥ अरु तूं आत्मानंद करके भी
पूर्ण होवेंगा ॥ अरु तेरा सरीर भी अरोग रहेगा ॥ ॥ इ
ति श्री उतपत प्रकरणे राजाजीवन्मुक्ति वर्ननं ना
म सर्गः ॥ ४१ ॥ श्रीवसिष्ठोवाच ॥ हे रामजी इस प्र
कार कहि कर देवीजी अंतरध्यान होत भई ॥ तब प्रातः
काल का समा हूया ॥ सभ लोक जाग पड़े ॥ जैसे उदै हूए
सूर्य के सूर्यमुखी कमल खिड़ आवते हैं ॥ तैसे सभ लोक
खिड़ आए ॥ तब राजा दोनों लीला कों कंठ लगावत भया
क्रम करके ॥ अरु प्रसन्न भया ॥ तब तिस नगर विषे नगा
रे बाजणे लागे ॥ बहुड बहुड मंगल गावें ॥ वहा आनंद व

धया॥ अंगनां अनेक नित्त करणे लगीयां॥ विद्याधर दे
वता सिध फूलों की वर्षा करणे लागे॥ अरु लोक बडे
आश्चर्य कों प्राप्त भए॥ जो लीला परलोक तें बहुड़ आ
ई है॥ अरु नरता कों भी ले आई है॥ हे रामजी इह कथा
देशतें देशांतर कों चली गई॥ लोक श्रवण करके आ
श्चर्य कों प्राप्त होवें॥ जब इस प्रकार इह कथा प्रसिध
भई॥ तब राजे भी इह कथा श्रवण करी॥ जो मंय इस प्र
कार मरकर बहुड़ जीवीया हों॥ इह विचार करत भया
जो मंय फेर अभिषेक लेवों राज का॥ तब मंत्री अरु मं
डलेश्वरों नें उत्तर दक्षिण पूरब पश्चम चारों ओर तें
समुद्रों का जल मंगाया॥ सर्व तीर्थ अरु गंगा आदि कों
का जल मंगाया॥ तब राजा कों राज का अभिषेक दीया
तब चारों समुद्र के राजा पर राजा की आज्ञा चलनें ला
गी॥ निहकंटक राज करत भया॥ राजा अरु लीला पूर्व
ली कथा कों विचारें॥ अर आश्चर्य मान होवें॥ सरस्व
ती जी के प्रसाद और उपदेश कर अरु अपने पुरुषार्थ कों पा
कर राजा अरु दोनों लीला असी सहस्र वर्ष पर्यंत जी
वन्मुक्ति हो कर राज कीया॥ कैसा राज कीया जो मन स
हित षट इंद्रीयों कों वस कीया॥ अरु यथा लाभ विषे
संतुष्ट रहें॥ इस रूप भ्रम तिन का निवर्त भया॥ ऐसे जीव
न्मुक्ति हो कर राज करत भए॥ कैसा सुंदर राजा है॥ मानों
चंद्रमा भी उस की सुंदरताई का किणका है॥ बहुड़ कै
सा है॥ जिस के तेज के आगें सूर्य भी मानों किणका है॥ इ
स प्रकार राज करत भया॥ सर्वथा सभन कों भली प्रकार
प्रजा कों संतुष्ट करत भया॥ सभ प्रजा राजा कों देख क
र प्रसन्न होवें॥ बहुड़ विदेह मुक्ति कों तीनों प्राप्त भए
राजा अरु दोनों लीला विदेह मुक्ति भए॥ ॥इति
श्री उत्पत प्रकरणे लीलोपाख्याने निर्वाण वर्ननं
नाम सर्गः॥ ४२॥ समाप्तम्॥ ३॥ श्री वसिष्ठोवा
च॥ हे रामजी इह दोनों कथा विस्तार कर श्रवण क

राई है॥ एक अंगका सज आतमणकी ॥ दूसरी लीलाकी ॥
दृश्य दोषके निवर्त्त अर्थ कही हैं॥ हे रामजी दृश्यकी
जो दृढता हो रही है॥ तिसकों त्याग॥ अरु अबदी नेंइ
तहांसो कों संक्षेपतें श्रवण कर॥ इह जगत जो तुजकों भा
सता है॥ सो सम आकाशरूप है॥ आदितें कछु उपजा न
हीं॥ जो वस्तु सत्य होती है॥ तिसके निवर्त्त करणे विषे यत
न होता है॥ अरु जो वस्तु असत होवे॥ तिसके निवर्त्त हो
वणे विषे यतन कछु नहीं॥ इस कारण तें ज्ञानवान कों
सम जगत आकाशरूप हो जाता है॥ अरु हे रामजी आ
दि जो ब्रह्मसत्ता विषे आभास संवेदन फुरी है॥ सो ब्रह्म
रूप होकर स्थित भई है॥ सो ब्रह्मा पृथवी आदिक तत्तों
तें रहित है॥ जो आपही आभासरूप होवे॥ तिसतें उपजा
जगत कैसे सत होवे॥ हे रामजी ज्ञानवान पुरुष आका
शरूप है॥ जिसकों आत्मपद साक्षातकार हुया है॥ तिस
कों दृश्य भ्रमका अभाव हो जाता है॥ अरु जो अज्ञानी हैं॥
तिनकों जगत भ्रम स्पष्ट भासता है॥ शुधचिदाकाशका
एक अणु जीव है॥ एक तिस जीव अणु विषे इह जगत
भासता है॥ तिस जगतकी अवस्था मय तुजकों क्या कहों॥
वासनां क्या कहों॥ पदार्थ क्या कहों॥ इह तौ हैं ही नहीं॥ हे रा
मजी अवर जगत कछु उपजा नहीं॥ संवेदन के फुरणे क
र जगत हो भासता है॥ शुधसंवितरूप विषे संवेदनरूप न
दी चलती है॥ तिस विषे इह जगत पडा फुरता है॥ जब सं
वेदन कों यतन कर रोकीयेंगा॥ तब दृश्य भ्रम नष्ट हो
जावेगा॥ सो यतन करणा एही है॥ जो संवेदन कों अंतर
मुख करणा॥ जब लग आत्मा का साक्षातकार नहीं हो
ता॥ तब लग श्रवण मनन निदध्यासन कर दृढ अभ
्यास करीए॥ जब आत्माका साक्षातकार होवेगा॥ तब
दृश्य भ्रम नष्ट हो जावेगा॥ हे रामजी इह सर्व जगत जो तु
जकों भासता है॥ सो हमकों सर्व अखंड ब्रह्मसत्ता भास
ती है॥ जगत सब मायामात्र है॥ पर माया भी कछु अवर
वस्तु नहीं॥ ब्रह्मसत्ता ही अपणे आप विषे इस्थित है॥
श्रीरामोवाच॥ बडा आश्चर्य है बडा आश्चर्य है
हे मुनीश्वर तुम मुजकों परम दृष्ट कही है सो कैसा तुमा

राउपदेश है ॥ जो हदयरूपीत्रण कोनासकरता अ
ग्नि है ॥ अरु अध्यात्मक अधभौतिक अधिदैविक
तापोंकेनासकरता चंद्रमा है ॥ हे मुनीश्वर तुमारे उपदे
शकर मय तात तेय भया हों ॥ अरु पांच विकल्प मय
विचारते हैं ॥ जो इह जगत मिथ्या है ॥ अरु स्वरूपतें आ
इसकासुभा निर्वचनीय है ॥ आत्मा विषे आभासरूप प्रतिमा है ॥ अ
ज्ञान करके उपजा भासता है ॥ ऐसे जानकर मय शां
तात्मा ज्ञानवानों की न्याई भया हों ॥ अरु निर्वाण मु
क्तिवाल्यों की न्यांई भया हों ॥ हे मुनीश्वर अब रश्म्यों तें
तुमारा उपदेश आश्चर्यरूप है ॥ श्रवणरूपी पात्र तुमा
रे वचनरूपी अंमृत करके त्रप्त नही होते ॥ तांते इह संसा
मेरा दूर करो ॥ जो लीला के भरता को तीन सिष्टों का अ
नुभव कैसे भया ॥ जो प्रथम वसिष्ट ब्राह्मण बहुड पद
म राजे का बहुड विदूरथ का ॥ तिनों विषे काल का वि
तर्क मकैसे देखा ॥ जो कहूं एक दिन देखा ॥ कहूं मास
हूया ॥ कहूं वर्षों का अनुभव भया ॥ सो काल का वितर्क
म कैसे भया ॥ हे मुनीश्वर इह लोहड के वटे विषे जल न
ही ठहरता ॥ अरु कुंभ विषे इस्थित होता है ॥ तांते स्पष्ट
कर कहो ॥ जो थोडे काल विषे बहुत काल किंउ कर हू
या ॥ अरु बहुत काल विषे थोडा किंउ कर हूया ॥ जो तुमा
रे वचन मेरे रिदे विषे इस्थित होवें ॥ श्रीवसिष्ठोवाच
हे रामजी शुद्ध संवित मन का आपणा आप है ॥ तिस
विषे जैसी जैसी संवेदन फुरती है ॥ तैसा तैसा रूप हो भास
ता है ॥ कहूं क्षण विषे कल्पों के समूह बीते भासते हैं ॥
कहूं कल्पों विषे क्षण का अनुभव होता है ॥ हे रामजी
जिसकों विष विषे अंमृत की भावना होती है ॥ तिसकों
अंमृत हो भासता है ॥ अरु जिसकों अंमृत विषे विष की
३ भावना होती है ॥ तबौंही अंमृत विष हो जाता है ॥ किसी
पुरुष का शत्रु होता है ॥ अरु उस विषे मित्र की भाव
ना करता है ॥ अरु जिसकों मित्र विषे शत्रु भावना हो
ती है ॥ तब वह शत्रु हो जाता है ॥ हे रामजी जैसी जैसी

संवेदन फुरती है ॥ तैंसा तैंसा रूप हो भासता है ॥ जिसकी
संवेदन तीव्र अभ्यास कर निर्मल भई है ॥ तिसका संक
ल्प सत्त हो भासता है ॥ जैंसे चेतता है ॥ तैंसे ही सिध होता
है ॥ जो संवेदन की तीव्रता नई किंतु ॥ हे रामजी जो को
उ पुरुष रोगी होता है ॥ तिसको एक रात्रि कल्प के स
मान व्यतीत होती है ॥ अरु एक मुहूर्त के स्वप्ने विषे अने
क वर्षों का अनुभव होता है ॥ जानता है ॥ जो मय उपज्ञा
हां ॥ इह मेरे माता पिता हैं ॥ अब मय वडा हूया हों ॥ इ
ह मेरे बांधव हैं ॥ हे रामजी एक मुहूर्त विषे अनेक जन्
म देखता है ॥ अरु जाग्यें तें एक मुहूर्त भी नहीं होता ॥ ह
रीचंद्र कों एक मुहूर्त विषे बारां वर्षों का अनुभव हू
या था ॥ राजा लवण कों एक छिण विषे अनेक वर्षों
का अनुभव भया था ॥ तां तें जैसा जैसा रूप होती है ॥ संवेदनफुर
तैंसा हो कर भासता है ॥ हे रामजी ब्रह्मा के एक मुहू
र्त विषे मानुषों की आर्बला व्यतीत हो जाती है ॥ अरु
ब्रह्मा एक मुहूर्त का अनुभव करता है ॥ अरु मानुष
संपूर्ण आर्बला का अनुभव करता है ॥ अरु जो ब्रह्मा
जी आपणी संपूर्ण आर्बला का अनुभव करता है ॥
सो विष्णुजी का एक दिन होता है ॥ अरु ब्रह्मा की आ
र्बला व्यतीत होती है ॥ विष्णुजी कों एक दिन का अनु
भव होता है ॥ अरु विष्णुजी की सारी आर्बला व्यती
त होती है ॥ तब रुद्रजी का एक दिन व्यतीत होता है
जैसे जैसे संवेदन विषे दृढता होती है ॥ तैंसे तैंसे हो
भासती है ॥ हे रामजी जेताक जगत तूं देखता हैं
सो सब संवेदन फुरणे विषे इस्थित है ॥ जब संवेदन
स्थिर भूत होती है ॥ तब न दिन भासता है ॥ न रात्रि भास
ती है ॥ न कोऊ पदार्थ भासता है ॥ न अपणा सरीर भा
सता है ॥ केवल आत्मसत्यमात्र भासती है ॥ तां तें तूं दे आत्मसत्ता
ख ॥ जो सब जगत मन के फुरणे विषे स्थित है ॥ जैंसे जैं
से फुरता है ॥ तैंसे तैंसे हो भासता है ॥ कटुक विषे जि
सकों मधुर की भावनां होती है ॥ तब कटुक इसकों

मधुर होजाता है ॥ अरु मधुर विषे जिसकों कटुक
भावना होती है ॥ तब मधुर तिसकों कटुक होजाता
है ॥ अरु स्वप्न विषे अपने स्थान में नानाप्रकार के व्यव
हार होते भासते हैं ॥ अरु आप इस्थिर होता है ॥ अरु
स्वप्न विषे दौडता फिरता है ॥ तातें जैसा जैसा फुरणा
मन विषे होता है ॥ तैसा तैसा हो भासता है ॥ हे रामजी
जो पुरुष नौका विषे बैठा होता है ॥ तिसकों तट के वृ
क्ष दौडते भासते हैं ॥ अरु जो विचारवान है ॥ सो चलते
भी भ्रमण विषे भी स्थिर होता है ॥ अरु पुरुष फेरी लेता है
तिसकों स्थिर पदार्थ चलते भ्रमते भासते हैं ॥ जो वि
भ्रमते चारवान पुरुष हैं ॥ तिनकों भ्रमते विषे भी अचल बु
धि होती है ॥ तातें जैसा जैसा निश्चय होता है ॥ तैसा हो भा
सता है ॥ हे रामजी जो श्वेत पदार्थ होता है ॥ अरु किसी
के नेत्रों विषे दूषण होता है ॥ तिसकों पीतवर्ण भासता
है ॥ हे रामजी जैसे बालिक कों परछावें विषे वैताल भा
सता है ॥ सो असत हीं सतरूप हो भासता है ॥ अर्थ इहे
जो भयकों देता है ॥ अरु स्वप्नेवाले कों स्वप्ने का अनुभ
व होता है ॥ अरु जाग्रतवाले कों जाग्रत का अनुभव
होता है ॥ इत्यादिक पदार्थ विपर्यय होते भासते हैं ॥
सो सब भ्रमकरके भासते हैं ॥ जब मन फुरता है ॥ तब
भासते हैं ॥ सो लीला के भरता कों असे सृष्टि का अनु
भव भया है ॥ जैसे जाग्रत के एक मुहूर्त विषे स्वप्ने मों ब
हुकाल भासता है ॥ तैसे लीला के भरता कों भी भासा था
जैसे जैसे मन का फुरणा होता है ॥ तैसे तैसे रूप चेतन्य
संवित विषे भासता है ॥ अरु मुझ कों सदा ब्रह्मसत्ता
भासती है ॥ इतर नहीं भासता ॥ अरु जिसकों जगत भा
वना दृढ हुई है ॥ तिसकों जगत हीं पडा भासता है ॥ हे
रामजी जेता कछु जगत पडा भासता है ॥ सो आदि तें
कछु उपजा नहीं ॥ मन आकाशरूप है ॥ जैसे पथरे वि
षे उकेरे विना भी शिलपी पुतलीयां कल्पता है ॥ सो सि

लपाके मन विषे हैं। स्वप्ने विषे कछु बणी नहीं॥ तैसे आ
त्मा विषे चित्त जगत रूपी पुतलीयां कल्पता है। पर
हूयां कछु नहीं। आत्मसत्ता जिंउ की तिंउ ही अपणे
आप विषे इस्थित है॥ हे रामजी जैसे एक स्थान विषे
दो पुरुष सोए होवें॥ तिन विषे एक जागत होवे॥ दूस
रा स्वप्ने विषे होवे॥ जो स्वप्ने विषे है तिन कों वडे युध
होते पड़े भासते हैं॥ अरु जागते कों आकाश रूप हैं।
तैसे जो प्रबुध आत्मा ज्ञानवान है॥ तिन कों जगत सु
षुप्त की न्याई अभाव है॥ अरु जो अज्ञानी हैं॥ तिन कों
नाना प्रकार का जगत स्पष्ट भासता है॥ जैसे बसंत
रुत विषे पत्र फूल फल गुछे रस सहित भासते हैं॥
तैसे आत्मसत्ता चेतता करके जगत रूप हो भास
ती है॥ जैसे जल विषे द्रवता रहती है॥ तैसे आत्मा वि
षे जगत भास रहता है॥ पर जब संवेदन फुरती है॥
तब जगत भासता है॥ जब नहीं फुरती तब नहीं भा
सता॥ हे रामजी आत्मा अरु जगत विषे कछु भेद न
हीं॥ जैसे अवयवी अरु अवयवों विषे भेद कछु न
हीं॥ तैसे आत्मा अरु जगत विषे भेद कछु नहीं॥ जै
से सुगंध अरु फलों विषे भेद कछु नहीं॥ तैसे आत्मा
अरु जगत विषे भेद कछु नहीं॥ ब्रह्मसत्ता ही संवेद
न करके जगत रूप हो भासती है॥ अवर कछु बण
या नहीं॥ हे रामजी जब महाप्रलय होती है॥ तब ब्रह्मा
जी तो विदेह मुक्त होता है॥ बहुड़ इह जगत का कार
ण कैसे होवे॥ अरु जो तैं स्मृत कारण मानें॥ तो स्मृत भी
अनुभव विषे होती है॥ जो स्मृत ते जगत हूया॥ तो अ
नुभव रूप भया॥ श्रीरामोवाच॥ हे भगवन पद्म रा
जा के मंत्री टहलुए सन लोक विदूरथ को जा प्राप्त
भए। सो कैसे हूए॥ इह वार्ता बहुड़ कहो॥ श्रीवसि
ष्ठोवाच॥ हे रामजी केवल चैतन्य संवित सन का अ
पणा आप रूप है॥ जैसी जैसी तिस संवित के आश्रय सं
से

वेदन फुरती है ॥ तैसा तैसा रूप होभासती है ॥ हे राम
जी जब राजा विदूरथ मृत्यु होवणे लागा ॥ तब राजा की
वासना उसविषे बड़ी तथी ॥ अरु मंत्री टहिलूए रा
जा के अंग है ॥ इस कारण ते मंत्री टहिलूए उसकों
भासआए ॥ जैसे मरुमणि की किरणां महामणि के
अंग हैं ॥ तैसे मंत्री टहिलूए राजा के अंग हैं ॥ जैसे कों
उ स्वप्ने विषे आपकों देखे ॥ जो मय इस कुलविषे उ
पजा हों ॥ इह मेरा कुल आचार है ॥ मय राजा हों ॥ इह
मेरे मंत्री टहिलूए हैं ॥ तैसे ही मृत्यु कूं या राजा विदूर
थ देखत भया ॥ हे रामजी जैसी भावना संवेदन वि
षे दृढ होती है ॥ तैसा रूप होभासती है ॥ एक अचल
पदार्थ होते हैं ॥ एक चल पदार्थ होते हैं ॥ जो अचल
होता है ॥ तिसका प्रतिबिंब आदर्श विषे भासता है
अरु चलपदार्थ रहता नहीं ॥ तांते उसका प्रतिबिं
ब भासता नहीं ॥ तैसे जिस पदार्थ की तीव्र संवेग
भावना होती है ॥ तिसका प्रतिबिंब चैतन्यदर्पण
विषे भासता है ॥ अन्यथा नहीं भासता ॥ हे रामजी अ
नेक वासना जीव के हृदय विषे होती है ॥ पर जिसकी
तीव्रता होती है ॥ तिसकी जय होती है ॥ जो उसकों
सद्रूप थे ॥ मंत्री टहिलूए उही भासे ॥ हे रामजी जैसे
अनेक तरंग समुद्र विषे होते हैं ॥ तैसे अनेक सृ
ष्टि एक एक चिदणु विषे मन के फुरणे कर होती
है ॥ परवास्तव तें कछु नहीं ॥ चिदाकाश ही चिदाका
श विषे स्थित है ॥ अरु इह जगत जीतु जकों भास
ता है सो आकाशरूप है ॥ जैसे स्वप्नसृष्टि अनेक
रूप होकर भासती है ॥ पर आकाशरूप है ॥ तैसे अ
नंत सृष्टि आत्मा अनेक रूप होकर भासता है ॥ हे
रामजी इष्टादर्शन दृश्य तो त्रिकुटी भासती है ॥ सो
ज्ञानवान को एक आत्मा ही भासता है ॥ अरु अज्ञा
नी कों नानत्व भासता है ॥ कर्तृत्व अकर्तृत्व

कछुतमकछुप्रकाश देश काल क्रिया इत्यादिक
जगत भासता है॥ अरु तीनवानकों आदि अंततें
रहित आत्मसत्ता भासती है॥ तिसविषे जगत कछु
हूया नहीं॥ जैसे जलतें तरंग होते हैं॥ सो कछु हूये नं
हीं॥ तैसे अहंत्वं आदिक जगत भी सन बोधरूप है॥
तिसविषे द्वैत कलनां का अभाव है॥ ॥ इति श्री
उतपतप्रकरणे लीलोपाख्याने प्रयोजन वर्ननं
नाम सर्गः॥ ४३॥ श्रीरामोवाच॥ हे भगवन् अहं
त्वं आदिक जो द्वैतरूप भी तिन भासती है॥ सो कारण वि
ना आत्मातें कैसे उदे हूई है॥ सो कहो॥ श्रीवसिष्ठो
वाच॥ हे रामजी जेता कछु कारण कार्य जगत
भासता है॥ सो तिसका उदे होवणा आदि आत्मातें
सम ही हूया है॥ अर्थ इह जो संवेदन के फुरणे कर
एकठे ही पदार्थ फुर आए हैं॥ अरु सर्वदा काल स
र्व प्रकार सर्वात्मा ही आपणे आप विषे स्थित है॥ हे
रामजी इह सर्वज्ञ आदि अर्थरूप कलनां भासती है॥
सो सन ब्रह्म स्वरूप है॥ तिसतें इतर कछु हूया नहीं॥
अरु ब्रह्मसत्ता सर्वज्ञादि अर्थों की कलनां तें रहित
आपणे आप विषे स्थित है॥ जैसे स्वर्णतें इतर भूष
ण नहीं॥ तैसे ब्रह्मतें इतर कछु जगत नहीं॥ हे राम
जी ईश्वर जो आत्मा है॥ सो जगतरूप है॥ पर जगत
ईश्वररूप नहीं॥ जैसे स्वर्ण भूषणरूप है॥ पर भूष
ण स्वर्णरूप नहीं॥ अर्थ इह जो स्वर्णविषे भूषण
कल्पित हैं॥ तैसे जगत आत्मा का आभासरूप है
इतर कछु नहीं॥ जैसे अवयवीतें भिन्न अवयव
नहीं होते॥ तैसे आत्मा विषे संवेदन के फुरणे तें त
न्मात्रा फुरी है॥ आत्मा विषे इनका उपजणा सम हू
या है॥ पाछें विभाग कलनां हूई है॥ जो तिनतें भूत
हूये हैं॥ इत्यादिक सो जगतरूप हैं॥ पर आत्मा तें
अन्य नहीं॥ जैसे सिलाविषे चित्रे लापुतलीयां क

ल्पता है ॥ सो सिलारूप हैं ॥ तैसे अहंतं आदिक जग
त चिदघन आत्मा विषे मनरूपी चितेरे ने जगतरू
पी पुतलीयां कल्पी हैं ॥ सो चिदघनरूप ही हैं ॥ इ
तर कछु नहीं ॥ जैसे जल विषे तरंग होते हैं ॥ सो जल
ही रूप हैं ॥ तैसे आत्मा विषे जगत है ॥ अरु आत्मा जग
हे त के ग्राह्य अर्थ तें रहित है ॥ हे रामजी जगत परमात्मा
तें भिन्न नहीं ॥ अरु परमात्मा जगत तें भिन्न है ॥ अरु
जगत की न्याई भी नहीं ॥ केवल चिदाकाशरूप अप
णे आप विषे स्थित है ॥ जैसे वायु अरु स्पंद विषे भे
द नहीं ॥ तैसे ब्रह्म अरु जगत विषे भेद नहीं ॥ जब सं
वेदन कछु नरूप होती है ॥ तब जगतरूप होय भास
ती है ॥ अरु संवेदन तें रहित आत्मसत्ता सदा एक
रस अपणे आप विषे स्थित है ॥ हे रामजी जब सं
वेदन फुरणे तें रहित होती है ॥ तब आत्मपद विषे
स्थित होती है ॥ संकल्परूप जगत नासे ॥ तब भी आ
त्मरूप भासता है ॥ जब केवल संवितमात्र विषे संवे
दन होती है ॥ तब फुरणे विषे भी संवितमात्र ही भा
सती है ॥ हे रामजी जैसे रसतन्मात्रा विषे जल स्थित
होता है ॥ तैसे आत्मा विषे जगत स्थित है ॥ जैसे गंध
तन्मात्रा विषे संपूर्ण पृथ्वी स्थित है ॥ तैसे आत्मा वि
षे जगत स्थित है ॥ सो आत्मसत्ता निराकार चिन्मात्र
रूप है ॥ उदे अस्त तें रहित अपणे आप विषे स्थि
त है ॥ तिस विषे प्रपंच नाम कोऊ नहीं ॥ हे रामजी जो
ज्ञानवान पुरुष हैं ॥ तिनको दृढ जगत भी आकाशरू
प भासता है ॥ अरु जो अज्ञानी हैं ॥ तिनको आत्मा वि
षे जगत भासता है ॥ हे रामजी जैसी जैसी संवेदन चित्त
संवित विषे फुरती है ॥ तैसा तैसा रूप होय भासता है ॥
इह जेती तत्वों की तन्मात्रा है ॥ सो सब चित्त संवेदन के
फुरणे विषे स्थित है ॥ जैसा जैसा फुरणा तिन विषे
होता है ॥ तैसा ही होय भासता है ॥ काहे तें जो आत्मा सर्व

शक्ति है॥ जिस जिस पदार्थका फुरणा होता है॥ सोई
होभासता है॥ अरु जो पंच ज्ञान इंद्रीयां छटवां मन
का विषय है॥ सो सब असत आकाशरूप है॥ अरु आ
त्मसत्ता इनतें अतीत है॥ अरु विश्व भी ऐसे है॥ जैं
से समुद्र विषे तरंग होते हैं॥ तैसे आत्मा विषे जगत इ
स्थित हैं॥ जैसे तेज अरु प्रकाश अनन्यरूप है॥ तैसे
आत्मा अरु जगत अनन्यरूप है॥ जैसे मरचे अरु ती
क्षणता विषे कछु भेद नहीं॥ तैसे आत्मा अरु जगत
विषे कछु भेद नहीं॥ जैसे अग्नि अरु उष्णता विषे भेद
कछु नहीं॥ तैसे निराकार आत्मा विषे सृष्टां स्वता
विक स्थित हैं॥ हे रामजी इह जगत ब्रह्मरूपी रत्नका
प्रकाश है॥ सो ब्रह्मरूप है॥ इतर नहीं॥ हे रामजी चिद
णु के प्रमाण प्रमाण विषे सृष्टां भासती हैं॥ तिन सृ
ष्टां विषे जो प्रमाण हैं॥ तिन प्रमाणों के अंतर अवर।
सृष्टां हैं॥ तिनकी संख्या कछु नहीं॥ जैसे जल विषे अ
नेक तरंग होते हैं॥ तैसे चिदणु विषे सृष्टां हैं॥ हे राम
जी जब लग इसकी संवेदन दृश्य भ्रम साथ मिली हू
ई है॥ तब लग सृष्टों का अंत नहीं॥ जब चित्त उपश
म होवैगा॥ तब जगत भ्रम मिट जावेगा॥ जब जगत भ्र
म मिटा॥ तब सब जगत आत्मरूप हो भासता है॥ जैं
से समुद्र कों तरंग बुदबुदा सब अपणा रूप भासता
है॥ तैसे ज्ञानवान कों सब अपणा रूप भासता है॥ हे रा
मजी शुद्ध आत्मसत्ता विषे जो संवेदन फुरी है॥ सो आ
पकों ब्रह्मारूप जानत भई है॥ तिस ब्रह्माने आगें भा
वना करके संकल्परूप नाना प्रकार का जगत रचा है॥
तिसकों अंतर तें असतरूप अनुभव करत भया है॥
तिस करके कहूं नमेष विषे अनेक युगों का अंत॥ पड़ा
भासता है॥ कहूं उनमेष विषे अनेक युगों का अनुभ
व पड़ा होता है॥ ॥ इति श्री उतपतप्रकरणे जगत
कछन वर्ननं नाम सर्गः॥ ४४॥ श्री वसिष्ठोवाच॥

हे रामजी चिदगमाण विषे जो निमेष होती है॥ तिसके
लखवें भाग विषे जगतों के अनेक कल्प फुरते हैं॥ तिन
सृष्टों विषे जो अमाण हैं॥ तिनों विषे भी सृष्टां पडी फु
रती हैं॥ जैसे समुद्र विषे तरंग पडे फुरते हैं॥ तैसे आत्मा
विषे अनेक सृष्टां पडी भासती हैं॥ जैसे मारूथल वि
षे मृगजल की नदी भासती है॥ तैसे आत्मा विषे जगत
भासते हैं॥ जैसे स्वप्न विषे स्वप्न सृष्ट भासती है॥ तैसे
आत्मा विषे जगत भासते हैं॥ श्रीरामोवाच॥ हे ज्ञा
नवानों विषे श्रेष्ट जिस पुरुष कों विचार द्वारा सम्यक
ज्ञान हूया है॥ तिसकर निर्विकल्प आत्मपद की प्राप्त
भई है॥ तिसकों देह अपणे साथ कैसे भासती है॥ अरु
देह उसकी कैसी रहती है॥ श्रीवसिष्टोवाच॥ हे राम
जी आदि जो ब्रह्मसत्ता विषे संवेदन फुरी है॥ तिसका
नाम नेत हूया है॥ तिस विषे जैसी शक्ति धारी है॥ जो इ
ह पदार्थ ऐसे होवे॥ इसकर होवेगा॥ अरु एता काल
रहेगा॥ सो अनेक कल्प पर्यंत तैसे ही होता है॥ जेता का
ल उस धारना है॥ तेता काल ही रहेगा॥ इसका नाम नेत
है॥ महाशांति भी तिसकों कहीता है॥ महा चेतन भी ति
सकों कहीता है॥ महाशक्ति भी तिसकों कहीता है॥ महा
दृष्टा भी तिसकों कहीता है॥ महाकर्ता भी तिसकों क
हीता है॥ महाउदन्व भी तिसकों कहीता है॥ अर्थ इह
जो अनंत ब्रह्मांडों की उपजावणहारी है॥ जैसे उह फु
रणा श्रेष्ठ हूया है॥ तैसा रूप होकर स्थित है॥ इह स्था
वर हैं॥ इह जंगम हैं॥ इह देवता हैं॥ इह दैत्य हैं॥ इह ना
ग है॥ इह नागनी है॥ ब्रह्मा तें आदि तृण पर्यंत जैसे ति
स धारा है॥ तैसे ही स्थित है॥ स्वरूप तें ब्रह्मसत्ता ही है॥
अन्यथा कदाचित नहीं हूया सदा अपणे आप विषे
इस्थित है॥ अरु जो ज्ञानवान पुरुष हैं॥ तिसकों सभ
ब्रह्मस्वरूप ही भासता है॥ अरु जो अज्ञानी हैं॥ तिनकों
जगत भिन्न भिन्न भासता है॥ हे रामजी ज्ञानवान कों स

नब्रह्मस्वरूपभासता है॥ जैसेआकाशविषेवद्धाभास
ता है॥ तैसे ब्रह्मविषेजगतभासता है॥ अरुजो ज्ञानवा
नपुरुष हैं॥ तिनकोंजगतअरुनेतसभब्रह्मरूपभा
सते हैं॥ जैसेअवयवीकोंअवयवसभअपणारूपभा
सते हैं॥ तैसेब्रह्मसत्ताकोंजगतअरुब्रह्मासभअप
णारूपभासते हैं॥ हे रामजी इहजोपुरुषार्थकरता है
तिसकेअनुसारप्राप्त होता है॥ इसकारणकर इस
कानामनेत है॥ तिसहीकानामपुरुषार्थ है॥ तिसीका
नामदैव है॥ तिसकाजोफलप्राप्त हूया॥ तिसीकानाम
दैव है॥ हे रामजी जोपुरुषऐसेदैवपरायण हूया है॥
जोमुझकोंदैवभोजनकरावेगासोकरेगा॥ अरुमौ
नधारकरअक्रियहोबैठे॥ तिसकोंजोअन्नप्राप्त हो
वे॥ सोभीनेत है॥ अरुजोपुरुषभोगोंकेनिमित्तपुरुषा
र्थकरता है॥ सोभोगोंकोंभोगेगा॥ परअनेकसरीरोंकों
मोक्षपर्यंतधारेगा॥ इहभीनेत है॥ हे रामजी जोआदि
संवितविषेसंवेदनफुरकरविभुताधारी है॥ तिस
हीप्रकारस्थित है॥ तिसकानामभीनेत है॥ तिसनेतके
उलंघणेकोंब्रह्माविष्णुरुद्रादिकभीसमर्थनहीं॥ स
भनेतकेअनुसारचलते हैं॥ अबरकोउकैसेलंघस
के॥ हे रामजी जोपुरुषपुरुषार्थकोत्यागबैठे हैं॥ तिन
कोंफलनहींप्राप्त होता॥ इहभीनेत है॥ अरुजोपुरुष
फलनिमित्तपुरुषार्थकरता है॥ तिसकोंफलप्राप्त हो
ता है॥ इहभीनेत है॥ हे रामजी पुरुषार्थभीसफलही है
जोब्रह्मपदकेनिमित्त होवे॥ जबब्रह्मपदकीओरतीव्र
अभ्यास होता है॥ तबपरमपदकीप्राप्तअवश्य होती है
जबपरमपदप्राप्त भया॥ तबसर्वजगतचिदाकाश हो
भासता है॥ नेतआदिकजोविस्तारकहे हैं॥ सोभीब्रह्म
है॥ ब्रह्मसत्ताहीऐसे होभासती है॥ जैसेपृथ्वीविषेर
ससत्ताहीतृणवल्लीगुच्छेफलहोकरस्थित है॥ तैसे
नेतआदिकसभजगतब्रह्मही होकरस्थित होता है॥

अवरवस्तु कछु नहीं ॥ ॥ इति श्री उतपत प्रकर
णे देवदूत अर्थ विचारो नाम सर्गः ॥ ४५ ॥ श्री वसि
ष्ठोवाच ॥ हे रामजी इह जो तुझ कों जगत भासता है ॥
सो सर्व प्रकार सर्वदा काल सर्व और तें ब्रह्म तत्व सर्व
शक्ति सर्वात्मा होकर स्थित है ॥ सो अनंतात्मा है ॥ जब
तिस विषे चित्त शक्ति प्रगट होती है ॥ अर्थ इह ॥ जो शुध
चैतन्य मात्र विषे अहं का फुरणा होता है ॥ तब आगे ज
गत होभासता है ॥ कहूं उपजता भासता है ॥ कहूं उलास
भासता है ॥ कहूं किंचित भासता है ॥ कहूं निकिंचित भा
सता है ॥ कहूं प्रगट भासता है ॥ कहूं गुप्त भासता है ॥ क
हूं नाना प्रकार भासता है ॥ कहूं अनोना भासता है ॥ ज
हां जैसा तीव्र अभ्यास होता है ॥ तहां तैसा होकर भासता
है ॥ कहते जो आत्मा सर्वशक्ति सर्व रूप है ॥ जैसा फुर
णा तिस विषे द्रिड होता है ॥ सोई रूप हो भासता है ॥ इह
जो नाना प्रकार की संज्ञा कही हैं ॥ तिस तें इतर कछु न
हीं ॥ अरु बुधवानों नें समझावणे के निमित्त नाना प्रका
र के विकल्प जाल कहे हैं ॥ अरु आत्मा विषे विकल्प
जाल को ऊ नहीं ॥ जैसे जल तरंग विषे भेद को ऊ न
हीं ॥ तैसे आत्मा अरु संज्ञा विषे भेद को ऊ नहीं ॥ हे रा
मजी एक संवित है ॥ एक संवेदन है ॥ संवित जो है सो वा
स्तव है ॥ अरु संवेदन कल्पित है ॥ जब संवित चिन्मा
त्र विषे संवेदन फुरती है ॥ तब ऊह जैसे चेतती जाती
है ॥ तैसे आगे होकर स्थित होता है ॥ शुध चिन्मात्र सं
वित विषे अंतर बाह्य कलना को ऊ नहीं ॥ जब स्वभा
विकक्षेन रूप संवेदन होती है ॥ तब आगे दृश्य होभा
सती है ॥ नाना प्रकार के आकार हो भासती है ॥ सो अव
र कछु हूया नहीं ॥ सर्व ब्रह्म ही है ॥ हे रामजी सक्ति अरु
सक्ति वाले विषे भेद अज्ञानी देखते हैं ॥ परमार्थ तें
भेद कछु नहीं ॥ केवल ब्रह्मसत्ता अपने आप विषे इ
स्थित है ॥ तिस के आगे संकल्प जाल आभास होते हैं

जिससंकल्पकीतीव्रताहोतीहै॥ सतहोवेऽअथवाअ
सतहोवे॥ तिसहीकाभानुहोताहै॥ ॥इतिश्रीउ
त्पतप्रकरणेचित्तऽअवतारोनामसर्गः॥५६॥
श्रीवसिष्टोवाच॥ हेरामजीइहजोसर्वगतिदेव
परमात्माईश्वरहै॥ सोस्वछऽअनुभवरूपपरमानंद
ऽआदिऽअंततेंरहितहै॥ तिसशुधचिन्मात्रपरमानं
दतेंप्रथमजीवउपजतानया॥ तिसतेंचित्तउपजा॥
चित्ततेंजगतउपजा॥ श्रीरामोवाच॥ हेभगवनअ
नुभवप्रमाणकरकेजोशुधब्रह्मतत्वसर्वव्यापीदे
शतेंरहितहै॥ तिसविषेतुछरूपजीवकेंसेसतता स्थित
कोंपावतानया॥ श्रीवसिष्टोवाच॥ हेरामजीब्रह्म
सदाभासरूपहै॥ अर्थइह॥ जोअसतरूपजगत॥
जिसकाऽअभासहै॥ सोस्वछहै॥ निराकारनिर्विका
रनिर्मलहै॥ अर्थइह॥ जोआभासरूपजगततेंरहि
तहै॥ अरुमहतहै॥ सोमहततादोप्रकारकीहै॥ ए
कऽअविद्याकृतजगतकीवडाईहै॥ सोऽअविद्यक
वडाईहै॥ इहमिथ्याहै॥ अरुब्रह्मवडाईहै॥ सोसर्वा
त्मकरूपहै॥ सोसर्वदेससर्वकालसर्वसक्तिकरपू
र्णहै॥ सोज्ञानवानोंकाविषयहै॥ तांतेमहतहै॥ अ
रुपरमचैतन्यहै॥ अरुभैरवहै॥ अर्थइह॥ जोजिस
केभयकरचंद्रमासूर्यऽअग्निवायुजलऽअपणीम
र्यादामेंचलतेहैं॥ सोपरमानंदऽअविनासीहै॥ सर्व
ऽओरतेंपूरणहै॥ शुधहै॥ अचेतचिन्मात्रहै॥ ऐसा
जोशांतिपदहै॥ द्वैतभ्रमतेंरहितऐसीजोब्रह्मसत्ताहै
तिसकाजोस्पंदस्वभावहै॥ तिसकानामजीवहै॥ अ
र्थइह॥ जोशुधचिन्मात्रविषेऽअहंऐसेजोफुरणा
है॥ तिसकानामजीवहै॥ तिसऽअनुभवरूपीदर्पण
विषेऽअहंरूपीप्रतिबिंबकेफुरणेकानामजीवक
हीताहै॥ सोजीवऽअपणेसांतिपदकोंत्यागेकीन्यांई
स्थितहै॥ सोचिदात्माहीफुरणेद्वाराऽआपकोंजीव
नया

पजानतभयाहै॥ जैसेद्रवताकरकेसमुद्रहीतरंगरू
पहोभासताहै॥ समुद्रअरुतरंगविषेभेदकछुन
हीं॥ तैसेब्रह्मअरुजीवविषेभेदकछुनहीं॥ हेराम
जीचिद्रूपजोआत्मतत्वहै॥ सोअपणेस्वभावमायाम
यतेंजीवरूपकहीताहै॥ सोजीवआगेंफुरणेकरव
डेविस्तारकोंधारताभयाहै॥ जैसेईंधनकरअग्नि
वडेप्रकाशकोंप्राप्तहोतीहै॥ तैसेजीवफुरणेकर
जगतरूपहोभासताहै॥ जैसेआकाशविषेनीलमा
भासतीहै॥ तैसेजीवअहंभावकरजगतहोभासता
है॥ अहंकृतकोंअंगीकारकरकेकल्पितरूपकीन्याँ
ईस्थितहूयाहै॥ जैसेघनशून्यताकरकेआकाशमें
नीलमाभासतीहै॥ तैसेस्वरूपकेप्रमादकरकेदेस
कालकेपरिछेदसहितअहंकाररूपीजीवभासता
है॥ वास्तवतेंचिदाकाशहीचिदाकाशविषेस्थित
है॥ जैसेवायुकरसमुद्रतरंगरूपहोताहै॥ तैसेसंवे
दनकेफुरणेकरआत्मसत्ताजीवरूपहोतीहै॥ सोजी
वचेतउनमुखत्वकरकेएतीसंज्ञाकोपावताहै॥ चि
तकहीए॥ जीवकहीए॥ मनबुधिमायाप्रकृतअहं
कारकहीए॥ एसेनतिसीकेनामहैं॥ सोजीवसंकल्प
करपंचतन्मात्राकोंचेतताभया॥ तबतिनपंचतन्मा
त्राकेआकारतेंजअणरूपहोकरस्थितभये है॥
तातेंअणउपजाहीउपजेकीन्याँईभासणेलागा
है॥ बहुरउहचित्तसंवेदनतेंजअणकोंअंगीका
रकरकेजगतकोंरचतीभई है॥ जैसेबीजतेंअंगु
रवृत्तहोताहै॥ तैसेसंवेदनविस्तारकोंपावतीभई
है॥ प्रथमएकअंडरूपहोकरस्थितभई॥ बहुरआ
पहीतिसअंडकोंफोडतभई॥ तबतिसविषेजगत
भासणेलागा॥ जैसेगंधर्वनगरभासताहै॥ जैसेस्व
प्नपुरभासताहै॥ तैसेजगतभासणेलागा॥ तिसवि
षेभिन्नभिन्नदेहादिककल्पे॥ जैसेमतकाकीस

नाबालिककल्पताहे॥ तैसेस्थावरजंगमआदिक
नामकल्पनांकरीहे॥ इहपृथिवीहे॥ इहजलहे॥ अ
ग्निवायुआकाशहे॥ तिनपांचोंतत्वोंकीसृष्टिसंक
ल्पतेंउपजतभईहे॥ हेरामजीआदिजोब्रह्मतेंजी
वफुरताहे॥ तिसकानामब्रह्माहे॥ सोपरमात्माविषे
आत्मरूपहोकरस्थितहे॥ तिसनेंआगेंक्रमकर
केजगतकीयाहे॥ जैसेजैसेउहचेततानेया॥ तैसेतै
सेहोकरस्थिततनयाहे॥ जैसेसमुद्रविषे द्रवताक
रकेतरंगहोतेहें॥ तैसेब्रह्मविषेचितस्वभावकर
केजीवहोतेहें॥ सोजीवजबप्रमादकरकेअनात्म
स्वभावकोंधारणेलागा॥ तबकर्मोंकरबंधमान
होणेलागा॥ जैसेजलदृढजडताकोंअंगीकारकर
ताहे॥ तबबरफरूपहोताहे॥ तबजेवडेसाथबंधी
ताहे॥ तैसेजीवजबअनात्माविषेअभिमानकरता
हे॥ तबकर्मोंकेबंधनमोंबंधीताहे॥ हेरामजीकर्मों
काबीजसंकल्पहे॥ अरुसंकल्पजीवतेंफुरताहे॥
अरुजीवस्वभावइसकोंतबहोताहे॥ जबशुधचि
न्मात्रस्वरूपतेंइसकाउपजणाहोताहे॥ उपजणाइ
हे॥ जबप्रमादहोताहे॥ तबइसकोंजीवभावहोताहे
तबआगेंअनेककलनांफुरतीहे॥ तिससंकल्प
कलनांतेंकर्महोतेहें॥ कर्मोतेंजन्ममरणआदिक
नानाप्रकारकेविकारहोतेहें॥ जैसेबीजतेंअंकुर
होताहे॥ अंकुरतेंडालीपत्रहोतेहें॥ आगेंफलफ
लटासहोजातेहें॥ तैसेसंकल्पकर्मोतेंनानाप्रकार सू.क्र ११२
केविकारहोतेहें॥ जैसेजैसेकर्मजीवकरताहे॥ तिन
केअनुसारजन्ममरणअधःऊर्ध्वकोंप्राप्तहोताहे॥
हेरामजीकर्मनाममनकेफुरणेकाहे॥ अरुचित्त
नीफुरणेकानामहे॥ फुरणेहीकानामकर्महे॥ फुर
णेहीकानामदैवहे॥ तिसहीकरइसकोंशुभअशु
भगतिप्राप्तहोतीहे॥ परमनकाआदिकारणब्रह्म

है॥ तिसतें प्रथम मन उतपत्त भया है॥ तिस मन हीसें
पूर्ण जगतकी रचनां करी है॥ जैसे बीजतें अंकुर हो
ता है॥ बहुर फूल फल पत्र टास होते हैं॥ तैसे ब्रह्म
तें मन। मनतें जगत उपजा है॥ ॥इति श्री उतप
त प्रकरणे बीज अंकुर वर्णनं नाम सर्गः॥ ४८॥
॥श्री वसिष्ठोवाच॥ हे रामजी आदि कारण ब्रह्म है
ब्रह्मतें मन उपजा है॥ अरु मन आत्मा विषे मनन
भाव करके स्थित है॥ तिस मनने भाव अभाव रूपी
जगत कल्प्या है॥ जैसे गंधर्व नगर होता है॥ तैसे म
न कर जगत होता है॥ हे रामजी आत्मा विषे द्वैत ए
ककी कलनां कछु नहीं॥ इस मन करके एती संज्ञा
भई है॥ ब्रह्म। जीव। मन। माया। कर्त्ता। करण। कर्म।
जगत। द्रष्टा। दर्शन। दृश्य। सब मनने द मन करके कृ
